खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, रविवार 24 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 16 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 29 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



देश की प्रगति के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान पेज 2



भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते खेल टाइम्स



सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने पेज 11



पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी वाणी कपूर बॉलीवुड

# उत्तराखंड में नहीं थम रहा आपदा की विभीषिका का दंश

## थराली आबादी क्षेत्र में टुनरी गदेरे ने मचाया गदर, एक की मौत, सीएम धामी कर रहे निगरानी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**चमोली /देहरादून।** उत्तराखंड में आपदा का दंश रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार के मानसून में ही कुछ दिनों पहले धराली आपदा, फिर स्याना चट्टी की झील और अब थराली कस्बे में आपदा का दर्द सहना पड़ रहा है।

बीती रात तहसील थराली के अंतर्गत टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण तहसील परिसर, चेपड़ो बाजार, कोटदीप बाजार और कुछ घरों में 1 से 2 फीट मलबा घुस गया और कुछ वाहन भी मलबे में दबे है। रा.उ.नि. थराली द्वारा बताया गया कि ग्राम संगवाड़ा में एक मकान में मलबा आने के कारण एक लड़की मलबे में दब गई थी जिसके शव को डीडीआरएफ थराली के जवानों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण ग्राम चेपड़ो में एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं। शनिवार को मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के सात जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।

**तेजी से चल रहे राहत कार्य, प्रशासन के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी व एसएसबी की टीमें जुटीं**

### थराली आपदा : सीएम धामी ने दु:ख जताया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात बादल फटने के कारण मलबे में दबने से एक युवती के निधन पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना पर उनके सुरक्षित व सकुशल होने की कामना की है। इस बीच मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस, आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गई हैं।

# मखाना किसानों की दुर्दशा के लिए सरकार दोषी: राहुल

पटना, वार्ता

**लोकसभा में** नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर हमला बोला और कहा कि दलित और पिछड़े किसानों, खासकर बिहार के मखाना उत्पादकों की दुर्दशा के लिए सरकार जिम्मेदार है।

श्री गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी करने वाली सरकार अति पिछड़े, दलित मजदूरों और किसानों की न तो कद्र करती है और न ही उनकी परवाह करती है। वर्तमान सरकार बिहार की गरीब जनता को ना तो न्याय दे रही है और ना ही उनकी आय के साधन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार और आजीविका का अधिकार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और हमारा गठबंधन ध्यान रखेगा कि गरीब जनता इसे खो ना दे। श्री गांधी ने बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मखाना किसानों से उनके खेतों में मुलाकात की। और उनकी शिकायतें सुनीं।

**वोट चोरी करने वाली सरकार किसानों की कद्र नहीं करती**

### प्रियंका, अखिलेश, स्टालिन व सोरेन यात्रा में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी की वोट चोरी के खिलाफ बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ ही इंडिया गठबंधन के अखिलेश यादव, एम के स्टालिन तथा हेमंत सोरेन जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे।

### पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

**आजमगढ़।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आजमगढ़ जिले के जहानागंज क्षेत्र में शनिवार तड़के एक सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को मार गिराया। एसटीएफ वाराणसी इकाई को सूचना मिली थी कि लूट और हत्या के मामलों में वांछित एक लाख रुपये का इनामी अपराधी शंकर कनौजिया आजमगढ़ क्षेत्र में अपने गिरोह के साथ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के आधार पर निरीक्षक पुनीत परिहार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आलोक सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल चौरसिया, सुमित सिंह और राजेंद्र पांडेय की टीम ने जहानागंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान शंकर कनौजिया ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से शंकर कनौजिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पूर्व जज का बयान अपमानजनक: एससीडब्ल्यूएलए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ (एससीडब्ल्यूएलए) ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू की टिप्पणी को चौंकाने वाला और अपमानजनक बताया है। काटजू ने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि जिन महिला वकीलों ने मुझे आंख मारी, मैंने उनके पक्ष में फैसला दिया। एससीडब्ल्यूएलए ने शनिवार को कहा कि यह बयान हर महिला वकील की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर पहचान पर सीधा हमला है। ऐसे शब्द महिलाओं की मेहनत और योग्यता को कमतर दिखाते हैं। एससीडब्ल्यूएलए ने कहा एक पूर्व जज, जिन्हें कभी संविधान की रक्षा और न्यायिक मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनसे ऐसी सोच की उम्मीद नहीं थी। ऐसे बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और समाज में गलत धारणाओं को बढ़ावा देते हैं।

# भारत ने की अमेरिकी पोस्टल सर्विस सस्पेंड

## अब अमेरिका जाने वाले सभी सामानों पर लगेगी ड्यूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ट्रम्प के टैरिफ के जवाब में भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी तरह के डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने जा रहा है। फिलहाल ये फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। शनिवार को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी।

पोस्टल डिपार्टमेंट ने कहा कि 29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट (आईईईपीए) टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपये) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। ये फैसला अमेरिकी प्रशासन के 30 जुलाई को जारी किए गए कार्यकारी आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें 800 डॉलर (करीब 70 हजार रुपये) तक की कीमत वाले सामान पर दी जाने वाली ड्यूटी-फ्री छूट को खत्म कर दिया गया है। डाक सेवाओं का बंद होना उस समय हो रहा है जब भारत और अमेरिका के बीच बिजनेस टेंशन बढ़ रही है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। वहीं, रूस से तेल खरीदने की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ पेनल्टी के रूप में लगाया है। इससे भारत पर टोटल अमेरिकी टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है।



**महज 100 डॉलर तक के गिफ्ट पर छूट मिलेगी**

### भारत-अमेरिका की कट्टी नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर बातचीत जारी है और उनके बीच कोई 'कट्टी (झगड़ा)' नहीं हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम 2025 में शनिवार को बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों को ध्यान में रखकर फैसले ले रहा है। रूसी तेल खरीद पर उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हित को देखते हुए ही फैसले लेगा।

### जयशंकर ने ट्रम्प को दिखाया आईना कहा: पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने का दावा कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने आईना दिखाया। विदेश मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि हमने पाकिस्तान के मामले में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। पाकिस्तान के साथ मध्यस्थता को लेकर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष के मुद्दे पर हमने 1970 से लेकर अब तक 50 साल में कभी भी किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत में हमेशा से राष्ट्रीय सहमति रही है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों में मध्यस्थता स्वीकार नहीं करते हैं। जब व्यापार की बात आती है, किसानों के हितों की बात आती है, जब हमारी रणनीतिक स्वायत्तता की बात आती है, जब मध्यस्थता के विरोध की बात आती है, तो सरकार बहुत स्पष्ट है।



# रिलायंस कम्युनिकेशंस पर 2000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का केस दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कथित बैंक धोखाधड़ी के सिलसिले में शनिवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसके परिसरों की तलाशी ली। इस धोखाधड़ी से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि एजेंसी आरकॉम और उसके प्रमोटर निदेशक अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही है। सीबीआई ने यह कार्रवाई भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत के आधार पर की है, जिसने 13 जून को इन संस्थाओं को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद एजेंसी से संपर्क किया था। यह कार्रवाई आरबीआई के धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन पर मास्टर निर्देशों और बैंक के बोर्ड द्वारा अनुमोदित धोखाधड़ी के वर्गीकरण, रिपोर्टिंग और प्रबंधन नीति के अनुसार की गई थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले महीने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि 24 जून, 2025 को बैंक ने आरबीआई को धोखाधड़ी के वर्गीकरण की सूचना दी थी और अब वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया था कि आरकाम में एसबीआई के ऋण जोखिम में 26 अगस्त, 2016 से प्रभावी 2,227.64 करोड़ रुपये की निधि-आधारित मूल बकाया राशि (साथ ही अर्जित ब्याज और व्यय) और 786.52 करोड़ रुपये की गैर-निधि-आधारित बैंक गारंटी शामिल है। आरकॉम दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। समाधान योजना को लेनदारों की समिति की ओर से अनुमोदित किया गया था और 6 मार्च, 2020 को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई में दायर किया गया था।



**सीबीआई ने अनिल अंबानी से जुड़े परिसरों की तलाशी ली**

### भारतीय एयरस्पेस पाक के लिए 24 सितम्बर तक बंद

**नई दिल्ली।** भारत ने 24 सितम्बर तक पाकिस्तान के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने का फैसला किया है। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था।




# जापान-यूरोप भारतीय स्पेस मिशन को लेकर उत्साहित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इसरो ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने भाग लिया। अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं कि हम क्या करने की योजना बना रहे हैं।

दो साल पहले हमारे पास यह उत्साह नहीं था। एक साल के अंदर हम यह उत्साह कायम करने में कामयाब रहे हैं। हमारे पास आगे बढ़ने के लिए कई बड़ी महत्वाकांक्षाएं हैं। जैसे गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर उतरना। इसके लिए यहां बैठे सभी बच्चों को उत्साहित होना चाहिए। हमें आपकी जरूरत है। उन्होंने कहा कि बड़ी और साहसिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें पूरे देश के संसाधनों की आवश्यकता है। यह उत्साह जो मैं यहां देख रहा हूं, वह इस हाल तक सीमित नहीं है। भारत के लिए यह उत्साह पूरी दुनिया में मौजूद है। जापानी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियां हमारे मिशन को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। जहां तक अंतरिक्ष अन्वेषण का सवाल है, यह हमारे देश के लिए स्वर्णिम काल है। इससे पहले कार्यक्रम में इसरो अध्यक्ष वी नारायणन ने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए कुछ लोगों को धन्यवाद देना चाहिए।



**अंतरिक्ष दिवस पर भारत मंडपम में कार्यक्रम में बोले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला**

### भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत मंडपम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ गगनयान मिशन पर जाने वाले अन्य अंतरिक्षयात्री भी मौजूद रहे। साथ ही केंद्रीय विज्ञान और तकनीक मंत्री जितेंद्र सिंह और इसरो के चेयरमैन वी. नारायणन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने देशवासियों को दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के अंतरिक्ष दिवस की थीम आर्यभट्ट से गगनयान तक है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी। आज हम देख रहे हैं कि इतने कम समय में ही राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हमारे युवाओं के बीच उत्साह और आकर्षण का विषय बन गया है। यह देश के लिए गौरव की बात है।

**अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक नई उपलब्धि हासिल कर रहा भारत**

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव की गरिमा बनी रहे: विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से पहल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वे चाहते हैं कि इस चुनाव की गरिमा बनी रहे और ये अब तक के सभ्य चुनावों में से एक हो। कोई किसी पर पर्सनल अटैक न करे। विपक्ष उम्मीदवार ने कहा- राधाकृष्णन और मेरे बीच कोई निजी लड़ाई नहीं है। हम कभी एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि मुकाबला व्यक्तियों के बीच नहीं बल्कि दो अलग-अलग विचारधाराओं के बीच हो। यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन आरएसएस के सदस्य रहे हैं। मैं उनसे नहीं बल्कि उस विचारधारा से असहमत हूं, जिससे वे जुड़े हैं।

### देश की प्रगति को एक राष्ट्र, एक चुनाव जरूरी: चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की प्रगति के लिए जरूरी बताते हुए देशवासियों से इस अभियान के लिए लोगों में अलख जगाने की अपील की। राष्ट्रीय राजधानी के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते चौहान ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को लेकर देशभर में अलग-अलग कार्यक्रम हो रहे हैं, लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं और देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने इसका समर्थन करते हुए इसे देश की प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनाव देश के संसाधनों, समय और ऊर्जा की बर्बादी के साथ ही इससे विकास कार्य बाधित होते हैं।

### उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के अधिवेशन में बोले सीएम योगी

# सुशासन के लिए सुगम व त्वरित न्याय जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

योगी शनिवार को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका को सुशासन का रक्षक बताया और कहा कि इसके सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश



■ सीएम ने संघ की स्मारिका का अनवारण भी किया

सरकार की प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होने संघ की स्मारिका का अनावरण भी किया। योगी ने न्यायिक सेवा संघ के लिए 50 करोड़ रुपए का कॉर्पस फंड देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन को 'न्यायिक अधिकारियों का महाकुंभ' बताते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल एकता और परस्पर सहयोग का प्रतीक है, बल्कि व्यावसायिक दक्षता और बेस्ट प्रैक्टिस को बढ़ावा देने का भी मंच है। उन्होंने इस अवसर पर सभी उपस्थित न्यायमूर्तियों, अवकाश प्राप्त न्यायमूर्तियों और प्रदेश भर से आए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अधिवेशन ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब भारत अपने संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सीएम ने कहा कि यह अधिवेशन न्यायिक अधिकारियों की एकता और उनकी पेशेवर दक्षता को प्रदर्शित करता है। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश का सबसे बड़ा उच्च न्यायालय मौजूद है। प्रयागराज में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ और लखनऊ में इसकी बेंच प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### चंद्रयान-3 मिशन भारत के असीम सामर्थ्य का प्रतीक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चंद्रयान-3 अभियान को याद करते हुए देश के वैज्ञानिकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। दरअसल आज ही के दिन चंद्रयान 3 की सफलता पूर्वक लैंडिंग हुई थी। योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज ही के दिन वर्ष 2023 में हमारे महान वैज्ञानिकों ने भारत के गौरव 'चंद्रयान-3' की चंद्रमा पर सॉफ्ट लंडिंग कराकर वैश्विक अंतरिक्ष इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी थी। यह मिशन 'नए भारत' के असीम सामर्थ्य का प्रतीक है। उन्होंने लिखा- राष्ट्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि के सम्मान में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया था, जो हमें भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा पर गर्व का अनुभव कराता है। उन्होंने कहा है कि आज 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' पर उन महान भारतीय वैज्ञानिकों का अभिनंदन, जिनकी साधना, अनथक परिश्रम और अद्‌भुत प्रतिभा ने 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है।सभी को ढेरों बधाई और शुभकामनाएं।

# डिस्कॉम एसोसिएशन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ विद्युत समिति ने खट्टर को भेजा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत निजीकरण के खिलाफ आंदोलित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को भी प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया।

इस बीच विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र भेजकर मांग की है कि विद्युत वितरण निगमों की डिस्कॉम एसोसिएशन द्वारा समानान्तर सरकार चलाए जाने के विरुद्ध प्रभावी और सख्त कार्रवाई करें। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि डिस्कॉम एसोसिएशन न केवल देश के विद्युत वितरण निगमों से चन्दे के रुप में भारी धनराशि की वसूली कर रहा है अपितु नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप कर समानान्तर सरकार चला रहा है। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से मांग की है कि ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि वह या तो डिस्कॉम एसोसिएशन छोड़ दें अथवा प्रशासनिक पद छोड़ दें, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। संघर्ष समिति ने बताया कि भारत सरकार के पूर्व विद्युत सचिव सेवा निवृत्त आईएएस अधिकारी आलोक कुमार कथित ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल बने हुए हैं। आलोक कुमार ऑल इण्डिया डिस्कॉम एसोसिएशन के पैड पर पूर्व केंद्रीय विद्युत सचिव के नाते देश के विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों को पत्र भेजकर चन्दा भी मांग रहे हैं।

# भाजपा-ईसी व अधिकारी की तिकड़ी डाल रही है वोटों की डकैती: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग, भाजपा और अधिकारियों पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रहे हैं।

यादव ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा-चुनाव आयोग-अधिकारी की 'घपला तिकड़ी' मिलकर 'वोट-डकैती' कर रही है। दरअसल ये वो तीन तिगाड़ा है, जिनकी साठगांठ ने देश का वर्तमान-भविष्य बिगाड़ा है। गौरतलब है कि अखिलेश यादव लगातार भाजपा और चुनाव आयोग पर हर दिन वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने अपने एक बयान में कहा था कि भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग कर वोटों की डकैती की है। उपचुनाव में भी वोटों की डकैती हुई है। भाजपा गरीबों का वोट कटवा रही है। समाजवादी पार्टी ने 2022 में गलत तरीके से काटे गए वोटों को लेकर आवाज उठाई, तो चुनाव आयोग ने नोटिस भेज दिया था। समाजवादी पार्टी ने वोटर लिस्ट से डिलीट किए गए 18 हजार वोटरों की सूची शपथ पत्र के साथ चुनाव आयोग को भेजी थी, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।



### अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि वोट की चोरी कर लोगों का अधिकार छीन रही भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा अन्याय और उत्पीड़न है। यादव ने यहां ण्विभिन्न जिलों से आए पीडीए समाज के 65 से अधिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि भाजपा लूट का गैंग हैं। इसने संस्थानों और संसाधनों पर कब्जा कर लिया है। भाजपा के झूठ की सीमा नहीं है। यह सबसे झूठी पार्टी है। लोगों के साथ अन्याय और उत्पीड़न भाजपा का एजेन्डा है। इस सरकार में किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के अधिकार छीन रही है। चुनावी प्रक्रिया पर डकैती डाला है।

### उत्तर प्रदेश में कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गंगा, यमुना, घाघरा और शारदा समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार ने 43 जिलों को बाढ़ प्रभावित घोषित कर दिया है। यूपी राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के 43 जिलों में एक लाख 44 हजार 945 हेक्टेयर कृषि भूमि सहित दो हजार 505 गांव बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे नौ लाख 29 हजार 828 लोग प्रभावित हुए हैं। राहत आयुक्त गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ के कारण विभिन्न जिलों में 639 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 606 मकान मालिकों को मुआवजा दिया गया है। सरकार ने 1,376 बाढ़ आश्रय स्थल स्थापित किए हैं और 91,105 बाढ़ पीड़तिों को आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है।

# देश की प्रतिभा को वापस लाने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन करें वीसी: राजनाथ

**लखनऊ।** अमेरिका से टैरिफ को लेकर चल रही तनातनी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, डीन से कहा है कि वे अपने यहां संरचनात्मक परिवर्तन कर प्रोत्साहन दें, जिससे दुनिया भर में फैली भारतीय प्रतिभा देश के लिए काम करने के लिए वापस आ जाए।

उन्होंने कहा कि इससे हमारे रिसर्च डेवलपमेंट तथा इनोवेशन इकोसिस्टम को जो बूस्ट मिलेगा, वह कहीं न कहीं हमे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। राजनाथ ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा- हमारी भारतीय प्रतिभा जो विदेशों में काम कर रही है, उसे वहां असुविधा होने पर किसी दूसरे देश मे जाने के



बजाय अपने देश में आए। चुनौतियों से चिंतित होने के बजाय हमे अवसर की ओर देखना चाहिए। जिससे आने वाले वर्षों में हम सब मिलकर भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का कन्जयूमर नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी क्रिएटर और ग्लोबल लीडर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थ व्यवस्था की जिस रैपिड रेल के हम सहयात्री हैं, उसके अगले दरवाजे पर उन्नति, समृद्धि और खुशियां हैं। उन्होंने कहा कि यह समय भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़ने का है। हमें अपनी यूनिवर्सिटी, आईआईटी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब, कम्पनी और विचारक में एकेडमिक फ्रीडम के अवसर उपलब्ध कराने होने, जिससे यह प्रतिभा भारत मे आकर काम कर सके। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर आपकी रक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, तो कोई भी शत्रु, कोई भी विरोधी, आपकी समृद्धि पर आंख उठाकर नहीं देखेगा। उसे टारगेट करने की कोशिश नहीं करेगा। इसलिए मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ, आप लोगों के सामने कहना चाहूंगा कि रक्षा पर होने वाला खर्च विकास पर होने वाले खर्च का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जब देश की सुरक्षा व्यवस्था पर आंच आती है, तो निश्चित तौर पर देश का विकास पीछे जाता है।

## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81306.85 |
| निफ्टी | 24870.10 |
| सोना रु. 99358 | प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) |
| चांदी रु. 113906 | प्रति किलो |

# यूपी ट्रेड शो में आएंगे 500 विदेशी खरीदार

लखनऊ, वार्ता

■ ग्रेटर नोएडा में 25 से होगा इंटरनेशनल ट्रेड शो

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में करीब 80 देशों से 500 से अधिक बायर्स के आने की उम्मीद है।

अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि इनमें से अब तक 75 देशों के 340 से ज्यादा बायर्स ने आने की पुष्टि भी कर दी है। यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और आने वाले दिनों में इसमें और तेजी से वृद्धि की संभावना है। इस तरह यूपीआईटीएस प्रदेश के उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। उन्होंने बताया कि यूपीआईटीएस में ओडीओपी उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी लगाकर इन्हें वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ा जाएगा। इससे न केवल स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को फायदा होगा, बल्कि निर्यात और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह शो उत्तर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। इसका उद्देश्य प्रदेश को निर्यात के मामले में शीर्ष पायदान पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना है। सरकार चाहती है कि यूपी के हर जिले का हुनर वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान दे। सूत्रों ने बताया कि दुनिया के नौ प्रमुख रीजंस से इंटरनेशनल बायर्स का आगमन इस आयोजन को और खास बना रहा है। यूरोप और सीआईएस रीजंस से कुल 110 बायर्स के आने की संभावना है, जिनमें से 88 बायर्स (18 यूरोपीय और 6 सीआईएस देशों से) ने पहले ही सहमति दे दी है। वेस्ट एशिया से 100 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 12 देशों के 76 बायर्स अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर चुके हैं। इसी तरह साउथ ईस्ट एशिया से 80 बायर्स की उम्मीद है, जिनमें से पांच देशों के 10 बायर्स अब तक पुष्टि कर चुके हैं। साउथ एशिया रीजंस से 50 में से 30 बायर्स (3 देशों से) आने वाले हैं। वहीं, लैटिन अमेरिकी देशों से 50 बायर्स की संभावना है, जिनमें से 6 देशों के 27 बायर्स ने सहमति दी है। ओशनिया से 30 बायर्स का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें से दो देशों के तीन बायर्स ने अपनी पुष्टि कर दी है। नॉर्थ अमेरिका से 30 बायर्स की उम्मीद है और इनमें से तीन देशों के नौ बायर्स आने को तैयार हैं। अफ्रीका रीजंस से 50 बायर्स का लक्ष्य है, जिनमें 11 देशों के 38 बायर्स पहले ही सहमति दे चुके हैं। इसके अलावा नाफ्टा रीजंस के तीन देशों से 11 बायर्स और ईस्ट अफीका के 8 देशों से 50 बायर्स ने भी यूपीआईटीएस में भागीदारी के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 23 अगस्त को 99,358 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में 665 रुपए की गिरावट आई है। चांदी की कीमत पिछले शनिवार को 1,14,933 रुपए पर थी, जो अब 1,13,906 रुपए पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,027 रुपए कम हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,670 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,290 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,520 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,140 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,570 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,190 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,196 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए पर पहुंच गया है।

# चावल सस्ता, गेहूं महंगा, दालों व खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव, चीनी महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

**घरेलू** थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत में कमी देखी गई, जबकि गेहूं के भाव बढ़ गए। चीनी भी महंगी हुई। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 13 रुपए घटकर 3,831.01 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं छह रुपए महंगा होकर 2,841.88 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 12 रुपए और मूंगफली तेल 92 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। वनस्पति में 69 रुपए तेजी देखी गई। पाम ऑयल की कीमत 14 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। तुअर दाल 56 रुपए टूट गई जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब 35 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी की कीमतों में 12 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। दाल चना 7963.78 रुपए, मसूर काली 8108.34 रुपए, मूंग दाल 10127.90 रुपए, उड़द दाल 10448.87 रुपए, अरहर दाल 10721.06 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : गेहूं दड़ा 2841.88 रुपए और चावल 3831.01 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4314.10 रुपए और गुड़ 4964.77 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17819.49 रुपए, मूंगफली तेल 17696.78 रुपए रहा।

# दिल्ली से खाटू श्याम हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

■ अब मथुरा से वृंदावन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी

**नई दिल्ली।** हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने वाली स्यंदन एविएशन ने शनिवार को दिल्ली के रोहिणी हेलीपोर्ट से राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम और चुरू जिले में स्थित सालासर बालाजी के लिए दैनिक उड़ान शुरू की।

स्यंदन एविएशन के प्रबंध निदेशक अभिनव सहाय ने इस मौके पर बताया कि कंपनी देश के पूरे एविएशन इको सिस्टम में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। उसका फोकस हेलीकॉप्टर से तीर्थयात्रा पर है- ऐसे स्थलों की यात्रा जो सनातन धर्म से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसी साल मथुरा-वृंदावन के लिए भी सेवा शुरू की जाएगी। रोहिणी-खाटू श्याम जी-सालासर बालाजी-रोहिणी का किराया 95 हजार रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। लोग छह घंटे में दर्शन करके उसी दिन वापस भी आ सकते हैं। पूरी यात्रा की दूरी करीब 700 किलोमीटर है। इसमें हेलीकॉप्टर के किराए के साथ दोनों मंदिरों तक परिवहन सेवा, मंदिर में वीआईपी दर्शन, प्रसाद और खाटू श्याम में आराम की व्यवस्था शामिल है। हेलीकॉप्टर सुबह 9.30 बजे रोहिणी हेलीपोर्ट से उड़ान भरेगा और अपराह्न 2.30 बजे वापस आ जाएगा। पहली उड़ान में जाने-माने कवि एवं पूर्व राजनेता कुमार विश्वास पहले यात्री बने। सहाय ने बताया कि स्यंदन एविशन चारधाम यात्रा पहले ही शुरू कर चुकी है। आज खाटू श्याम और सालासर बालाजी के लिए सेवा शुरू की गई है। अगली सेवा मथुरा और वृंदावन के लिए होगी। उन्होंने बताया कि मथुरा और वृंदावन के लिए योजना काफी आगे तक पहुंच चुकी है और यह जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स को लेकर कुछ काम बाकी है और इसके लिए लोगों को अगले साल का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जयपुर-मेहंदीपुर बालाजी मार्ग पर सेवा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी पाइपलाइन में है। सभी हितधारकों से बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। यदि सब ठीक रहा तो हम इस मार्ग पर भी जल्द सेवा शुरू कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी देश में एकीकृत हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी। ऐसे प्रयास पहले भी किए गए हैं, लेकिन वे सफल नहीं रहे हैं, क्योंकि यह काफी चुनौतीपूर्ण परियोजना हैं, जिसमें काफी चीजों में समन्वय स्थापित करने की जरूरत होती है। साथ ही सरकारी संगठनों के साथ बहुत नजदीकी साझेदारी की भी आवश्यकता होती है। न सिर्फ सरकारी विभागों के साथ बल्कि सरकार का सहयोग करने वाले संगठनों के साथ भी।

शाह टाइम्स क्लासीफाइड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहोलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# डीएम ने आपदा क्षेत्र का किया स्थलीय निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** बीती रात तहसील थराली के अन्तर्गत टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण तहसील परिसर, चेपड़ो बाजार, कोटदीप बाजार और कुछ घरों में 1 से 2 फीट मलबा घुस गया और कुछ वाहन भी मलबे में दबे है। रा.उ.नि. थराली द्वारा बताया गया कि ग्राम संगवाड़ा में एक मकान में मलबा आने के कारण एक लड़की मलबे में दब गयी थी जिसके शव को डीडीआरएफ थराली के जवानों के द्वारा रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा अतिवृष्टि के कारण ग्राम चेपड़ो में एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन प्रशासन द्वारा की जा रही है।

**■ राजकीय पॉलिटेक्निक कुलसारी और शहीद भवानीदत्त इंटर कॉलेज चेपड़ो को बनाया गया रिलीफ सेंटर**

जिला प्रशासन राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं।शनिवार को मौके पर जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, डीडीआरएफ के 07 जवान, एनडीआरएफ के 27 जवान, एसडीआरएफ के 12 जवान, एसएसबी ग्वालदम के 12 जवान, बीआरओ, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से 04 चिकित्साधिकारी, 06 स्टॉफ नर्स, 01 फार्मासिस्ट, 01 ड्राइवर मय एम्बुलेंस जीवन रक्षक औषधि सहित एलर्ट मोड पर है, इसके अतिरिक्त दो 108 एम्बुलेंस एवं 02 विशेषज्ञ चिकित्साधिकारी की टीम एसडीएच कर्णप्रयाग में तैनात कर दी गयी है। अतिरिक्त 02 चिकित्साधिकारी पीएचसी देवाल से भी तैनाती की गयी है।उन्होंने बताया राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और शहीद भवानीदत्त इंटर कॉलेज चेपड़ो में रिलीफ सेंटर बनाया गया है।साथ ही लोगों को रिलीफ सेंटर तक लाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गयी है।

जिलाधिकारी ने बताया मौके पर जेसीबी मशीन, रस्सी, वुड कटर, स्ट्रैचर और अन्य आवश्यक वस्तुएं आपदा स्थल पर भेज दी गयीं हैं। भारी बारिश को देखते हुए आज थराली, देवाल व नारायणबगड़ विकासखंड के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

## महाराज ने थराली की घटना पर जताया दु:ख

**देहरादून।** चमोली जिले के थराली में बादल फटने से भारी तबाही हुई है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बादल फटने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दुख जताया है। उन्होंने कहा कि जनपद चमोली के थराली क्षेत्र में देर रात बादल फटने की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 20 से 25 भवनों को मलबे से नुकसान पहुंचा है, जिनमें दो मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए। इस हादसे में एक महिला का शव बरामद हुआ है, जबकि एक व्यक्ति अब भी लापता है। आपदा में पाँच लोग घायल हुए हैं। जिन्हें एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजने की कोशिश की जा रही है, लेकिन खराब मौसम राहत-बचाव कार्य में बड़ी बाधा बन रहा है। सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार थराली क्षेत्र में आपदा राहत कार्य तेज से चल रहे हैं। जिला प्रशासन के साथ ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और एसएसबी द्वारा संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घायलों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया हैं।

# पहले वीआईपी को बचाया, अब चमोली को बचाने में जुटी भाजपाः कांग्रेस

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का भाजपा सरकार पर जबरदस्त प्रहार



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जिस तरह अंकिता भंडारी बलात्कार व हत्याकांड में भाजपा नेताओं के इशारे पर पुलिस व सरकारी मशीनरी ने मृतक पीड़िता अंकिता ने जिस वीआईपी का जिक्र अपनी वॉट्सऐप चौट में किया था उसे बचाने का काम किया गया उसी तरह जितेंद्र नेगी की आत्म हत्या में जितेंद्र के वीडियो मैसेज में उसकी मौत के केवल और केवल एक जिम्मेदार भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री हिमांशु चमोली को बचाने के षडयंत्र रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही शुरू हो गए हैं। पुलिस ने एक ही घटना की दो दो एफआईआर अलग अलग धाराओं में दर्ज कर ली जिससे शुरुआत से ही यह केस कमजोर पड़ जाए।

यह आरोप उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा ने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में लगाए। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जो प्रदेश के गृह मंत्री भी हैं से दो दो पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने वाले पूरे थाने को निलंबित कर दूसरी एफआईआर जो बाद में लिखाई गई उसे रद्द करने की मांग की। माहरा ने कहा कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि जितेंद्र नेगी आत्महत्या की प्रथम सूचना रिपोर्ट शाम 4 बजे 21 अगस्त को थाना पौड़ी गढ़वाल में मृतक जितेंद्र के पिता नेगी ने दर्ज करवाई और उन्होंने अपने बेटे जितेंद्र नेगी के वीडियो बयान का जिसमें वो अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बता रहा है जिक्र रिपोर्ट में करते हुए हिमांशु चमोली को उसकी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार बताया और उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। माहरा ने कहा कि इस एफआईआर होने के कुछ समय बाद इसी घटना की एक और एफआईआर अवैध हथियार की दूसरी धाराओं में दर्ज कर ली गई जो साफ साफ यह दर्शाता है कि एक ही घटना की दो दो एआईआर करना यह इशारा कर रहा है कि इस मामले में मुख्य अभियुक्त भाजपा नेता हिमांशु चमोली को बचाने की को. शिशें शुरू हों गई हैं, क्योंकि उसके संबंध और पहुंच राज्य के शीर्ष भाजपा नेताओं से लेकर राष्ट्रीय नेताओं से सब को पता हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी खाल बचाने के लिए दिवंगत जितेंद्र नेगी के माता पिता से फोन पर बात कर रहे हैं और उस बातचीत का वीडियो वायरल किया जा रहा है जबकि उन्हीं की पुलिस मामले की दो एफआईआर दर्ज कर मामले को कमजोर कर रही हैं। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, विधायक लखपत बुटोला, ज्योति रौतेला, शीशपाल सिंह, सुजाता पॉल, प्रवक्ता डॉक्टर प्रतिमा सिंह, नवीन जोशी व आईटी विभाग अध्यक्ष विकास नेगी शामिल रहे।

## थराली आपदाः हेलीकॉप्टर से 6 गंभीर घायल एम्स ऋषिकेश रेफर

**देहरादून ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** थराली में आई आपदा के बाद प्रदेश सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण अलर्ट पर रखा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा पीड़ितों के साथ है और उनके उपचार एवं राहत कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में थराली सीएचसी में 04 चिकित्सा अधिकारी, 06 स्टाफ नर्स, 01 फार्मासिस्ट, 01 ड्राइवर एवं एम्बुलेंस सहित जीवनरक्षक दवाओं के साथ टीम सक्रिय रूप से तैनात है। इसके अतिरिक्त, एसडीएच कर्णप्रयाग से 02 विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं 02 अतिरिक्त 108 एम्बुलेंस को आपदा क्षेत्र में तैनात किया गया है। वहीं पीएचसी देवाल से एक अतिरिक्त चिकित्साधिकारी को भी मौके पर भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल मरीजों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए हेलीकॉप्टर की मदद से 06 घायलों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया है, जबकि अन्य दो दर्जन से अधिक घायलों का मौके पर उपचार किया गया। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी और सभी चिकित्सा इकाइयों को उच्चतम सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**■ राहत एवं बचाव कार्यों में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट ■ दो दर्जन का मौके पर उपचार**

## सीएम ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा एवं चमोली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता से आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तेजी से घटनास्थल पर पहुंचकर न केवल घायलों का उपचार किया, बल्कि मानसिक रूप से आहत पीड़ितों की काउंसलिंग भी की। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सक दल एवं संसाधन तुरंत भेजे जाएंगे। साथ ही, सीएमओ चमोली को निर्देश दिए गए हैं कि स्थिति सामान्य होने तक ग्राउंड जीरो पर रहकर राहत कार्यों की निगरानी करें।

## युवक के सुसाइड प्रकरण में दर्ज एफआईआर विधि सम्मत, कांग्रेस कर रही दुष्प्रचारः चौहान

**देहरादून ( मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स )।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस कानून व्यवस्था पर भ्रामक दुष्प्रचार कर रही है और पौड़ी मे युवक की आत्म हत्या हुई एफआईआर विधि सम्मत है। भाजपा मामला संज्ञान मे आते ही उन्हे पद से हटा दिया और प्रशासन ने समय पर कार्यवाही कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अंकिता हत्याकांड मे भी कांग्रेस जांच को लेकर तरह तरह के आरोप प्रत्यारोप लगाती रही, लेकिन आज आरोपी कहाँ हैं सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि मामले मे एक एफआईआर आर्म्स एक्ट से संबंधित है। यह कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है और कानूनी जानकार इसे बेहतर जानते है। उन्होंने कहा कि मामले के संज्ञान मे आने और मुकदमा दर्ज होने से पहले भाजपा ने हिमांशु को पद से हटा दिया था। पुलिस ने समय पर कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया और यह सरासर मिथ्या आरोप है कि किसी ने ऐसे अपराध मे बचाव की कोई कोशिश की है। जिन धाराओं मे मामला दर्ज है वह जांच एजेंसियों द्वारा कानूनी सम्मत दर्ज किया गया है और कांग्रेस जांच एजेंसियों पर आरोप लगाकर हमेशा मुँह की खाती रही है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार मे मामले दर्ज भी होते हैं और कार्यवाही भी होती है। जीरो टॉलरेंस मे एक भी ऐसा मामला सामने नही आया कि अपराधी को बचाने की कोशिश हुई हो। हर अपराधी को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है और कांग्रेस काल मे रिपोर्ट तक दर्ज न होने की परंपरा बीते दिनों की बात हो गयी है। महिलाओं की सुरक्षा सहित आम जन की सुनवाई के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किये गए हैं। हर व्यक्ति की सुनवाई हो रही है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस मे आरोप प्रत्यारोप लगाने की होड़ मच गयी है। सभी नेता इसके लिए रोजाना नये नये आरोप के साथ मैदान मे उतर रही है। निकाय चुनाव मे सफाये के बाद जब पंचायतों मे जनता ने वही रुख अपनाया तो वह बौखला गयी है। जनता कांग्रेस के चाल चरित्र और चेहरे से वाकिफ है और कांग्रेस के एकाएक बौखलाहट को जानती है।



**■ कहा-कानून व्यवस्था पर भ्रामक दुष्प्रचार कर रही कांग्रेस**



# चंबा में विधिक जनजागरूकता शिविर छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश अमित कुमार सिरोही के निर्देशानुसार 23 अगस्त को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चंबा में विधिक जनजागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया। शि. विर में विद्यालय की छात्राओं और स्टाफ को विभिन्न कानूनी विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल के सचिव आलोक राम त्रिपाठी ने पॉक्सो अधिनियम, पॉश एक्ट और राहवीर योजना सहित कई महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इन अधिनियमों और योजनाओं की जानकारी हर छात्रा और महिला के लिए आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें और समय पर न्याय प्राप्त कर सकें।

वहीं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टिहरी गढ़वाल के रिटेनर अधिवक्ता राजपाल सिंह मिन्या ने मोटर वाहन अधिनियम और विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आम नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करता है और जरूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए सतत प्रयासरत है।

शिविर में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य मंजू चौहान, संकाय सदस्य, चंबा थाना पुलिस से सब-इंस्पेक्टर तेजपाल सिंह और महिला पुलिस कर्मी पूजा भी मौजूद रहे। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, अधिकारमित्र और विद्यालय की समस्त छात्राएं कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

## रविवार को आयोजित होगा रक्तदान शिविर

**कोटद्वार ।** ब्रह्माकुमारीज संस्था रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारी सुख शांति भवन, मिश्रा कॉलोनी , नजीबाबाद रोड कोटद्वार में करने जा रही है । जिसके लिए संस्था ने अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है । ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि 25 अगस्त 2025, जिसे विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है, के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा भारत एवं नेपाल में एक विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करना एवं गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाना है। जिसका शुभारंभ 17 अगस्त को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा द्वारा किया जा चुका है ।

# रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी ने किया खतरे के निशान को पार

■ नदी किनारे स्थित आवासीय भवनों तक पंहुचा नदी का पानी



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी खतरे के निशान को पार करते हुए बह रही है। नदी किनारे स्थित आवासीय घरों तक नदी का पानी पहुंच चुका है और सुरक्षा को देखते हुए इन घरों को खाली करवा दिया है।

चमोली जिले में हो रही बारिश के बाद रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी विकराल रूप धारण करके बह रही है। नदी ने खतरे के निशान को पार कर दिया है। फिलहाल नदी किनारे जाने पर रोक है और आवासीय भवनों को खाली करवा दिया है। नदी में तमाम तरह का कूड़ा करकट भी बहकर आ रहा है। लगातार हो रही वर्षा के कारण जनपद अंतर्गत अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार सुबह 8 बजे अलकनंदा नदी का जलस्तर 626.90 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 627.00 मीटर से केवल 10 सेंटीमीटर नीचे था। जबकि चेतावनी स्तर 626.00 मीटर को पहले ही पार कर चुका है। इसी तरह, मंदा. किनी नदी का जलस्तर 625.10 मीटर मापा गया है, जो चेतावनी स्तर 625.00 मीटर को पार कर चुका है और अब खतरे के स्तर 626.00 मीटर के नजदीक पहुंच रहा है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला आपदा प्रबंधन टीम, एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार जलस्तर की निगरानी कर रही हैं। इसके साथ ही नदी तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर एनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जरूरी जानक. ारी दी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि लगातार केदारनाथ और बद्रीनाथ क्षेत्र में तेज बारिश जारी है, जिस कारण नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। नदी किनारे बसे नागरिकों से अपील की गई है कि वे नदी की ओर अनावश्यक न जाएं। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासनिक सहायता प्राप्त करें।

## 31 अगस्त को लंबगांव में होगा पंचायत प्रतिनिधिसम्मान समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विकासखंड के ओनालगांव में आयोजित जलकुर घाटी प्रतापनगर जन विकास समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष का त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह-2025 आगामी 31 अगस्त को राइका लंबगांव में आयोजित किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष गुलाब सिंह पंवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया कि समारोह में प्रताप. नगर ब्लॉक की पट्टी उपली रमोली, रौणद रमोली, भदूरा, ओण, रैका तथा डुण्डा ब्लॉक की गाजणा पट्टी के सभी नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की नई थीम पर चर्चा भी की जाएगी।

अध्यक्ष गुलाब सिंह पंवार ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अपने-अपने गांव और क्षेत्रों के विकास एवं समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका सम्मान आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि समिति विगत कई वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और क्षेत्रीय विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा रही है।

## कलियासौड़ में यात्रियों के लिए बनेगा कैफे और आउटलेट सेंटर

**श्रीनगर।** सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर मार्ग के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर कलियासौड़ में यात्रियों की सुविधा के लिए वे साइड एमीनिटी का निर्माण किया जाएगा। इस केंद्र में यात्रियों के अल्प विश्राम के साथ ही कैफे और आउटलेट सेंटर और जनसु. विधा की व्यवस्था होगी। खास बात यह है कि केंद्र का संचालन स्थानीय निवासियों का क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) करेगा, जिससे उनकी आजीविका संवर्धन होगी। केंद्र निर्माण के लिए ग्रामोत्थान परियोजना की ओर से 60 लाख रुपये और पर्यटन विभाग से 20 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं।

# विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** मुख्यालय में एक युवक की पानी की लाइन पर काम करते हुए अचानक 11 केवी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद जिला मुख्यालय में मातम पसर गया। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग और जल संस्थान से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

शनिवार को 45 वर्षीय दिनेश प्रसाद नौटियाल पुत्र राजेंद्र प्रसाद नौटियाल निवासी पुनाड़ रुद्रप्रयाग सुबह 10 बजे करीब एक घर के पास पानी की पाइप लाइन से जुड़ा काम कर रहा था। इस बीच मकान के ऊपर से आ रही 11केवी की लाइन की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया। स्थानीय लोग घायल अवस्था में उसे जिला चिकित्सालय लाए, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिवार एवं गांव के लोग जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान पुलिस द्वारा पंचनामा भरते हुए जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। स्थानीय लोगों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्युत विभाग की 11केवी की लाइन लोगों के घरों के करीब से गुजर रही है। कई बार कहने के बाद भी विभाग इन लाइनों को ऊपर नहीं कर रहा है। ऐसे में दुर्घटनाएं हो रही है। नगर सभासद नमन शर्मा ने कहा कि अस्पताल परिसर के साथ ही बाल्मिकी बस्ती में विद्युत विभाग की हाईटेंशन लाइन के तार मकानों के काफी करीब है। इससे लगातार खतरा बना है। उन्होंने मृतक परिवार को विद्युत विभाग और जल संस्थान से शीघ्र मुआवजा राशि देने की मांग की है।

## एक नजर .......

### तीन साल के मासूम को उठा ले गया गुलदार

**सतपुली।** उत्तराखण्ड में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन कोई न कोई ऐसी खबर सामने आ जाती है जब गुलदार इंसानी बस्तियों में घुसकर किसी न किसी को शिकार बना रहा हो। वहीं अब खबर कोटद्वार के लैंसडाउन वन प्रभाग से सामने आ रही है। जहां शुक्रवार देर रात एक तीन वर्ष के बच्चे को गुलदार ने अपना निवाला बना दिया।जानकारी अनुसार, ये घटना रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। जहां नेपाल मूल के मजदूर गुमखाल सतपुली सड़क चौड़ीकरण में जुटे थे। मजदूरों ने सड़क किनारे ही टैंट लगाए हैं। इस दौरान विवेक पुत्र रमेश उम्र तीन वर्ष, निवासी नेपाल को गुलदार उठा कर ले गया। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक गुलदार बच्चे को लेकर जंगल की ओर निकल चुका था। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी, वहीं शनिवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान 11 बजे बच्चे का शव प्राप्त हुआ है। इस दौरान वन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग करने के साथ ही उसे नरभक्षी घोषित करने की मांग उठाई है।

### रक्तदान और तंबाकू उन्मूलन के प्रति युवाओं की जागरूक भागीदारी

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं ब्रह्मकुमारी संस्थान रुद्रप्रयाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस के एक दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवियों को रक्त परीक्षण एवं रक्तदान की आवश्यकता और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पैथोलॉजी विभाग के डॉ. मनीष कुमार ने सभी प्रतिभागियों का रक्त समूह परीक्षण एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस नोडल अधिकारी श्रीकांत नौटियाल, डॉ. जगमोहन सिंह, डॉ. नवीन कुमार महाजन, आदर्श, सन्देश, एवं खुशराज सहित कई स्वयंसेवियों ने रक्तदान कर समाज को प्रेरणादायी संदेश दिया। तंबाकू उन्मूलन एवं किशोर स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम भी आयोजित महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय तंबाकू उन्मूलन कार्यक्रम एवं किशोर स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, ऋषिकेश में आयोजित उत्तराखंड उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 कार्यक्रम

### जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल रहीं मुख्य अतिथि

नई टिहरी। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में शनिवार को ऋषिकेश स्थित नटराज होटल में उत्तराखंड मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित 'उत्तराखंड उत्कृष्टता पुरस्कार-2025' वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए विद्यार्थियों और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि करियर निर्माण के लिए सबसे पहले यह तय करें कि आप क्या करना चाहते हैं और उस पर दृढ़ता से डटे रहें। अपनी अंतरात्मा की आवाज को सुनें, खुद को विकसित करें और कठिनाइयों का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ते रहें।समिति के अध्यक्ष बी.एन. शर्मा ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए बताया कि आईएसएसए फाउंडेशन पहले धार्मिक और गौसेवा के क्षेत्र में कार्यरत थी, लेकिन कोविड-19 के बाद से संस्था बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी सक्रिय हो गई है। उन्होंने कहा कि संस्था आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।आईएसएसए फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत नेगी ने कहा कि वे उत्तराखंड के मेधावी बच्चों से मिलकर उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के 'सक्षम प्रोग्राम' के अंतर्गत जरूरतमंद विद्यार्थियों की संपूर्ण फीस वहन की जाती है। इसके साथ ही यूसीओएसटी के सहयोग से जल्द ही मेंटर-मेंटी प्रोग्राम तथा कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग शुरू की जाएगी।

# कलियसौड़ में दुकानों को हटाने को लेकर लोगों का हंगामा



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** उत्तरकाशी के धराली और चमोली जनपद के थराली में बादल फटने के बाद से स्थानीय प्रशासन सतर्क मोड़ पर है। बीती रात्रि थराली में बादल फटने के बाद शनिवार को स्थानीय प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन जेसीबी लेकर कलियासौड़ स्थित अलकनंदा किनारे अतिक्रमण को हटाने पहुंचे।

इस दौरान दुकानों को तोड़ने पर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बिना सूचना दिया ही चार से पांच दुकानों को तोड़ा गया है। जिससे व्यापारियों में खासा रोष है। मौके पर पहुंचे पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सांक्रो डॉ. प्रताप भंडारी, पूर्व प्रधान सोहन पांडेय, राकेश लाल, प्रदीप पांडेय, भुवनेश जोशी ने कहा कि थराली में हुई आपदा के आड़ में प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर स्थानीय लोगों का रोजगार छिनने का काम कर रही है। बताया कि ऐसे समय में प्रशासन को सहयोग करना चाहिए, लेकिन प्रशासन उल्टा व्यापारियों को परेशान करने में जुटा हुआ है। बताया कि स्थानीय प्रशासन के ओर से अतिक्रमण को लेकर पूर्व में कोई भी सूचना नहीं दी गई है। कहा कि व्यापारी बीते 40 सालों से यहां पर दुकान चलाकर अपनी रोजी रोटी कमा रहें है, लेकिन प्रशासन जेसीबी लाकर उनकी रोजी रोटी पर लात मारने का काम कर रही है, जो कोतई ही बर्दाश्त नहीं होगा। बताया कि स्थानीय व्यापारियों द्वारा प्रशासन को लिखित में दिया है कि यदि आपदा में उनका कोई नुकसान होता है उसकी जिम्मेदारी वह स्वयं होंगे। वहीं स्थानीय व्यापारियों से लिखित पत्र मिलने पर प्रशासन वहां से लौटा।'' कलियासौड़ में अलकनंदा नदी किनारे अवैध रूप से लगाई गयी दुकानों को आपदा के दृष्टिगत को देखते हुए हटाया जा रहा था।

पूर्व में अतिक्रमण को हटाने के लिए स्थानीय व्यापारियों को सूचना दे दी गई थी। अतिक्रमण हटाने पहुंचे प्रशासन को स्थानीय लोगों द्वारा रोका गया। स्थानीय व्यापारियों ने आपदा के दौरान कोई भी घटना होती है उसकी स्वयं कि जिम्मेदार होने का लिखित पत्र दिया गया है।'' दीपक भंडारी, तहसीलदार, श्रीनगर गढ़वाल।

## प्रतापनगर ब्लॉक में उद्यमशाला कार्यशाला संपन्न, 70 उद्यमियों ने लिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खंडेलवाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना (आरबीआई) टिहरी गढ़वाल द्वारा प्रतापनगर ब्लॉक के लम्बगांव क्षेत्र में 21 अगस्त, गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को स्वरोजगार और व्यवसाय विकास से संबंधित प्रशिक्षण एवं संसाधनों से जोड़ना था।कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों, लखपति दीदी, बैंक सखी और स्वरोजगार से जुड़े आसपास के क्षेत्रों के उद्यमियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। कार्यशाला का आयोजन मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना (आरबीआई), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के संयुक्त सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर उद्यमशाला टीम स्पोक टिहरी गढ़वाल के इन्क्यूबेशन मैनेजर दिग्विजय सिंह, बीपीडीई नेहा भारद्वाज, ब्लॉक मिशन मैनेजर सचिन खंडूरी और आरसेटी के फैकल्टी संजीव नेगी ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने आजीविका के नए स्रोत विकसित करने और व्यवसाय को मजबूत करने के लिए आवश्यक कौशल पर जोर दिया।

## बधाण की नंदा की डोली पहुंची चेपड़ो

**थराली।** नंदानगर के नंदा सिद्धपीठ कुरूड़ से चली बधाण की नंदादेवी की लोकजात यात्रा बधाण पट्टी सातवें पड़ाव सूना गांव से थराली गांव,थराली बाजार,केदारबगड़ ,राड़ीबगड़होते हुए आठवें पड़ाव चेपडो पहुंच गई। शुक्रवार को थराली नगर क्षेत्र के अलावा चेपड़ो गांव में आई भारी आपदा के कारण इस बार नंदा भक्तों में थराली से लेकर चेपड़ो तक विशेष उत्साह नही दिखाई पड़ा। थराली के पास बहने वाली प्राणमती नदी का जलस्तर काफी अधिक होने के कारण आईटीबीपी ने नदी में अस्थाई पुल बना कर नंदा की उत्सव डोली के साथ ही यात्रियों, पुजारियों को सुरक्षित नदी से पार कराया।

# टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड को मिला प्रतिष्ठित एबीएमएस प्रमाण

■ रिश्वत-रोधी प्रबंधन प्रणाली में आईएस/आईएसओ 37001:2016 के तहत बड़ी उपलब्धि



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** अखंडता और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश और एनसीआर कार्यालय, कौशाम्बी के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) द्वारा आईएस/आईएसओ 37001:2016 रिश्वत-रोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) का प्रतिष्ठित प्रमाणन प्रदान किया गया है।

टीएचडीसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई ने इस उपलब्धि को संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह न केवल हितधारकों का विश्वास बढ़ाता है, बल्कि कंपनी की अंतरराष्ट्रीय साख को मजबूत करने के साथ पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि यह मान्यता टीएचडीसीआईएल को कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और पारदर्शिता में एक नया बेंचमार्क स्थापित करने में मदद करेगी।मुख्य सतर्कता अधिकारी सुश्री रश्मिता झा (आईआरएस) ने कहा कि यह प्रमाणन संगठन की नैतिकता, पारदर्शिता और सतत विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि टीएचडीसीआईएल की विश्वसनीयता और भरोसेमंदता को और अधिक मजबूत बनाती है।

यह प्रमाणपत्र 18 अगस्त 2025 को एनसीआर कार्यालय, कौशाम्बी में आयोजित विशेष समारोह में बीआईएस अधिकारियों द्वारा सुश्री रश्मिता झा को प्रदान किया गया। इसके बाद आज इसे ऋषिकेश स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर उप सीवीओ/महाप्रबंधक (सतर्कता) सतीश कुमार आर्य, कार्यपालक निदेशक नीरज वर्मा, मुख्य महाप्र. बंधक (ओएमएस) एस. एस. पंवार सहित सतर्कता एवं ओएमएस विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एबीएमएस प्रमाणन (आईएस/आईएसओ 37001:2016) एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक है जो संगठनों को रिश्वतखोरी रोकने, पहचानने और उस पर प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम बनाता है। यह प्रमाणन टीएचडीसीआईएल को विद्युत क्षेत्र में एक विशिष्ट एवं नैतिक संगठन के रूप में स्थापित करता है, जो पारदर्शी व्यावसायिक प्रथाओं को प्राथमिकता देने वाले ग्राहकों और भागीदारों को आकर्षित करता है।विदित हो कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की इक्विटी में एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश सरकार की हिस्सेदारी है।

# पंचायत प्रतिनिधियों को केदारनाथ विधायक ने किया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल द्वारा अपनी विधानसभा क्षेत्र में जीते पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। चन्द्रापुरी के स्यालसौड़ में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में केदारनाथ विधानसभा के सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम प्रधान सम्मिलित हुए। उन्हें माला पहनाकर एवं शॉल औढ़ाकर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित पंचायत प्रति. निधियों को जीत की बधाई देते हुए केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि यह कार्यक्रम एक दूसरे से परिचय प्राप्त करने के लिए आयोजित किया गया है। आयोजन का मकसद सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए एक दूसरे की मदद करना है। कहा कि जब जीत की माला गले में पड़ती हैं तो जिम्मेदारी को भी बढ़ाता है। कहा कि यह जिम्मेदारी गांव के विकास की है जिसे हमें नये आयाम तक पहुंचाना है। कहा कि चुनाव में जीत के बाद आप जनता के प्रतिनधि बन जाते हैं, इसलिये चुनावी प्रतिद्वन्दिता को दरकिनार रखकर सबको साथ लेकर गांव के विकास में जुटना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधि इस मूल मन्त्र को अपना कर जनता की सेवा करेंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, जिपंस जयवर्धन काण्डपाल, गम्भीर सिंह बिष्ट, किरन देवी, अमित मैखण्डी आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के अगस्त्यमुनि ग्रामीण मण्डल के अध्यक्ष बृजमो. हन नेगी एवं भाजपा जिला महामंत्री ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में ऊखीमठ ब्लॉक के ज्येष्ठ प्रमुख राकेश नेगी, अगस्त्यमुनि ज्येष्ठ प्रमुख शान्ति चमोला, भाजपा मलिा उपाध्यक्ष सुमन जमलोकी, किरन शुक्ला, सम्राट राणा, अनूप रमोला, हरिहर रावत, बलबीर लाल, भाजपा के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र के सभी मण्डलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में अगस्त्यमुनि ब्लॉक तथा ऊखीमठ ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## सिंथिया के प्रतिभागियों ने लहराया परचम

**हल्द्वानी।** युवाओं के नेतृत्व, खोज और व्यक्तित्व विकास के लिए आयोजित मॉडल यूनाइटेड नेशन कॉन्फ्रेंस में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रतिभागिता से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विभिन्न कमेटियों के माध्यम से विश्व के अलग-अलग देशों और संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रतिभागियों ने अपनी नेतृत्व क्षमता, विचारशीलता, तत्परता और दूरदर्शिता का उत्कृष्ट परिचय दिया। दो दिन चली इस कॉन्फ्रेंस के बाद विषय विशेषज्ञों ने विजेताओं के नाम घोषित किए। स्कूल के दर्शन जोशी को हाई रेकमेंडेशन से सम्मानित किया गया, वहीं काशवी जोशी, और दिव्यांश को बेस्ट डेलिगेट पुरस्कार से नवाजा गया।

# कौशल विकास और वैश्विक रोजगार पर टिहरी में समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर 23 अगस्त को विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने की।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला सेवायोजन अधिकारी को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक युवाओं तक रोजगारपरक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नियमित शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग, आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। सीडीओ ने यह भी कहा कि "इंडिया स्किल्स युवाओं को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक मंचों पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देता है।"बैठक के दौरान जिला सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव ने योजना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा 9 नवम्बर 2022 को की गई थी। इस योजना के अंतर्गत उत्तराखंड में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा विदेश रोजगार प्रकोष्ठ की स्थापना आईटीआई शंकरपुर, सहसपुर में की गई है। अब तक इस योजना से 37 प्रशिक्षणार्थियों को जापान में रोजगार प्राप्त हुआ है।उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ केवल उत्तराखंड के मूल निवासी उठा सकते हैं। प्रशिक्षण लागत का 20 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है, वहीं प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध ऋण सुविधा पर लगने वाले ब्याज का 75 प्रतिशत भुगतान भी राज्य सरकार करती है। प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जाती है।बैठक में जिला पर्यटन अधिकारी एस.एस. राणा, एसबीआई बैंक प्रतिनिधि मनीष मिश्रा, डीएचओ अरविंद शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी पवन काला सहित आईटीआई और होटल मैनेजमेंट संस्थानों से आए प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस विधायकों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के विरोध में फूंका पुतला

## भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सहित कई विधायक और बड़ी संख्या में पदाधिकारी रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भारतीय जनता पार्टी महानगर देहरादून ने कांग्रेस के विधायकों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के विरोध में लैंसडाउन चौक पर महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की अध्यक्षता में पुतला दहन किया गया।



अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने जनता की आवाज को विधान सभा में दबाने का प्रयास किया है। जनहित से जुड़े प्रश्नों को उठाने की बजाय वे लगातार सदन की कार्यवाही को बाधित किया है। यह न केवल लो. कतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि जनता के विश्वास के साथ भी विश्वासघात है। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि विधान सभा जनता की समस्याओं को सुलझाने का मंच है, न कि राजनीतिक नाटक करने का अड्डा।

भाजपा महानगर स्पष्ट करती है कि जनता से जुड़े मुद्दों पर किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भाजपा जनहित के हर प्रश्न को मजबूती से उठाती रहेगी और जनता की आवाज को हर मंच पर गूंजायमान करेगी। हम कांग्रेस के विधायकों से कहना चाहते हैं कि वे अपने असंवैधानिक आचरण से बाज आएं और भविष्य में सदन को सुचारु रूप से चलने दें, ताकि जनता की समस्याओं का समाधान समय पर हो सके। भाजपा जनता के साथ थी, है और हमेशा खड़ी रहेगी। कार्यक्रम में राजपुर विधानसभा के विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर ,राज्य मंत्री ज्योति गैरोला, श्याम अग्रवाल, पुनीत मित्तल, पूर्व मेयर सुनील उनियाल गामा, अशोक वर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र ढिल्लो,सुरेंद्र राणा, विजेंद्र थपलियाल, सुनील शर्मा, संदीप मुखर्जी , विपिन खंडूरी,उमा नरेश तिवारी, प्रदीप कुमार, अक्षत जैन,संकेत नौटियाल, रतन सिंह चौहान विनोद शर्मा, महानगर अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा यासमीन आलम खान, मण्डल अध्यक्ष राहुल लारा, सुमित पाण्डेय, प्रदीप रावत, सुषमा कुक. रेती, प्रकाश बडोनी, आशीष शर्मा, राहुल चौहान अर्चना बागड़ी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, राजकुमार पुरोहित, राज. कुमार तिवारी ,विमल उनियाल, देवेंद्र सिंह सेठी, महामंत्री अवधेश तिवारी, राहुल पंवार, रानी सैनी, महेश गुप्ता, पवन त्रिपाठी राजेश कंबोज, मोती राम, संजीव शर्मा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घरों में पानी टपकने की सूचना पर बुजुर्गो की सहायता को पहुंची कालसी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/कालसी।** जनपद के दूर दराज क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों के बरसात में मकानों की छतों से पानी टपके जाने की जानकारी के बाद एसएसपी के निर्देश पर जनपद पुलिस एलर्ट मोड़ पर आ गई। इसी के तहत शनिवार को कालसी पुलिस को जानकारी मिली की क्षेत्र में निवास करने वाले बुजुर्ग व्यक्तियों के मकानों से बरसात का पानी टपक रहा है जिससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। सूचना के बाद बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस ने बरसात का पानी मकानों से टपके जाने पर वहां पर त्रिपाल लगाकर बुजुर्गों की मदद की।

शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने लगातार हो रही बारिश को देख जनपद के सभी अधीनस्थ कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि यदि उनके क्षेत्रों में निवास करने वाले किसी भी व्यक्ति के मकान के अंदर छत से पानी टपके जाने की जानकारी मिलती है तो वह तत्काल मौके पर पहुंचकर राह एवं बचाव कार्य प्रारंभ करें। इतना ही नहीं बुर्जग दंपतियों पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गई थी। इसी दौरान कालसी पुलिस को जानकारी मिली की क्षेत्र में निवास करने वाले बुजुर्ग फन्तु पुत्र आसुजिया निवासी रोहाड़ा बस्ती व्यास नहरी के मकान की छत पर बरसात का पानी टपक रहा है और उक्त दंपत्ति दहशत में है।

# सरकारी भूमि पर बनी मजार को प्रशासन ने गिराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला प्रशासन देहरादून ने सरकारी भूमि पर हुए मजार के अवैध अतिक्रमण निर्माण को हटा दिया गया है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवादा परिसर में बनी अवैध निर्माण कर बनाई गई मजार को आज ध्वस्त कर दिया। सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन को शिकायत प्राप्त हुई थी कि स्कूल परिसर में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर मजार बनाई गई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई का वातावरण भी प्रभावित हो रहा है।



इस मामले में एसडीएम सदर हरि गिरि ने बातचीत करते हुए जानकारी दी की इस मजार को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा जिला प्रशासन से आपत्ति दर्ज कराई गई थी, जिला प्रशासन ने मजार के संरचकों को नोटिस जारी किया। नियत प्रक्रिया के अंतर्गत नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह एवं उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से उक्त अवैध ढांचे को ध्वस्त कर दिया। विद्यालय प्रशासन ने भी इस अवैध निर्माण की शिकायत जिला प्रशासन से की थी, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रशासनिक टीम नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम पहुंचकर ली जानकारी

## थराली में युद्धस्तर पर जारी राहत व बचाव अभियान, मुख्यमंत्री के निर्देश पर डटी टीमें, पल-पल की अपडेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली/ देहरादून।** थराली में भारी बारिश के कारण थराली बाजार और आसपास के क्षेत्रों में आए मलबे के बीच राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जिला प्रशासन, स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना, एसएसबी, आईटीबीपी की विभिन्न टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। मुख्यमंत्री स्वयं रेस्क्यू अभियान की निगरानी करते हुए मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन तथा जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी से लगातार पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा राहत एवं बचाव दलों को अपनी पूरी क्षमताओं के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं शनिवार सुबह मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर थराली में संचा. लित राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी से अपडेट लिया। उन्होंने आपदा के बाद जल्द से जल्द थराली में स्थिति को सामान्य करने, राहत और बचाव कार्यों को त्वरित गति से संपादित करने, स्थानीय लोगों तक मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



### इमरजेंसी कंट्रोल रूम से निगरानी

घटना की जानकारी मिलते ही राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की जा रही है। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन सुबह ही कंट्रोल रूम पहुंचे और जिलाधिकारी से घटना की पूरी जानकारी ली। वे लगातार मुख्यमंत्री को रेस्क्यू अभियान की पल-पल जानकारी दे रहे हैं। अपर सचिव-अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी एवं अन्य अधिकारी समन्वय बनाए हुए हैं।

### शासन युद्धस्तर पर जुटा

जिला प्रशासन देर रात से ही राहत व बचाव कार्य में जुटा है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्यों का निरीक्षण करते हुए अपने निकट पर्यवेक्षण में राहत एवं बचाव कार्य संचालित करा रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से बात करते हुए संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पुलिस बल की टीमें राहत बचाव का कार्य कर रही हैं तथा हरमनी के पास मार्ग सुचारु कर दिया गया है। भारी बारिश को देखते हुए थराली, देवाल व नारायणबगड़ विकासखंड के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

### 150 से अधिक लोग प्रभावित, तहसील में ठहराया

उक्त घटना में लगभग 150 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इन्हें तहसील परिसर में ठहराया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां उनके लिए भोजन, पानी, चिकित्सा के साथ ही अन्य मूलभूत जरूरतों की व्यवस्था की गई है। वहीं राहत शिविर हेतु जिलाधिकारी ने सतलुज जल विद्युत निगम का विश्राम गृह व कार्यालय परिसर कुलसारी और गढ़वाल मण्डल विकास निगम देवाल को तत्काल प्रभाव से अधिकृत करने के आदेश दिए हैं।

# नगर निगम देहरादून में स्टडी टूर पर पहुंचे मालद्वीप के वरिष्ठ अधिकारी

## डेलीगेशन ने नगर निगम के विभिन्न विभागों एवं पटलों का किया अवलोकन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विकेन्द्रीकरण एवं स्थानीय स्वायत शासन के आदर्श मॉडल तथा श्रेष्ठ प्रथाओं को समझने के उद्देश्य से मालद्वीप की स्थानीय निकायों के 38 वरिष्ठ अधिकारी शनिवार को नगर निगम देहरादून पहुँचे।



डेलीगेशन ने नगर निगम के विभिन्न विभागों एवं पटलों का अवलोकन किया तथा निगम द्वारा संचालित नवाचारों एवं सकारात्मक कार्यों को नजदीक से समझा। अधिकारियों ने कहा कि नगर निगम देहरादून द्वारा स्थानीय स्तर पर की जा रही पहलें अन्य निकायों के लिए अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर डेलीगेशन को एक पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली, निगम की उपलब्धियों, जनसहभागिता आधारित कार्यक्रमों तथा स्मार्ट गवर्नेंस की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने डेलीगेशन का स्वागत करते हुए कहा कि "यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मालद्वीप जैसे देश के वरिष्ठ अधिकारी देहरादून नगर निगम को अध्ययन के लिए चुनते हैं। हमारी कोशिश है कि यहाँ की सकारात्मक पहलें न केवल शहरवासियों के जीवन में बदलाव लाएँ, बल्कि अन्य राज्यों व देशों के लिए भी मॉडल बनें।" मालद्वीप डेलीगेशन ने निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए विशेष रूप से कचरा प्रबंधन, हरित पहल एवं जन-जागरूकता अभियानों की प्रशंसा की और कहा कि देहरादून में स्थानीय स्वायत शासन का सशक्त उदाहरण दिखाई देता है। नगर निगम देहरादून लगातार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्मार्ट बनाने के लिए नये-नये प्रयोग कर रहा है। इस अंत. रराष्ट्रीय दौरे से यह सिद्ध होता है कि निगम की कार्यप्रणाली वैश्विक स्तर पर भी मान्यता और सराहना प्राप्त कर रही है।

## थराली में 150 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मौके पर

**देहरादून।** सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि वर्तमान में मौके पर जिलाधिकारी संदीप तिवारी, एसपी सर्वेश पवार के नेतृत्व में एसडीएम थराली, एसडीएम कर्णप्रयाग, सेना, स्थानीय पुलिस, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसएसबी, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान, स्वास्थ्य विभाग आदि के लगभग 150 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्यों में युद्धस्तर पर जुटे हैं। वर्तमान तक प्राप्त सूचना के अनुसार 10 से 12 घरों में अत्यधिक मलबा आया है तथा 20 से 25 घरों में आंशिक जलभराव और मलबा आया है। दो घर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# दो मोबाइल लूट की वारदात घटित, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नगर क्षेत्र में मोबाईल लूट की वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाने वाले दो शातिर लुटेरों को पटेलनगर कोतवाली और नेहरू कॉलोनी पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से लूटे गए दोनों मोबाइल फोन बरामद करने के साथ-साथ लूट में प्रयोग की गई बाईक भी बरामद कर ली।

सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मोबाइल लुटेरों को गिरफतार कर उनके पास से लूटे गए मोबाईलों को बरामद करने के निर्देश सीओ नेहरू कॉलोनी और सीओ सदर को दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तथा एसएसपी की नाराजगी को ध्यान में रखते हुए दोनों स्थानों की पुलिस ने मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले बाईक सवार लुटेरों की खोज प्रारंभ कर दी थी। नेहरू कॉलोनी थाने पर अभियोग पंजीकृत करवाते हुए सोनाली पुत्री सम्भू निवासी नेहरू कॉलोनी ने बताया था कि निरंजन फार्म कें समीप रात्रि के समय उसका मोबाईल लूट लिया गया था। वहीं पटेलनगर कोतवाली में देव कुमार पुत्र मनोहर लाल निवासी सब्जी मंडी बंजारावाला ने बताया कि उसके साथ भी मोबाइल लूट की वारदात को लुटेरों द्वारा अंजाम दिया गया था। बाईक सवार लुटेरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला और आसपास निवास करने वाले लोगों से पूछताछ की। इस दौरान नेहरू कॉलोनी पुलिस ने राहुल साहनी उर्फ इंडिया पुत्र रंजीत साहनी निवासी शास्त्रीनगर खाला सीमाद्वारा बसंत विहार को हिरासत में लेकर उससे थाने लाकर पूछताछ की तो उसने लूटा गया मोबाइल फोन बरामद करवा दिया। लुटेरे के खिलाफ पूर्व में भी शहर कोतवाली और गढ़ी कैंट कोतवाली में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। वहीं पटेलनगर केतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान कबाड़ी पुल के समीप से कृणाल पुत्र राजकुमार चौहान निवासी महादेव एनक्लेव कैलाशपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से देव कुमार से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

# जिले में खुली नई सस्ता राशन की 17 दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देश पर सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण पर जिला आपूर्ति विभाग द्वारा जनपद में 17 नई सस्ता राशन गल्ला की दुकानों खोली गई हैं तथा 12 अतिरिक्त नई दुकानों की टैण्डर किया गया है जिसके लिए आवेदन प्राप्त किए गए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर खोली गई 17 नई राशन की दुकानों के विक्रेताओं को जिला पूर्ति कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विक्रेताओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) कार्यप्रणाली, उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने, डिजिटल वितरण प्रणाली, ई- पॉस मशीनों के प्रयोग तथा पारदर्शिता बनाए रखने संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विक्रेताओं को समय पर खाद्यान्न वितरण, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा दुकान संचालन से संबंधित नियमों की विस्तृत जानक. ारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य विक्रेता पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से कार्य करें जिससे आमजन को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपी बंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/विकासनगर।** नाबालिग युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



क्षेत्राधिकारी विकासरनगर भाष्कर लाल शाह ने बताया कि विकासनगर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत करवाते हुए एक व्यक्ति ने बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की का उसका रिश्तेदार अपहरण कर ले गया है। विक. ासनगर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 137/2 बीएनएस के तहत नामजद अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश प्रारंभ करते हुए अपहृत नाबालिग लड़की को बरामद करने के लिए पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में रवाना कर दिया था। सीओ ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम ने अपहरणकर्ता के परि. जनों और उसके परिचितों से जानकारी कर उसके संबंध में तलाश प्रारंभ कर दी थी। वहीं अपहरणकर्ता की खोज में लगाई गई पुलिस टीम को जानकारी मिली की नाबालिग युवती का अपहरण कर उसकों लग जाने वाला कान सिंह पुत्र सरदार सिंह निवासी शास्त्रीपुरम प्राक्सी टावर सिकन्दराबाद आगरा पश्चिम उत्तर प्रदेश में मौजूद है। सूचना के बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर अपरणकर्ता को धर दबोचा और उसके पास से अपहृत युवती को बरामद कर लिया।

कोतवाली विकासनगर लाकर पकड़े गए अपहरणकर्ता से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके द्वारा नाबालिग युवती से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में धारा 65/1 बीएनएस औ 3/4 पोस्कों एक्ट के तहत मुकदमे में बढ़ोतरी कर दी। क्षेत्राधिकारी विकासनगर भाष्कर लाल शाह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में सुद्धावाला जेल भेज दिया गया।

# राज्यपाल से की मुख्य सचिव ने शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने मुख्य सचिव से उत्तरकाशी के धराली, स्यानाचट्टी एवं चमोली के थराली में आई आपदा के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यों और समसामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

# अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अपर नगर मजिस्ट्रेट अपूर्वा सिंह की देखरेख में जिला प्रशासन की टीम द्वारा सार्वजनिक रास्ते पर किगए गए अतिक्रमण पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। विगत माह के अंतिम सप्ताह जनता दर्शन कार्यक्रम में सिरमौर किशननगर निवासी प्रदीप ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके पिताजी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर गेट के उपर पाईप लगा होने से एम्बुलेंस भीतर नही जा पाती है पिता की अत्यधिक तबीयत खराब होने पर अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी संविन बंसल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उप नगर आयुक्त, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर तथा अपर नगर मजिस्ट्रेट को संयुक्त रूप से कार्यवाही के निर्देश दिए थे।



जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जेब्रा फोर्स महिला एवं पुलिस बल के साथ नगर निगम एवं प्रशासन की टीम द्वारा सिरमौर मार्ग पर सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण कर बनाए गए गेट को ध्वस्त कर दिया है।

## एनएसयूआई ने किया सचिवालय का घेराव

देहरादून। उत्तराखण्ड में पिछले दो वर्षों से छात्रसंघ चुनाव न होने से नाराजगी और आक्रोश का आलम लगातार बढ़ रहा है। इसी को लेकर आज भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के बैनर तले सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने देहरादून स्थित उत्तराखण्ड सचिवालय का घेराव किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा, सौरभ यादव, विकास नेगी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएँ और विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर छात्रसंघ चुनावों को स्थगित कर लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है।

# उत्तराखंड में एक लाख युवा बनेंगे स्काउट्स एंड गाइड्सः डॉ. रावत

## प्रदेशभर के स्कूलों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड में एक लाख युवाओं को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़ा जाएगा, ताकि उनमें अनुशासन, साहस एवं उच्च नैतिकता मूल्यों का विकास हो सके। इसके लिये प्रदेशभर के विद्यालयों व उच्च शिक्षण संस्थानों में विशेष अभियान चला कर छात्र-छात्राओं का पंजीकरण किया जायेगा।



यह बात भारत स्काउट गाइड उत्तराखंड के प्रादेशिक अध्यक्ष एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 15वीं एशिया पैसिफिक रीजन कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि कही। डॉ रावत ने कहा कि वर्तमान में प्रदेशभर में लगभग 50 हजार स्काउट गाइड है, जिनका दायर बढ़ाकर एक लाख किया जायेगा। इसके लिये विशेष अभियान चलाकर विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा से लेकर संस्कृत विद्यालय एवं मदरसों में छात्र-छात्राओं का पंजीकरण शुरू किये जायेंगे। डॉ रावत ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़कर उनमें नैतिक मूल्यों का विकास किया जायेगा, साथ ही इन स्काउट गाइड को पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, रक्तदान, सड़क सुरक्षा, नए मतदाता, साक्षरता अभियान जैसी सामाजिक गति. विधियों से जोड़ा जायेगा। 15वीं एशिया पैसिफिक रीजन कांफ्रेंस में दुनियाभर के 23 सदस्य देशों के 199 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया इनमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल सहित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख संगठन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विगत तीन वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया गया। साथ ही बालिकाओं के समग्र विकास की दिशा में भविष्य की योजनाओं पर विशेष चर्चा की गई। डॉ. रावत ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर सभी प्रतिनिधियों का आभार जताया और स्काउट्स एंड गाइड्स की 16वीं एशिया पैसिफिक रीजन कॉन्फ्रेंस उत्तराखंड में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सहमति दी। सम्मेलन में भारत स्काउट्स एवं गाइड के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त व रिटायर्ड आईएएस अधिकारी केके खंडेलवाल, मुख्य उपाध्यक्ष गीता नटराज, डॉ पंकज मित्तल, वैग्स विश्व बोर्ड की अध्यक्ष कैंडेला गोंजालेज, नादिन एल अची सीईओ वैग्स, वैग्स एशिया पैसिफिक क्षेत्र की अध्यक्ष चेम्पाका एमालिन पाहामिन, दातो' डॉ. जूसेन बियुन, मालदीव की राजदूत आयशाथ अजीमा, नेपाली दूतावास के काउं. सलर रबिन्द्र जंग थापा और फिलीपींस के राजदूत जोसल एफ. इग्नासियो सहित विभिन्न देशों व संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

भारत डेवलपमेंट एंड स्कीम, एग्री हार्टी, हिमालय एमएसएमई एक्सपो का दूसरा दिन

# एक्सपो से बड़ा मार्केट मिलता है : सुबोध उनियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेम नगर आश्रम के गोवर्धन हाल में आयोजित तीन दिवसीय भारत डेवलपमेंट एंड स्कीम, एग्री हार्टी, हिमालय एमएसएमई एक्सपो के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि इस तरह की एक्सपो से एक बड़ा मार्केट मिलता है। किसानों को भी प्रेरणा मिलती है कि वे उस उत्पाद को उपयोग में लाएं जिसकी मार्केट वैल्यू ज्यादा हो। जब तक ऑर्गेनिक प्रोडक्ट सर्टिफाइड नहीं है। तब तक उसकी मार्केट में कोई वैल्यू नहीं है। इसलिए ऑर्गेनिक प्रोडक्ट को सर्टिफाइड कराने के बाद ही मार्केट में लाएं। बहादराबाद में चल रहे किसान आंदोलन के संबंध में सुबोध उनियाल ने कहा कि किसानों का आंदोलन, किसानों के हित के लिए नहीं, बल्कि किसान संगठनों में जो राजनीतिक लोग है, उनके हित के लिए ज्यादा है। स्मार्ट मीटर के संबंध में कहा कि सरकार ने स्मार्ट मीटर अपने सरकारी कार्यालयों में लगाए हैं।

इस मौके पर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी हमें सनातन और प्रकृति के नजदीक ले जाती है। साथ ही किसानों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है। आदेश चौहान ने किसानों के आंदोलन के सवाल पर कहा कि हरिद्वार में चल रहे किसान आंदोलन का विषय प्रदेश सरकार ओर जिला प्रशासन के संज्ञान में है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इसका संज्ञान लिया है। एक दो दिन में मुख्यमंत्री द्वारा किसानों से वार्ता कर मामले का हल निकाल लिया जाएगा। एक्सपो के आयोजक भारत बालियान ने बताया कि एक्सपो के प्रति लोगों में भारी उत्साह है। बड़ी संख्या में किसान, छात्र और आम लोग प्रदर्शनी में पहुंचकर विभिन्न कंपनियों के स्टाल पर उत्पादों के संबंध में जानकारी ले रहे हैं। इससे हमारा भी उत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ने और खासतौर से आर्गनिक और आयुर्वेदिक उत्पादों को इस्तेमाल करने के प्रति जागरूक करना है। आमजन से मिले रहे भारी रेस्पॉस को देखते हुए आगे भी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सरकार पर गैरसैंण में आयोजित विधानसभा के मानसून सत्र को समय से पहले ही स्थगित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मेयर अनिता शर्मा के नेतृत्व में शंकर आश्रम तिराहे से चंद्राचार्य चौक तक पैदल मार्च निकालकर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेयर अनिता शर्मा और ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सवालों से बचने के लिए विधानसभा सत्र दो दिन में ही समाप्त कर दिया। सरकार जनता के सवालों से बच रही है। वोट चोरी कर बनी सरकार को सत्ता में बैठने का अधिकार नहीं है। डा.संजय पालीवाल, पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि जनता के मताधिकार को छीना जा रहा है। सरकार के खिलाफ उठने वाली आवाजों को दबाया जा रहा है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि विपक्ष के विधायकों को धमकाया जा रहा है। उनके साथ अभद्रता की जा रही है। चुनाव आयोग जनता को वोट के अधिकार से वंचित कर रहा है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, राजबीर सिंह चौहान ने कहा कि बीजेपी सरकार जनविरोधी कार्य कर रही हैं। जनता त्रस्त है और मंत्री अधिकारी मस्त हैं। पार्षद सुनील कुमार, हिमांशु गुप्ता, सोहित सेठी ने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी सरकार की कठपुतली बना हुआ है। चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान है। प्रदर्शन में ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, अनुसूचित विभाग के जिलाध्यक्ष तीर्थपाल रवि, पार्षद सुनील कुमार, हिमांशु गुप्ता, सोहित सेठी, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, सोहेल कुरैशी, ओपी चौहान, सीपी सिंह, दीपक टंडन, राव फरमान, अंजू द्विवेदी, मंजू गोस्वामी, अनिल भास्कर, तरुण व्यास, नितिन तेश्वर, आशुतोष श्रीवास्तव, कैलाश प्रधान, हरद्वारी लाल, संजीव सहगल, दीपक कोरी, मनोज सैनी, विकास चौहान, रवि बाबू शर्मा, मुकेश, दिग्विजय सिंह जेपी, विकास चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, इदरीश मंसूरी, रवीश भटीजा, उदयवीर सिंह चौहान, दिनेश वालिया, ओपी चौहान, तरुण व्यास, सीपी सिंह, सुखलाल, बीएस तेजियान, वसीम सलमानी, नकुल माहेश्वरी, दीपक टंडन, राव फरमान, अंजू द्विवेदी, राजेश शर्मा, सतीश दाबडे, मंजू गोस्वामी, रोहित प्रताप, उदित विद्याकुल, सुंदर मनवाल, गौरव शर्मा, अनिल भास्कर, हरद्वारी लाल, अशोक धींगान, तेलूराम प्रधान, शेखर धीमान, तस्लीम कुरैशी, आकाश बिरला, आशुतोष श्रीवास्तव, हिमांशु बहुगुणा, कैलाश प्रधान, हरद्वारी लाल, संजीव सहगल, राजन कौशिक, मनोज सैनी, अश्विनी शर्मा, कृतिक बिरला, देवेश गौतम, गौरव चौहान, जगत सिंह रावत, दीपक कोरी, अशोक तेश्वर, मनोज सैनी, सागर बेनीवाल, छम्मन पीर, इरशाद, शहजाद कुरैशी, विकास सिंह, विकास चौहान, रामबाबू बंसल, मनु विद्याकुल, जगदीप असवाल, सागर निषाद, मनोज जाटव, अमित गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।




# पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव मामले में किए 11 वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर शराब के नशे में सड़कों पर वाहन दौड़ाने के मामले में कार्रवाई करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने दो कार, दो ई रिक्शा व सात बाइक समेत 11 वाहन सीज कर दिए। वाहन सीज करने के साथ पुलिस चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही में जुट गयी है।

एसएसपी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नशे मे वाहन चलाना, ओवरस्पीड, नो एण्ट्री प्रतिषेध, गलत दिशा से वाहन चलाना, रैश ड्राईविंग, स्टैड ड्राईविंग, प्रेशर हॉर्न के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश निर्गत दिए गए हैं। निर्देशों का अनुपालन करते हुए नगर कोतवाली पुलिस ने बीती रात चंडी चौक, ब्रह्मपुरी तिराहा, रोड़वेज बस अड्डे के आसपास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान 11 वाहन चालक नशे की हालत में ड्राईविंग करते पाए गए। नशे की हालत में ड्राइविंग करने पर पुलिस ने सभी के वाहन सीज कर दिए और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी। इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन पर 45 वाहन चालकों का मौके पर ही चालान कर 24,500 रूपए जुर्माना वसूल किया। नगर कोतवाली प्रभारी रीतेश शाह ने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# चेन स्नैचर को हरियाणा से किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गोविन्दपुरी में महिला की चेन स्नेचिंग करने वाले आरोपी को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस घटना में शामिल रहे उसके साथी की पुलिस तलाश कर रही है। 15 अगस्त को मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ती गोंविंदपुरी में एक महिला की चेन झपटकर फरार हो गए थे। मुकद्मा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू पुत्र बृजपाल निवासी नयाबांस थाना झिझांना जनपद शामली उत्तर प्रदेश को रेलवे स्टेशन पानीपत हरियाणा से दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस टीम एसआई नवीन नेगी, कां. सुनील शर्मा, नवीन क्षेत्री, हरवीर शामिल रहे।

# बहादराबाद टोल प्लाजा पर तीसरे दिन भी धरने पर डटे हैं किसान

### समाधान न होने पर महा पंचायत में तय होगा अगला कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** बहादराबाद टोल प्लाजा पर किसानों का धरना प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अगर प्रशासन कोई समाधान नहीं निकालता, तो बहादराबाद टोल प्लाजा पर किसानों की महापंचायत 28 तारीख कों होंगी। भारतीय किसान यूनियन टिकेत के जिलाध्यक्ष विजय शास्त्री ने कहा कि जिन मांगों को लेकर किसान धरने पर बैठे हैं। जब तक वह पूरी नहीं की जाति और उनका समाधान नहीं किया जाता तब तक यह धरना समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत द्वारा 28 तारीख का उल्टीमैटम दिया गया है। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 28 तारीख में किसान बता देंगे कि उनकी ताकत क्या है। फिर चाहे प्रशासन लाठियां बरसाये या गोली चलाएं किसान पीछे नहीं हटेगा। धरने के तीसरे दिन भी किसानों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उन्होंने साफ कहा कि आंदोलन की रूपरेखा अब महापंचायत तय करेगी। राकेश टिकैत के ऐलान के बाद प्रशासन की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अब देखने वाली बात होगी कि किसानों की इस चेतावनी के बाद प्रशासन आगे क्या कदम उठाता है। वहीं, भारी बारिश के बाद भी किसान धरने से हटने को तैयार नहीं हैं, बीती रात हुई भारी बारिश में किसान यहां लगाए गए तम्बूओ में रहे। वहीं, जन अधिकार पार्टी जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली एवं राष्ट्रीय महासचिव हेमा भण्डारी ने अपने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बाहदराबाद में किसानों के साथ मारपीट के विरोध में धरना दें रहे किसानो के बीच पहुंचकर अपना समर्थन दिया है। समर्थन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी जी, प्रदेश सचिव एडवोकेट प्रियंका रानी, अंकित कुमार, जिलाध्यक्ष रुड़की नदीम, हरिद्वार प्रभारी संजू नारंग, पवन कुमार धीमान, कलियर विधानसभा अध्यक्ष शमशेद, सुशील, एवं पार्टी के अनेको सदस्य मौजूद रहे।



# लर्निंग की संस्कृति को बढ़ावा देने के कदम उठाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनने की ओर अग्रसर है, इस बीच मोगलिक्स ने ऐसा मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो न सिर्फ विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बल्कि आधुनिक, समावेशी एवं जन-केंद्रित भी हो। इस स्वतंत्रता दिवस, कंपनी खतेमा फाइबर्स लिमिटेड (केएफएल) में किए गए अपने प्रयासों पर रोशनी डाल रही है और दर्शाना चाहती है कि यह दृष्टिकोण जमीनी स्तर पर कैसा दिखता है। अक्टूबर 2024 में केएफएल के अधिग्रहण के बाद से मोगलिक्स ने कार्यस्थल के मानकों में सुधार लाने तथा सुरक्षा, कल्याण एवं लर्निंग की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत के कार्यबल की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ओद्यौगिक कार्यस्थल को नया आयाम देने के प्रयास में यह बदलाव किया गया है।

# संवाद में नहीं है सरकार का विश्वास : रवि बहादुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक रवि बहादुर ने मानसून सत्र की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधायक रवि बहादुर ने कहा कि हरिद्वार जिले की जनता को पता चलना चाहिए कि सदन में क्या हुआ। दिशाहीन हो चुकी भाजपा सरकार का संवाद में विश्वास नहीं है। सत्र चलाने का केवल दिखावा किया गया। सरकार तानाशाही पर उतारू है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के साथ दुर्व्यवहार किया गया। विधायकों पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं नियमावली की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र में विपक्ष कानून व्यवस्था पर चर्चा करना चाहता था। लेकिन सरकार ने संख्या बल के आधार पर विपक्ष को बोलने नहीं दिया। सरकार को जनता के हित से कोई लेना देना नहीं है। नैनीताल में पंचायत चुनाव में गुंडागर्दी की गई। नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धक्का मुक्की हुई। चार दिन का एजेंडा देकर सरकार ने डेढ़ दिन में ही सदन को निपटा दिया। भ्रष्टाचार, खनन और विकास पर सरकार चर्चा नहीं करना चाहती। सरकार सवालों से भाग रही है। पूर्व सभासद अशोक शर्मा एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि सत्र के माध्यम से प्रदेश के विकास की बात होनी चाहिए थी। लेकिन सत्र को जल्दी समाप्त कर विपक्ष के मुद्दों से सरकार पीछा छुड़ाना चाहती है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। किसानों पर अत्याचार किए जा रहे हैं। इस दौरान विभाष मिश्रा, पार्षद अरशद ख्वाजा, विशाल प्रधान, सागर बेनीवाल, सचिन, निखिल सोदाई, सचिन चौधरी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महंत ने सेवादारों पर लगाया आश्रम पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मां गंगा आश्रम भट्टा कालोनी भूपतवाला के महंत ने सेवादारों पर आश्रम पर कब्जा करने की आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए महंत ठाकुर बसंत दास ने बताया कि आश्रम की पूर्व महंत अन्नूपर्णा के निधन के पश्चात संत समाज ने उन्हें आश्रम का महंत नियुक्त किया था। इसके बाद से वे आश्रम की समस्त जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। महंत ठाकुर बसंत दास ने आरोप लगाया कि महंत अन्नपूर्णा की मृत्यु के पश्चात सेवा के लिए रखे गए लोग आश्रम में बने चार कमरों में कब्जा कर रह रहे हैं। उन्हें डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। पुलिस को कई बार शिकायत की गयी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आश्रम को कब्जाने की कोशिश कर रहे लोगों का आश्रम से कोई लेना-देना नहीं है। महंत ठाकुर बसंत दास ने यह भी आरोप लगाया कि कब्जे का प्रयास कर रहे लोगों को क्षेत्र के कुछ नेता और असामाजिक तत्व संरक्षण दे रहे हैं। महंत बसंत दास ने पुलिस प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आश्रम में अनाधिकृत रूप से रह लोगों को बाहर करने की मांग की है। प्रेसवार्ता के दौरान संजय आहूजा, अमित, निरंजन, दयानंद शर्मा ने भी महंत बसंत दास के समर्थन में कार्रवाई की मांग की है।



# मारवाड़ी समाज ने धूमधाम से मनाया 14वां भादो महोत्सव

### श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में संपन्न हुई, रानी सती दादी की विधिवत पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रांतीय मारवाड़ी समाज की ओर से 14वां भादो महोत्सव श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हरिद्वार में रहने वाले 70 से ज्यादा मारवाड़ी समाज के परिवार शामिल हुए। उत्तराखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन संबद्ध अखिल भारत वर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सीए रंजीत टिबड़ीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मारवाड़ी समाज की कुलदेवी रानी सती दादी को समर्पित यह पर्व हर वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रानी सती मंदिर (रानी सती दादी मंदिर) भारत के राजस्थान राज्य के झुंझुनू जिले के झुंझुनू में स्थित एक मंदिर है। यह भारत का सबसे बड़ा मंदिर है, जो एक राजस्थानी महिला रानी सती को समर्पित है, जो 13 वीं और 17 वीं शताब्दी के बीच में रहती थी और अपने पति की मृत्यु पर सती (आत्मदाह) करती थी। राजस्थान और अन्य जगहों पर विभिन्न मंदिर उनकी पूजा और उनके कार्य को मनाने के लिए समर्पित हैं। रानी सती को नारायणी देवी भी कहा जाता है और उन्हें दादीजी (दादी) कहा जाता है। कार्यक्रम में अखंड ज्योति पूजन, फूलों का श्रंगार, भजनों की अमृत वर्षा के साथ छप्पन भोग लगाया गया। रायपुर से पधारी निशा बंसल और संगीता केडिया ने भजनों की अमृत वर्षा कर सबको मोहित कर दिया। श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महंत म.मं. डॉ स्वामी संतोषानंद देव ने विधिवत पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर रंजीत टिबड़ीवाल - अध्यक्ष, आशीष गुप्ता- महासचिव, अजय शर्मा- कोषाध्यक्ष, रंजीत जालान, संजय जदीदिया, सतीश खेतान, सुनीत टिबरेवाल, अमित जालान, विनीत जालान, राजेश अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नरोत्तम केडिया, विजय गोयल, मनोज गोयल, दीपक मोरे, स्वामी ओमप्रकाश, स्वामी पुरूषोत्तमाचार्य, संतोष कुमार, सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने शनिवार को घोसीपुरा को जाने वाले रास्ते पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विक्रम उर्फ भिक्कु 42 वर्ष पुत्र पाल सिंह निवासी घिससुपुरा, थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक आरोपी को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



स्वामी कुर्षी पुरी बने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

# अखाड़े की उन्नति में योगदान करेंगे महामंडलेश्वर स्वामी कुर्षी पुरी : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों ने तिलक चादर प्रदान कर स्वामी कुर्षी पुरी का निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी की अध्यक्षता में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में मुख्य अतिथी गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, विधायक राजेंद्र सिंह, राजस्थान के विधायक महंत प्रताप पुरी, आनन्द पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, जूना अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी, निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी सहित तमाम संत महंत शामिल हुए और नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी कुर्षी पुरी को शुभकामनाएं दी। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के उत्थान में योगदान कर रहे नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी कुर्षी पुरी महाराज विद्वान संत हैं। महामंडलेश्वर स्वामी कुर्षी पुरी महाराज निरंजनी अखाड़े की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए अखाड़े की उन्नति में योगदान देंगे। गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी ने कहा कि ने कहा कि संत महापुरूषों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए भारत एक बार फिर विश्व गुरू की पदवी पर आसीन होगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी ने एसएमजेएन कालेज की छात्रा द्वारा लिखित एक किताब का विमोचन भी किया। नवनियुक्त महामंडलेश्वर स्वामी कुर्षी पुरी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पद की गरिमा के अनुरूप जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में संत समाज और निरंजनी अखाड़े की परंपराओं का पालन करते हुए अखाड़े की उन्नति में योगदान करेंगे। इस दौरान म.मं. स्वामी आदियोगी पुरी, म.मं. स्वामी अनंतानंद, महंत राघवेंद्र दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी निर्मल दास, महंत राजगिरी, स्वामी गंगा पुरी, महंत दुर्गादास, महंत गंगादास उदासीन, स्वामी राम मुनि, महंत सुतिक्ष्ण मुनि, संत जगजीत सिंह, म.मं. स्वामी यति नरसिंहानंद सरस्वती, म.मं. स्वामी गर्व गिरी, म.मं. स्वामी प्रबोधानंद गिरी, महंत शुभम गिरी, म.मं. स्वामी सहजानंद पुरी और गुजरात से आए हजारों श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।



# द विनिंग एज संस्था के 12वें स्थापना दिवस पर चिकित्सा शिविर फेरूपुर में आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** द विनिंग एज संस्था हरिद्वार के तत्वावधान में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रतिभा स्किल बिल्डिंग सेंटर फेरूपुर में रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देंगे। शिविर संयोजक आचार्य अमित आर्य ने बताया कि द विनिंग एज संस्था हरिद्वार की ओर से अपने 12वें स्थापना दिवस पर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में रोगियों की सुविधा हेतु जनरल फिजिशयन, सर्जन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि इस शिविर में गांव फेरूपुर व उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों , जैसे धनपुरा कटारपुर इत्यादि के लोग लाभान्वित हो सकेंगे। शिविर रविवार को 10 बजे से 1 बजे तक संचालित होगा। इस शिविर में मातृछाया मेडिकल सेंटर से डॉ. अंजुल श्रीमाली, आर्यावर्त मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल से डॉ. अखिलेश सिंह व निलेश गिरी एवं स्माइल क्राफ्ट डेंटल क्लीनिक से डॉ. नैन्सी मनचंदा अपनी टीम के साथ रोगियों की जांच करेंगे। संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती विभूति राज्यलक्ष्मी जनदेव ने कहा कि संस्था अपना 12वां स्थापना दिवस मना रही है। संस्था ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। इसी के तहत संस्था द्वारा संचालित स्किल बिल्डिंग सेंटर पर यह नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# पालिका भाजपा की विधायक भाजपा के सीएम भाजपा का, पीएम भाजपा के, फिर भी गढ्डों में गिर रही जनता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर पालिका क्षेत्र के शिवालिक नगर एस क्लस्टर पार्क के पास बने गड्ढे ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस गड्ढे में अब तक कई लोग गिर कर चौटिल हो चुके हैं और कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पालिका प्रशासन समस्या को नजर अंदाज कर रहा है। जबकि शिवालिक नगर पालिका में बीजेपी से चेयरमैन राजीव शर्मा पद पर हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में "ट्रिपल इंजन सरकार" होने के बावजूद ऐसी बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा। गौरतलब है कि विधायक बीजेपी के हैं, मुख्यमंत्री बीजेपी के हैं और प्रधानमंत्री भी बीजेपी से हैं, इसके बावजूद लोगों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।



# कृषि विज्ञान केंद्र धनौरी में नेपियर घास पर प्रशिक्षण आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत विश्व का सबसे बड़ा पशुधन पालन करने वाला देश है, लेकिन यहां हरे चारे की लगभग 44% कमी (ICAR–NIANP, 2021) पाई जाती है। इस समस्या के समाधान हेतु, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित परियोजना "बहादराबाद ब्लॉक (हरिद्वार) के 15 गांवों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्लू) की आजीविका की दक्षता बढ़ाने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हस्तक्षेपों के माध्यम से स्थानीय नवाचार तंत्र को सशक्त करना" के अंतर्गत, पीपल्स साइंस इंस्टीट्यूट द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र (कृ.वि.के.), धनौरी, हरिद्वार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वैज्ञानिक डा. नीलकान्त ने किसानों को पशुचारा उपलब्ध कराने की आधुनिक तकनीक के रूप में नेपियर बाजरा घास की उन्नत खेती पद्धति पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नेपियर घास में उच्च हरा चारा उत्पादन क्षमता (लगभग 250-300 टन/हेक्टेयर /वर्ष), प्रोटीन एवं पोषक तत्वों की अधिकता होती है, जिससे पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ती है, स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा प्रजनन क्षमता में सुधार होता है। किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्होंने कहा कि नियमित रूप से नेपियर घास खिलाने से महंगे बाहरी चारे पर निर्भरता कम होती है और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक सुधार आता है। इसी क्रम में डा. पुरुषोत्तम ने रबी फसलों की उन्नत कृषि पद्धतियों एवं उनमें पोषक तत्वों की आपूर्ति के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में बहादराबाद ब्लॉक के किसान, कृषि विज्ञान के छात्र, तथा पी.एस.आई. के कार्यक्रम सलाहकार एवं राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डा. वी.सी. गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा परियोजना टीम के सदस्य कुलदीप उनियाल, डा. इकबाल अहमद, मोहम्मद तासिफ हुसैन, दीपशिखा एवं उपलक्ष्य भी मौजूद रहे।



**सूचना**

जीपीएस अहमदपुर ग्रांट में एक नीम का पेड़ व तीन अशोक के पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग द्वारा ली गई है। जिनकी नीलामी 31 अगस्त 2025 को होनी है। इच्छुक ठेकेदार विद्यालय समय में आकर पेड़ों को देख सकते हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# बाल आयोग ने की विद्यालयों एवं शिकायतों की सुनवाई

**आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना की अध्यक्षता में सेंट थेरेसा विद्यालय, श्रीनगर सहित कई मामले सुनवाई में रखे गए**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** । उत्तराखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में विद्यालयों एवं अन्य शिकायतों की सुनवाई आयोजित की गई। इस सुनवाई में विशेष रूप से ऋषिकेश एवं श्रीनगर क्षेत्र से संबंधित प्रकरणों पर विचार किया गया।

उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना की अध्यक्षता में सुनवाई हुई।सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सेंट थेरेसा विद्यालय, श्रीनगर ने आयोग के पूर्व आदेशों का अनुपालन नहीं किया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अधिकांश अल्पसंख्यक विद्यालयों ने अभी तक स्वयं को आरटीई अधिनियम में पंजीकृत नहीं कराया है। जबकि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी विद्यालयों, चाहे वे अल्पसंख्यक संस्थान हों या न हों, का आरटीई अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण कराना अनिवार्य है। केवल धारा 12(1)(सी) के अंतर्गत 25 फीसदी नि:शुल्क शिक्षा के प्रावधान से ही अल्पसंख्यक संस्थानों को छूट प्रदान की जाती है। आयोग ने इस गंभीर लापरवाही पर कड़ी आपत्ति दर्ज की और निर्देशित किया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी अपने अधीन सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से यह सुनिश्चित कराएं कि वे अपने-अपने जनपद के समस्त विद्यालयों का सोसायटी पंजीकरण, अल्पसंख्यक दर्जा तथा आरटीई अधिनियम में पंजीकरण की स्थिति की जाँच मिशन मोड में करें। यह रिपोर्ट 20 सितम्बर 2025 को आयोग में प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि विकास खण्डों में जो विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं, उनकी सूची तैयार की जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि वे किन कारणों से बिना मान्यता के संचालित हैं। इसके अतिरिक्त, ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध आपके स्तर से क्या कार्यवाही की गई है, इसकी स्थिति भी आयोग को उपलब्ध कराई जाए। आयोग ने विद्यालयों द्वारा बार-बार टालमटोल, धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर आरटीई अधिनियम, शिक्षा विभाग तथा आयोग के निर्देशों की अवहेलना करने पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही पीटीए की बैठक के दस्तावेजों के स्थान पर पीटीएम से संबंधित कागज प्रस्तुत करने जैसी भ्रामक जानकारी देने पर संबंधित विद्यालय को चेतावनी जारी की गई।

## माता-पिता के विवाद में आवश्यक कानूनी कार्रवाई के आदेश

अन्य मामलों में, जहाँ माता-पिता के विवाद में एक नाबालिग पुत्र पर हमला हुआ, जिसमें माता ने बाहरी तत्वों के साथ मिलकर हमला किया तथा यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि नाबालिग बच्चे के पिता भारतीय वायु सेना में अधिकारी हैं। इस गंभीर मामले पर आयोग ने पुलिस से बातचीत कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, दूर राज्य में रहने वाली माता के विरुद्ध भी आवश्यक कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए गए।

# ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चकराता।** उपकेंद्र अनु त्यूणी क्षेत्र के ग्राम हटाल में बाल वाटिका केंद्र पर ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य, पोषण और प्रजनन संबंधी सेवाओं को ग्रामीण समुदाय तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह तोमर के निर्देशानुसार ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा, एएनएम, आशा एवं आशा फैसिलिटेटर मौजूद रहे। इस दौरान गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं की देखभाल पर विशेष बल दिया गया।

ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एक ऐसा खुला मंच है, जहाँ गर्भवती महिलाओं की जांच, छोटे बच्चों का टीकाकरण, कुपोषण पर परामर्श और परिवार नियोजन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होती हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना और समुदाय के पोषण स्तर में सुधार करना है।राणा ने उपस्थित ग्रामीणों से प्रत्येक वीएचएनडी म ें भाग लेने की अपील की। उन्होंने गर्भावस्था का समय पर पंजीकरण कराने, प्रसवोत्तर देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल और संस्थागत प्रसव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही परिवार नियोजन एवं पोषण संबंधी परामर्श पर भी जोर दिया।इस अवसर पर उपेंद्र अणु की एएनएम सुषमा बिष्ट, अंकिता, आशा फैसिलिटेटर मीना, आशा कार्यकर्ता गीता देवी, रंजीता, मीरा देवी सहित क्षेत्र की गर्भवती एवं धात्री महिलाएं मौजूद रहीं।

# जनहित के तमाम विषयों पर सजगता से कार्य कर रही धामी सरकार: खजान दास

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से किया खारिज, सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा बताया**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री खजान दास ने कहा है, धामी सरकार विकास, आपदा प्रबंधन समेत जनहित के तमाम विषयों पर सजगता से कार्य कर रही है। लेकिन सदन में अपनी कर्तव्यों से भागने वाली कांग्रेस, अब बाहर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाकर अपनी विफलता छिपाने की कोशिश कर रही है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए खजान दास ने कांग्रेस के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए, सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा बताया। कहा, प्रदेश चौमुखी विकास के हाइवे पर डबल इंजन सरकार में तेजी से आगे बढ़ रहा है। तरक्की और जनकल्याण के कई सूचकांकों में राज्य शीर्ष पर पहुंच रहा हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के अनेकों ऐतिहासिक और साहसिक निर्णयों से हमारा राज्य मॉडल स्टेट बनकर उभरा है। लेकिन अफसोस विपक्ष इस सच्चाई से मुंह मोड़ रहा है और झूठे आंकड़े पेश करता है। उन्होंने कहा की प्राख्रतिक आपदा पहाड़ के लिए हमेशा से चुनौती बनती रही है, वावजूद इसके हमारी सरकार जनसहयोग से इसका अब तक के शानदार तरीके से सामना कर रही हैं। पहले विगत वर्ष की केदारनाथ आपदा, हाल की धराली और पौड़ी त्रासदी और अब स्याना चटी, थराली अतिवृष्टि। व्यवस्थित आपदा प्रबंधन और कुशल नेतृत्व से हम ऐसी प्रत्येक विपरीत परिस्थिति में न्यूनतम हानि के साथ राहत बचाव कार्य चलाने में सफल हुए हैं।

उन्होंने कहा, सरकार की संवे. दनशीलता और गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री वहां तीन दिन ग्राउंड जीरो आपदा प्रबंधन में लगे रहे। ऐसा करने वाले वे देश के सबसे पहले मुख्यमंत्री हैं। लेकिन कांग्रेस आपदा को लेकर झूठ, प्रपंच और अफवाह फैलाने की नीति पर ही आगे बढ़ रही है। वैसे तो बेहतर होता कि वे इस संवेदनशील और मानवीय मुद्दों पर राजनीति नही करते हुए, सकारात्मक रुख अपनाती। उन्होंने आइना दिखाया कि कांग्रेस के विधायक तो इतनी भी सहानुभूति नहीं जाता सके कि गैरसैण सत्र में आपदा पर चर्चा करते। वहां अपने अपने मुकद्दमों को हटाने के लिए दिन में हंगामा करते रहे फिर रात को कम्बल ओढ कर सदन में ही सो गए। उसपर बेशर्मी ये कि देहरादून आकर उल्टे चोर कोतवाल की डांटने का रवैया अपना रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत चुनाव में करारी हार होती देख कांग्रेस के नेताओं ने नैनीताल में लोकतंत्र का अपहरण करने की कोशिश की है। पहले जिला पंचायत सदस्यों को बंधक बनाकर रखा और मतदान के दिन पोल खुलने के डर से सदस्यों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। बाद में जब मामला हाथ से निकला तो उल्टा भाजपा पर दोष मढ़ने लगे। लेकिन अब पांचों सदस्यों ने सच्चाई सामने रखकर, कांग्रेस की कलई खोल दी है। वहां का परिणाम भी भाजपा के पक्ष में आया है, लिहाजा अपनी बची कुची प्रतिष्ठा बचाने के लिए कांग्रेस नेता झूठे आरोप लगाकर जनता को बरगला रहे हैं।

उन्होंने निशाना साधा कि कांग्रेस नेताओं में इन दिनों अपने आलाकमान के सामने नंबर बढ़ाने के लिए झूठ बोलने की होड़ लगी हुई है। लेकिन प्रदेश की जनता बहुत समझदार और जागरूक है, उनकी नजर में कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं की कोई विश्वनीयता नहीं है।

# जेबीआईटी में धूमधाम से मनाया गया भारतीय अंतरिक्ष दिवस समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** जेबीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एक सप्ताह तक चले स्टूडेंट्स इंडक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत आज 'भारतीय अंतरिक्ष दिवस' समारोह विशेष धूमधाम के साथ मनाया गया इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर वैभव सैनी साइंटिस्ट एफ डीआरडीओ मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एचसी पुरोहित डीन दून स्कूल आफ मैनेजमेंट दून विश्वविद्यालय, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर डॉ. वैभव सैनी ने सभी को भारतीय अंतरिक्ष दिवस की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि यह दिवस भावी पीढ़ी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम 1962 में डॉक्टर विक्रम साराभाई' की दूर दृष्टि पूर्ण नेतृत्व से प्रारंभ होते-होते आज 'चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग तक का सफर भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षर में दर्ज कर दिया है' यह भारत की अंतरिक्ष की गौरवशाली यात्रा है साथ ही उन्होंने बताया कि भविष्य में 'भारत गगनयान मिशन' के अंतर्गत मानव को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है। डॉक्टर एचसी पुरोहित ने कहा कि यदि छात्र जीवन में अनुशासित होना सीख गया तो उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, डॉ. अरुण डोगरा ऑपरेशन हेड, शोभित कुमार क्यूं आर मैनेजर आर्य टेक, प्रो. डॉ. अभी भट्टाचार्य आईआईटी रुड़की, संस्थान के निदेशक डॉ. पीके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. विशांत कुमार, डॉ. पवन कुमार चौबे, डॉ. संदीप चौधरी, मनोज चौधरी, डॉ. किशोर भट्ट, डॉ. संजीव गिल, डॉ. अरुण मौर्य, डॉ. नीरज कुमार शर्मा, टीपीओ यशपाल शर्मा सहित सभी विभागों के विभागध्यक्ष उपस्थित थे।

# घोटालेबाज को बचाया, किसानों का हक छीन रही सरकार: गरिमा

**देहरादून।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में हुआ डेढ़ करोड़ से अधिक का पुख्ता घोटाला अब भाजपा सरकार और कृषि विभाग की सांठगांठ और भ्रष्टाचार की सच्चाई को उजागर करना है, ये कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का। शनिवार को प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों के सम्मुख दसौनी ने सभी तथ्य रखें उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी देहरादून सोनिका सिंह की जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से सिद्ध हो गया था कि रायपुर में तैनात कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजदेव पवार ने फर्जी लाभार्थियों के नाम पर करोड़ों की राशि का गबन किया। किसानो को थी एक साल से न्याय की आस। जिलाधिकारी की जाँच के साथ ही कृषि विभाग के संयुक्त कृषि निदेशक दिनेश कुमार ने की थी विस्तृत जाँच, 25 किसानो के मौके पर बयान लिए गए थे , योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में 200 किसानो को लाभ देना बताया गया था , बाकघ 175 किसानो की भी होनी थी जाँच , पर विभाग ने कदाचारी अधिकारी को सभी आरोपों से ही बरी कर दिया । ग्रामीणों और किसानों ने भी इसकी शिकायत की थी और जांच रिपोर्ट ने इसे पुष्ट किया।लेकिन हैरानी की बात यह है कि हाल ही में कृषि विभाग ने उसी अधिकारी को क्लीन चिट देकर दोषमुक्त करार दे दिया। गरिमा ने कहा कि अब सवाल सीधा है यदि अधिकारी निर्दोष है तो डेढ़ करोड़ रुपये का घोटाला किसने किया? सरकारी खजाने से जो पैसा निकला वह आखिर किसकी जेब में गया? क्या भाजपा सरकार किसानों का पैसा बचाने आई है या भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने?

# बादल फटने से थराली और चेपड़ो में भारी तबाही, एक शव बरामद, एक लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थराली।**आसमानी आफत से नगर पंचायत थराली,ग्राम पंचायत चेपड़ो सवगाड ,, कुलसारी सहित कई अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार की रात लोगों को झकझोर कर रख दिया हैं।रात भर हुई मूसलाधार बारिश और बादल फटने से थराली के अलग अलग हिस्सों भारी नुकसान पहुंचा है। चेपड़ो में एक बुजुर्ग लापता चल रहें हैं, यहां पर 8 लोग घायल हो गए हैं।जबकि सबगड़ा एक मकान टूटने के कारण एक 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई हैं। चेपड़ो में आर्युवेदिक अस्पताल सहित, 33 दुकानों सहित चार गौशालाएं दब गई हैं, यहां पर एक गौशाला में 3 गायों के दबने से मौत हो गई हैं, जबकि कई मवेशी चोटिल हो गए हैं। थराली,चेपड़ो में दर्जनों छोटे, बड़े वाहनों को भारी क्षति पहुंची हैं।

थराली विकास खंड के अलग अलग हिस्सों में शुक्रवार देर शाम से हुई मूसलाधार बारिश एवं बादल फटने से काफी ज्यादा नुकसान हुआ हैं।देर रात करीब 11 से 12 बजें की बीच कुलसारी, थराली,चेपड़ो,सबगड़ा क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के साथ ही चेपड़ो के ऊपरी क्षेत्र में बादल फटने के कारण चेपड़ो बाजार तबाह हो गया हैं। यहां पर एक बुजुर्ग लापता चल रहें हैं, यहां पर 8 लोग घायल हो गये हैं। यहां पर एक आयुर्वेदिक अस्पताल सहित 33 दुकानों,4 गौशालाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं।एक गौशाला के क्षतिग्रस्त होने से 3 गायों की दब कर मौत हो गई हैं। यहां पर एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े वाहनों को क्षति पहुंची। थराली नगर पंचायत क्षेत्र में थराली बाजार में 5 दुकानों को नुकसान हुआ है। यहां पर 108 एंबुलेंस के साथ ही एक एंबुलेंस के साथ ही एक दर्जन से अधिक छोटे बड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त पहुंची हैं। रामलीला मैदान स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के भवन को भी भारी क्षति पहुंची हैं।थराली के कोटड़ीप में भी तीन मकानों में मलुवा घुस गया हैं। अपर बाजार में एक वाहन को क्षति पहुंची हैं।राडीबगड में उपजिलाधिकारी के आवास साथ ही कई आवासीय मकानों में मलुवा घुस गया हैं। यहां पर भी छोटे वाहनों को क्षतिग्रस्त पहुंची हैं। सगवाड़ा गांव में एक मकान गिरने से एक 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई हैं।

चेपड़ो गांव में 78 वर्षीय गंगा दत्त जोशी पुत्र पदम राम जोशी आपदा के बाद से लापता चल रहे हैं। यहां पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी, गिरीश जोशी, शंभू प्रसाद जोशी पुत्र गण गंगा दत्त जोशी, कैलाश जोशी पुत्र माधवानंद जोशी, हेमंत रावत पुत्र बलवंत सिंह रावत, बलवंत सिंह पुत्र गंगा सिंह, जसपाल सिंह पुत्र दिवान सिंह एवं सुमित जोशी पुत्र शंभू प्रसाद जोशी घायल हो गए हैं। जबकि सबगड़ा में एक 20 वर्षीय युवती कविता पुत्री नरेंद्र सिंह बिष्ट की मकान के गिरने के कारण मौत हों गई हैं। युवती का शव पटवारी रोबट सिद्दकी के नेतृत्व में गांव पहुंचे डीडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बहार निकल लिया।

थराली।चेपड़ो गांव के बाजार में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा के भवन के अलावा इस बाजार में स्थित 33 दुकानदारों की दुकानें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। दुकानदारों के अनुसार लक्ष्मी प्रसाद जोशी,गंगा दत्त जोशी, रमेश जोशी,बासवानंद जोशी, हरेंद्र शाह, नरेन्द्र शाह,आत्मा राम जोशी,साहिब सिंह शाह, देवेंद्र शाह, महिपाल सिंह शाह, दर्शन शाह, महिपाल शाह, गिरीश शाह, त्रिलोक सिंह शाह, बलवंत सिंह, महावीर शाह, कुंदन सिंह, जसपाल सिंह, संतोष सिंह, राकेश सिंह, गंगा सिंह, गजेन्द्र सिंह, केदार दत्त जोशी,भरत सिंह,हीरा बल्लभ जोशी, दिनेश जोशी,हरी प्रसाद जोशी, हरपाल सिंह,प्रेम सिंह शाह, दलवीर सिंह, विरेंद्र जोशी एवं दीपक जोशी की दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इसके अलावा मोहन राम की गौशाला क्षतिग्रस्त होने के कारण उसमें तीन गायों की दब कर मौत हो गई हैं। जबकि मदन मोहन जोशी,लक्ष्मी प्रसाद जोशी व हरेंद्र सोनियाल की गौशाला क्षतिग्रस्त हो गया हैं।

# शहर को चमकाने के लिए राजनीति में आया हूं: दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**काशीपुर।** नगर की अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंडी गेस्ट हाउस में महापौर दीपक बाली का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि अब काशीपुर को एक ऐसा नेता मिला है जिसकी कार्य प्रणाली को देखकर जनता का विश्वास जगा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में वह काशीपुर की दिशा और दशा बदल देंगे। महापौर श्री बाली ने कहा कि व्यापारियों ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है उसके प्रति वे हमेशा उनके आभारी रहेंगे और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के प्रति समर्पित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार है और यह सरकार केवल शिलान्यास नहीं बल्कि लोकार्पण में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी काशीपुर के प्रति बहुत प्यार रखते हैं और उन्हीं के नेतृत्व में काशीपुर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्हीं के आशीर्वाद से शीघ्र ही 1850 करोड़ रुपए की जिन योजनाओं पर काम चल रहा है उनके क्रियान्वित होते ही बदला हुआ काशीपुर नजर आएगा। उन्होंने साफ कहा कि मैं किसी स्वार्थवश राजनीति मैं नहीं आया बल्कि अपने शहर को चमकाने और जनता की सेवा करने आया हूं और तब तक कुर्सी पर हूं जब तक बेहतर काम करूंगा। अगर बेहतर सेवा नहीं कर पाया तो कुर्सी छोड़ दूंगा और जो मेरे से बेहतर होगा उसे काम करने का मौका दूंगा। व्यापारियों ने उन्हें अपना पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा जिस पर उन्होंने कहा कि यूपी की तरह मंडी शुल्क ढाई की बजाय डेढ़ प्रतिशत करने और हल्द्वानी की तर्ज पर दुकान लीज पर देने और धान की खेती पर लगी रोक हटवाने के संबंध में वे शासन स्तर पर वार्ता कर समाधान कराएंगे। मंडी परिसर में बनी पानी की टंकी के टपकने से पेयजल की हो रही समस्या, सड़कों के आधा अधूरे निर्माण, और शौचालय होने के बावजूद उसका उपयोग न होने से उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु उन्होंने तत्काल मौके पर मौजूद मंडी सचिव योगेश तिवारी को व्यापारियों के साथ बैठकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए और कहां की अगर समस्याओं के निस्तारण में कहीं कोई दिक्कत हो तो मुझे बताएं उनका समाधान में खुद करूंगा।

स्वागत करने वाले मंडी के व्यापारियों में गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अशोक शर्मा, दिवाकर यादव, अशोक पैगिया, संदीप पैगिया, गौरव अग्रवाल, लवीश अरोरा, अंकुर अग्रवाल, प्रकट सिंह, अमरीक सिंह, किशन बत्रा, राजीव अरोरा, नितिन गुप्ता, पंकज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, उमेश कुमार, निखिल सेतिया, प्रिंस अग्रवाल, शानू, सलीम अहमद, सहित दर्जनों व्यापारी एवं किसान मौजूद रहे।

# पहले-दूसरे सेमेस्टर में बैक वाले विद्यार्थियों का पांचवें में होगा प्रवेश

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि में पांचवे सेमेस्टर में ऐसे छात्र-छात्राओं को भी प्रवेश मिल जाएगा जिनकी पहले-दूसरे सेमेस्टर में बैक थी, लेकिन उनकी तीसरे व चौथे सेमेस्टर में 50 फीसदी क्रेडिट उत्तीर्ण होनी चाहिए। छात्रों की मांग के बाद विवि प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। विवि में नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश के लिए पहले व दूसरे सेमेस्टर के सभी विषयों में पास होना जरूरी था। वहीं, तीसरे और चौथे सेमेस्टर को मिलाकर आधे से अधिक क्रेडिट होना चाहिए थे। तब ही उन्हें पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश मिल रहा था। इस कारण कई छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं मिल पा रहा था। प्रवेश नहीं मिलने पर छात्रों का पूरा एक साल बर्बाद होता। पहले उन्हें पहले व दूसरे सेमेस्टर में फेल हुए विषयों में पास होना पड़ता तब जाकर ही वह प्रवेश ले सकते थे। इस कारण छात्र विवि से तीसरे व चौथे सेमेस्टरों के क्रेडिटों के आधार पर प्रवेश देने की मांग कर रहे थे। अब छात्रों की मांग के बाद विवि की ओर से यह व्यवस्था बदल दी गई है। पहले व दूसरे सेमेस्टर में बैक होने पर भी छात्र पांचवे सेमेस्टर में प्रवेश ले सकेंगे। विवि प्रशासन के अनुसार, प्रवेश के लिए तीसरे और चौथे सेमेस्टर को मिलाकर छात्र के आधे से अधिक क्रेडिट होने अनिवार्य हैं।

# मुस्टिकसौड़ में दूधगाडू व फूलोई मेले दिखी पौराणिक संस्कृति

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उत्तरकाशी** 23 अगस्त : जिले के बाड़ागड्डी क्षेत्र के मुस्टिकसौड़ में पौराणिक दूधगाडू "फूलोई थौलू" पूरी रीति-रिवाज के साथ भव्य आयोजन हुआ।

बाड़ागड्डी क्षेत्र के मुस्टिकसौड़ में क्षेत्राधिपति हरि महाराज जी के सानिध्य में पौराणिक दूधगाडू "फूलोई थौलू" मेले का आयोजन पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर देवी-देवताओं के दर्शन किए तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की मंगलकामनाएं की।

कार्यक्रम के दौरान हरि महाराज जी, हुणेश्वर भगवान एवं माता खंडद्वारी के पूजन-अर्चन के साथ क्षेत्र की प्राचीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का भव्य स्वरूप देखने को मिला।मेले में भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान , ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार, ब्लॉक प्रमुख डुंडा राजदीप परमार, देवेंद्र नाथ, वरिष्ठ भाजपा नेता जयबीर सिंह चौहान, अनिल रावत, राजेंद्र राणा, खुशहाल नेगी, कृपाराम सेमवाल, विजय संतरी, चंदन सिंह राणा, इश्वन पंवार, पवन नौटियाल,जयचंद रावत, राजेंद्र गंगाड़ी, पूर्व प्रमुख शैलेन्द्र कोहली, विजय बडोनी, राजकेंद्र थनवान, धर्मेंद्र रावत, बालशेखर नौटियाल सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्लस्टर स्कूल योजना के विरोध में उतरे अभिभावक

**अल्मोड़ा।** राजकीय कन्या हाईस्कूल गुणादित्य का क्लस्टर स्कूल योजना के तहत अन्य विद्यालय में समायोजन किए जाने पर अभिभावकों ने रोष व्यक्त किया है। विद्यालय के अन्यत्र विलय का निर्णय वापस नहीं लिए जाने पर अभिभावकों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देने की चेतावनी दी है। राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली गुणादित्य का अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज पालीगुणादित्य में विलय किए जाने पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के अभिभावकों ने कड़ी नारा. जगी व्यक्त की है। अभिभावकों का कहना है कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए काफी संघर्ष के बाद इस कन्या हाईस्कूल की स्थापना की गई है।

# जुगरान ने की अपर सचिव प्राथमिक शिक्षा एमएम सेमवाल से मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान के नेतृत्व में सहायक अध्यापक विशेष शिक्षा बीएड धारकों प्राथमिक के अभ्यर्थीयों ने अपर सचिव प्राथमिक शिक्षा एमएम सेमवाल से भेंट की। रवीन्द्र जुगरान ने अपर सचिव ने बताया कि वर्ष 2023 की भर्ती में सहायक अध्यापक विशेष शिक्षा में विशेष शिक्षा बीएड धारकों को भर्ती प्रक्रिया में 28 मई 2025 के आदेश से वंचित कर दिया था। अभ्यर्थियों ने अवगत कराया की 380 पदों पर भर्ती होनी थी पर इसे संशोधित कर 285 कर दिया था। अभ्यर्थियों ने कहा यद्यपि हम भर्ती के लिए पूर्ण रूप से अहरता रखते हैं लेकिन इसके बावजूद भी बी एड विशेष शिंक्षा धारकों को वंचित कर दिया गया और केवल विशेष शिक्षा डीएड धारकों को अहर माना गया। रवीन्द्र जुगरान ने अपर सचिव को अवगत कराया की इस भर्ती प्रक्रिया में 80 फीसदी पद रिक्त रह गये हैं क्योकि लगभग 20 फीसदी विशेष शिक्षा डीएड धारकों ने ही आवेदन किया है । रवीन्द्र जुगरान ने अपर सचिव को अवगत कराया की सर्वोच्च न्यायालय ने रजनीश कुमार पांडे बनाम भारत सरकार ने 28 10. 2021 में स्पष्ट निर्देश दिए है की सहायक अध्यापक विशेष शिक्षा के पदों को भरने के लिए अगर विशेष शिक्षा डी एड न हों तो इन पदों को विशेष शिक्षा बीएड धारकों से भर दिया जाय। इसके साथ ही भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय डिपार्टमेंट आफ स्कूल एजुकेशन वह लिटरेसी के दिनांक 10 जून 2022 के आदेश में भी स्पष्ट है की यदि इन पदों को भरने के लिए विशेष शिक्षा डी एड धारक पर्याप्त नही हैं तो विशेष शिक्षा बीएड धारकों को सम्मिलित कर रिक्त पदों को भरा जाय। अपर सचिव महोदय ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए अपने अधीनस्थ को सुप्रीम कोर्ट के आदेश एवं भारत सरकार के निर्देश के क्रम में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिखित आदेश निर्गत किये।

# विधायक सुमित का गनर बदला

## सुमित हृदयेश ने एसएसपी मीणा को बताया 'राजनीतिक कप्तान'

**विधायक ने गनर लेने से किया इनकार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के बाद से कांग्रेस और पुलिस प्रशासन के बीच चल रही तनातनी शनिवार को उस वक्त खुलकर और सामने आ गयी जब जब विधायक सुमित हृदयेश का गनर अचानक बदल दिया गया। इसके बाद विधायक ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा पर तीखा हमला बोला और उन्हें 'राजनीतिक कप्तान' करार देते हुए राज्य सरकार के इशारों पर काम करने का आरोप लगाया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कप्तान साहब ने साबित कर दिया है कि वो एक राजनीतिक कप्तान हैं। भाजपा की द्वेष भावना से ग्रसित होकर काम कर रहे हैं। मेरी सुरक्षा में तैनात गनर को बिना किसी कारण बदला गया। अगर कोई शिकायत होती या कोई कमी होती, तब हटाया जाता, लेकिन यहां तो साजिश के तहत यह कदम उठाया गया है।

विधायक ने आरोप लगाया कि गनर बदलने के पीछे मकसद उन्हें मॉनिटर करना है। इनकी एलआईयू अब मेरी गाड़ी में बैठकर मेरी गतिविधियों पर नजर रखेगी। सुमित हृदयेश ने चेता. वनी भरे लहजे में कहा अगर मेरे साथ कुछ भी होता है, चाहे रोड एक्सीडेंट हो, घर के आगे बिजली कड़के या गाड़ी के सामने सांड आ जाए, इसकी पूरी जिम्मेदारी नैनीताल जिले के कप्तान और राज्य सरकार की होगी। मैंने इनकी सुरक्षा इनके हवाले कर दी है। मुझे इनपर रत्तीभर भी भरोसा नहीं है। इनकी नीयत साफ नहीं लगती। उन्होंने कहा कि जो गनर पहले तैनात था, वह न केवल उनके लिए सुरक्षाकर्मी था बल्कि परिवार जैसा था। उस पर मुझे पूरा भरोसा था। सुमित हृदयेश ने घोषणा की कि अब वे गांधीवादी तरीके से इस अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। हम पूरी ताकत से विरोध करेंगे और अंत में जीत हमारी होगी। सुमित हृदयेश ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का गनर सस्पेंड कर और सीओ और एसओ को हटाकर खानापूर्ति की जा रही है। जबकि कप्तान साहब को हटाना चाहिए।

### एसएसपी पर अभद्र टिप्पणी, सिपाही पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इन दिनों एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा राजनीतिक विवादों के साथ-साथ अब विभागीय अंदरूनी विरोध का भी सामना कर रहे हैं। ताजा मामला एक सिपाही द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गए उस वीडियो से जुड़ा है, जिसमें वह एसएसपी और एसओजी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करता नजर आ रहा है। आरोपी सिपाही आनंद सिंह बिष्ट, जो पहले से ही निलंबन की कार्रवाई झेल रहा था, ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह खुलेआम एसएसपी को गालियां देता दिखाई दे रहा है। वीडियो में उसने यह भी दावा किया कि वह एसओजी में तैनात वर्तमान सिपाहियों से बेहतर था, लेकिन उसे जानबूझकर काम करने नहीं दिया गया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गया। इसके बाद पुलिस लाइन नैनीताल में तैनात एसआई रमेश सिंह नेगी ने कोतवाली हल्द्वानी में सिपाही के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर के आधार पर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि आनंद सिंह बिष्ट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 (सार्वजनिक उपद्रव) और 352 (हमला या आपराधिक बल) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। सूत्रों के अनुसार, आरोपी सिपाही पूर्व में तल्लीताल थाने में तैनात था लेकिन ड्यूटी में लापरवाही बरतने के चलते उसे निलंबित कर दिया गया था। यही नहीं, बीती 3 अगस्त से वह नैनीताल पुलिस लाइन में रात्रि गणना में भी गैरहाजिर चल रहा है।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन चयन ट्रायल 25 अगस्त को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय बैडमिंटन चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि यह ट्रायल 25 अगस्त को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में प्रातः 9 बजे से शुरू होगा। चयन ट्रायल में बालिका वर्ग के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी 27 अगस्त से पौड़ी गढ़वाल में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को निर्देशित किया है कि वें चयन ट्रायल के दिन अपने साथ आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लेकर आएं, अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। खेल विभाग ने इच्छुक बालिकाओं से समय पर उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की।

# 'मोटी' कहने पर महिला ने घोंपा चाकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मामूली सी बात में एक महिला ने दूसरी महिला पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। लहूलुहान हालत में महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत अब खतरे से बहार बताई जा रही है। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार बरेली रोड हाथीखाल गोरापड़ाव निवासी पुष्पा खनी यहां परिवार के साथ रहती हैं। उनके पड़ोस में दीपा नाम की एक महिला भी रहती है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले पुष्पा ने मजाक मजाक में पड़ोस में रहने वाली दीपा को मोटी कह दिया था। जिसके बाद महिला ने पुष्पा से कुछ नहीं कहा और चली गई। लेकिन यह बात पड़ोसन महिला को नागवार गुजरी और बीते शुक्रवार की शाम पुष्पा अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के पास ही टहल रही थी। तभी पड़ोसी महिला वहां पहुंची और किसी बात को लेकर दोनों में फिर से कहासुनी हो गई। बताया जा रहा कि देखते ही देखते दोनो में गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई। इससे पहले पुष्पा और उसके परिवार के अन्य सदस्यों कुछ समझ पाते आरोपी महिला ने कपड़े में लिपटा चाकू निकाला और पुष्पा के पेट में घोंप दिया। चाकू लगते ही पुष्पा लहूलुहान होकर जमीन में गिर गई। लहुलुहान हालत में लोगों द्वारा उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। इधर कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि घायल महिला की देवरानी हेमा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर उससे भी पूछताछ की जा रही है।

## काठगोदाम रेलवे स्टेशन से चोरी करते दो धरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन में चोरी करके भाग रहे दो शातिर चारों को रेलवे सुरक्षा बल ने चोरी का माल सहित



गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षण तरूण ने बताया कि रेसुब पोस्ट काठगोदाम की टीम ने रेलवे स्टेशन में गश्त कर रही थी तभी दो युवक टीम को देख भागने लगे। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए दोनो युवकों को पकड़ लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से रेलवे की एक नई विद्युत मोटर बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम करन पुत्र लल्ला बाबू, निवासी जवाहर नगर वार्ड-15 बनभूलपुरा, अभिषेक पुत्र विजय शंकर निवासी जवाहर नगर वार्ड-15 बनभूलपुरा बताया। टीम ने शातिर चोरों के खिलाफ धारा 3 रेल संपत्ति अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में निरीक्षक तरुण वर्मा, हेड कांस्टेबल बिरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल गोविंद गिरी, ओमप्रकाश थे।

## महिला कालेज में रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महिला महाविद्यालय हल्द्वानी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भव्य



आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज और छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानवता की सेवा के लिए रक्तदान जैसे महापुण्य कार्य के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाते हैं बल्कि उनमें समाज सेवा की भावना को भी प्रबल करते हैं। एनएसएस प्रभारी एवं नमामि गंगे नोडल अधिक. ारी डा. रितुराज पंत ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राओं को सेवा परमो धर्म की भावना से जोड़ना ही मुख्य उद्देश्य है। रक्तदान शिविर में एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. रेखा जोशी डा. वैभव पालीवाल, डा. संदीप, डा. छवि कुमारी, कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता पंत मौजूद रहे।

# प्रदेश की छवि धूमिल हुई

## कांग्रेसियों ने नैनीताल प्रकरण पर मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** जिला पंचायत चुनाव के दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेश एवं पूर्व विधायक संजीव आर्या के साथ हुए दुर्व्यवहार तथा सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडलायुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर सख्त कार्रवाई की मांग की। मंडलायुक्त दीपक रावत को सौंपे गए ज्ञापन में राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल व भोलादत्त भट्ट ने आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम ने पूरे प्रदेश की छवि को धूमिल किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस संरक्षण में भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों द्वारा पांच जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण किया गया, और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। राहुल छिमवाल ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही न करके उल्टे कांग्रेस नेताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए, जो कि लो. कतंत्र का अपमान है। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने, कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे रद्द करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर न्यायोचित कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस कार्यकर्ता शहरभर में बड़ा आंदोलन करेंगे। कांग्रेस नेता खजान पांडे, मनोज शर्मा, नीरज तिवारी व संजय किरौला ने कहा कि यह घटना देश ही नहीं, विदेशों तक वायरल हो चुकी है, जिससे उत्तराखंड की छवि और गरिमा को गहरी ठेस पहुंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि नैनीताल जैसे शांत शहर में बाहरी राज्यों से आए हथियारबंद गुंडे कई दिनों से डटे हुए थे, और प्रदेश की पुलिस व इंटेलिजेंस पूरी तरह विफल रही। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में पुलिस द्वारा गुंडागर्दी कराई जा रही है और प्रदेश को बिहार बनाने की को. शिशें हो रही हैं, जिसे कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, एनबी गुणवंत, प्रकाश पांडे, हेमंत बगड़वाल, सुहैल सिद्दीकी, राजेंद्र सिंह बिष्ट (रज्जी), सतनाम सिंह, शेखर दानी, रवि गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

### पूनम उपाध्यक्ष, मुन्नी बनी कोषाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल के कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के सभी पदा. धिकारी और सदस्यों की सहमति से प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी महिला सीमा बत्रा की सहमति पर हल्द्वानी निवासी पूनम जोशी को प्रदेश उपाध्यक्ष और मुन्नी बिष्ट को प्रदेश कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन की ओर से दोनों नव-नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। मंडल ने आशा जताई कि दोनों पदाधिकारी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए उत्कृष्ट कार्य करेंगी और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्यगण और महिला प्रतिनिधियों ने बधाई दी।

# सीईओ की मनमानी पर फूटा शिक्षकों का गुस्सा

## एक सूत्रीय मांग को लेकर शिक्षकों का धरना, पुतला दहन कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) नैनीताल गोविंद राम जयसवाल की मनमानी कार्यप्रणाली और तानाशाही रवैये के विरोध में शनिवार को जनपद के सैकड़ों शिक्षकों का आक्रोश फूट पड़ा। शिक्षकों ने शिक्षा भवन, भीमताल स्थित सभागार में जोरदार धरना प्रदर्शन कर सीईओ का पुतला दहन किया। शनिवार को समन्वय मंच के बैनर तले कर्मचारी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी के नेतृत्व में एकत्र हुए। धरने में प्राथमिक शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ, तथा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ से जुड़े सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान वक्ताओं ने



आरोप लगाया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बिना किसी ठोस कारण और प्रक्रिया के जनपद के डेढ़ हजार से अधिक शिक्षकों का वेतन रोक दिया है। आपदा के समय जिलाधिक. ारी के निर्देशों को दरकिनार करते हुए उन्होंने अपने आदेश थोपे, जो अनुशासनहीनता का परिचायक है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि सीईओ अधिकांश समय कार्यालय एवं मुख्यालय से अनुपस्थित रहते हैं, संगठन प्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाते, न ही उनके संदेशों का उत्तर देते हैं। धरने में सभी शिक्षक संगठनों ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो इससे भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। धरना व पुतला दहन में बंशीधर कांडपाल, पंकज बुधानी तथा देवकीनंदन भट्ट, गिरीश चंद्र जोशी, देवेंद्र कुमार, नवीन चंद, डा. गोकुल सिंह मर्तोलिया, अनिल शर्मा, अनुपम बमेटा, गोपाल सिंह बिष्ट, हेमचंद भट्ट, हरीश पाठक, सुरेश चंद्र जोशी, नंदराम, मदन मोहन बिष्ट, डा. कन्नू जोशी, हेमंत पांडे, प्रेम कांडपाल, डीगर पडियार, अनिल कुमार शर्मा, मनीता कटारिया, जगमोहन पडियार, जीवंती गोस्वामी, ममता गुप्ता, शिवराज सिंह, कैलाश पंत, राजकुमार, मंगल खिमाल, सुरेश सुयाल, प्रताप राम, सतीश नैनवाल मौजूद रहे।

## गैरकानूनी बसों की रोकथाम के लिए आरटीओ को ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम शीशमहल क्षेत्र में लगातार प्राइवेट बसों से हो रही दिक्कतों व दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने शनिवार को परिवहन विभाग कार्यालय



पहुंचकर आरटीओ गुरदेव सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। समिति द्वारा आरटीओ को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि रोजना सुबह के समय सेंडथेरेसा स्कूल के आसपास दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों से आने वाली प्राइवेट बसों द्वारा यात्रियों को उतराने और बसें वहां खड़ी करते हैं। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि यदि इस स्थिति में कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी बसों और टैक्सियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, अन्यथा राज्य आंदोलनकारी मजबूर होकर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, जसविंदर सिंह भसीन, भुवन, इरफान कुरैशी, नवाब अंसारी आदि मौजूद रहे।

# लिटरेसी कमेटी के चेयरमैन बने रौतेला

## वर्ष 2025-26 के लिए रोटरी क्लब में मिली नई जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला को रोटरी क्लब की ओर से एक बार फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। रोटरी क्लब की डीएलसीसी देवप्रिया उक्सा ने उन्हें वर्ष 2025-26 के लिए क्लब लिटरेसी कमेटी चेयरमैन नियुक्त किया है। डा. रौतेला पूर्व में रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर, रोटरी अध्यक्ष, पब्लिक स्कूल एसोसिएशन हल्द्वानी के अध्यक्ष व संरक्षक जैसे पदों पर कार्य कर चुके हैं। नव नियुक्त चेयरमैन डा. श्री रौतेला ने बताया कि क्लब लिटरेसी कमेटी के अंतर्गत शिक्षकों का प्रशिक्षण, स्कूलों में पुस्तकालयों की स्थापना, नेशन बिल्डर अवॉर्ड के माध्यम से शिक्षकों को सम्मान, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, तथा हैप्पी क्लासरूम जैसी अवधारणाओं को जमीन पर उतारना प्रमुख लक्ष्य होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों और शिक्षकों को अधिक से अधिक क्लब की गति. विधियों से जोड़ना और सामाजिक चेतना का विस्तार करना उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि वें नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे और नए सदस्यों को प्रेरित कर उन्हें सामाजिक कार्यों में सहभागी बनाएंगे। डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला के मनोनयन पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजन विद्यार्थी, रोटरी क्लब हल्द्वानी के अध्यक्ष मनोज साह, सचिव आशीष दुम्का, डीआईसीसी अनिल जोशी, डा. बीसी पांडे, आरपी सिंह, विनोद गढ़कोटी, रमेश शर्मा, सुनील जोशी, शिरीष पाठक, जेके चड्ढा, गोपाल बिष्ट, एमसी डालाकोटी, अशोक मित्तल, वीके शर्मा, विक्रम कार्की, आरआर आर्य, विनय कुमार लोहाटी, आरएस कालाकोटी, अनिल कर्नाटक, ब्रजमो. हन मेहता, गिरीश बिष्ट, पीके मदान, पूरन सिंह पपोला, बसंत रावत, रमेश पंत, मुदित बंसल, राकेश अग्रवाल, मनीष मित्तल, कुबेर भुटियानी, मोहन रावत ने बधाई दी।

### परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रयोगशाला सहायक रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, उद्यान विज्ञान, पशुपालन विभाग एवं मशरूम पर्यवेक्षक वर्ग-3 परीक्षा विवार को जनपद के 8 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हो रही है। इस परीक्षा में कुल 3737 परीक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गति. विधि को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार को मिले बढ़ावा

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2025 पर यूनिवर्सल स्कूल में भव्य आयोजन

**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस-2025 के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस वर्ष की थीम थी आर्यभट्ट से गगनयान तक-प्राचीन ज्ञान से अनंत संभावनाओं की ओर, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा की गौरवशाली विरासत और भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित करती है। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा मुख्य अतिथि रहे, जबकि मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को




छू रहा है। आज का युवा वैज्ञानिक सोच के साथ नवाचार को अपनाए, यही राष्ट्र निर्माण की दिशा है। एरीज नैनीताल के वैज्ञानिक डा. मोहित जोशी और प्रो. डा.नवल लोहनी ने अंतरिक्ष विज्ञान की भारतीय उपलब्धियों और भविष्य की परियोजनाओं पर विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने गगनयान, चंद्रयान और सौर मिशनों के बारे में उत्सुकता से जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, भाषण, गायन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर पीसीएस अधिकारी प्रियंका जोशी ने कहा इस प्रकार के आयोजन समाज के हर वर्ग तक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय उपलब्धियों को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आनंद बिष्ट ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजकों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम **जमील (ZAMEEL)** से बदलकर **जमील अहमद (JAMEEL AHAMAD)** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**जमील अहमद पुत्र रशीद**
निवासी: रायपुर डाकखाना भगवानपुर हरिद्वार।



**सम्बन्ध विच्छेद**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अदिति शर्मा उम्र 20 वर्ष मेरे कहने सुनने में नही है,स्वेच्छा से घर छोड़कर चली गयी है घर वापिस आने को तैयार नही है जिस कारण में अपनी पुत्री अदिति शर्मा से सम्बन्ध विच्छेद करते हुये उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी तरह का लेन देन की जिम्मेदार वो स्वयं होगी

**श्रीमती पवी शर्मा पत्नी श्री अजय उनियाल, पुत्री श्री एस0के0 शर्मा निवासी- 581 टपकेश्वर कॉलोनी, टपकेश्वर मन्दिर, गढ़ी कैन्ट, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड।**


# यूओयू के पर्यावरण विज्ञान शिक्षार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय, हल्द्वानी के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा संच. ालित एमएससी पर्यावरण विज्ञान विषय की सात दिवसीय प्रायोगिक कार्यशाला के तहत शुक्रवार को शिक्षार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में प्रतिभागियों ने नैनीताल स्थित उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान एवं वन अनुसंधान केंद्र पौधशाला, ज्योलिकोट का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो. पीडी पन्त ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण, प्रयोगात्मक कार्यशाला का अभिन्न अंग है, जो छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान को समृद्ध करता है। विभाग के समन्वयक डा. एचसी जोशी ने जानकारी दी कि कार्यशाला में लगभग 22 शिक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्रों को पर्यावरण विज्ञान के विभिन्न अनुप्रयोगों को समझने में सहायता मिलती है। प्राणी उद्यान में उपनिद. ेशक स्वाति ने सभी का स्वागत करते हुए उद्यान की भूमिका पर प्रकाश डाला। जबकि फार्मासिस्ट विक्रम सिंह ने वन्य जीवों की विभिन्न प्रजातियों और उनके संरक्षण पर आधारित विस्तृत जानकारी साझा की। भ्रमण के दौरान शिक्षार्थियों के साथ विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. बीना तिवारी फुलारा, डा. नेहा तिवारी, वन आरक्षी परवेज दाउदी, कमला जोशी एवं अनुसंधान सहायक योगेश त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आयुक्त व आईजी से गुहार

**हल्द्वानी।** बहुचर्चित योगा ट्रेनर ज्योति मेर् हत्याकांड से नाखुश परि. जनों व पहाड़ी आर्मी ने एसआईटी जांच की मांग को लेकर शनिवार को आईजी रद्धिम अग्रवाल व कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मिले और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। आईजी व कुमाऊं आयुक्त को सोंपे गए ज्ञापन में परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस की जांच में कई तथ्य छुपाए गए हैं और ज्योति मेर् के चरित्र पर सवाल उठाकर हत्याकांड को दबाने की कोशिश की जा रही है। परिजनों ने बताया कि मामले में कई अहम व्यक्तियों जैसे अजय यदुवंशी, अभय यदुवंशी, शालिनी यदुवंशी और एक अन्य गुरमीत से कोई पूछताछ नहीं हुई है। इसके साथ ही परिजनों ने पुलिस पर 22 दिन तक मुख्य आरोपी को शरण देने का आरोप भी लगाया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम **खुर्शीदा (KHURSHIDA)** से बदलकर **खुर्शीदा (KHURASHEEDA)** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना वह पुकारा जाए।

**खुर्शीदा पत्नी जमील अहमद**
रायपुर पोस्ट भगवानपुर हरिद्वार।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, गोपेश्वर (चमोली)
कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867

**निविदा तिथि विस्तार सूचना**

इस खण्ड की निविदा सं0-09/2025-26 जो दिनांक- **19.08.2025** खोली जानी थी, अपरिहार्य कारण से अब दिनांक-**28.08.2025** को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त एवं दिनांक-**29.08.2025** को 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है व उसी दिवस अपराह्न में निविदादाताओं के सम्मुख सांय 14:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी, अन्य नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

पत्रांक: 726/वि0वि0ख0गोपे0/टी-1 दिनांक: 19/08/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या- 0135-2760911 पर दें।)



**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि0**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर) 18 ई0सी0 रोड, देहरादून
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UR2001SGC025867 दूरभाष: 2652916

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, वैध जी.एस.टी, ई.पी.एफ., ई.एस. आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर/पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्तें, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत 'ए' क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हो) दिनांक **16.09.2025** को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस मे वैध जी.एस.टी. धारक के द्वारा दिनांक **15.09.2025** (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि व अन्य संबंधित घोषणा पत्र के निविदा भाग-2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

**निविदा संख्या EDD(N)-11/2025-2026, Work-** Shifting of LT Line on request of Hon'ble M.L.A. fund at tilak road, Picture Palace, Mussoorie की **धरोहर राशि रू0 36,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1,000.00.** G.S.T. Extra.

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांक: 3272/वि0वि0ख0(उ)/ दिनांक: 23/08/2025 **अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" टोल फ्री नं0 1800-419-0405

# भारत ने एयर राइफल में दो मिश्रित टीम स्वर्ण जीते



● **एलावेनिल, शांभवी और नारायण ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते भारत ने सीनियर और जूनियर 10 मी. एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एलावेनिल वलारिवन, शांभवी क्षीरसागर और नारायण प्रणव ने अपने-अपने दूसरे स्वर्ण पदक जीते, भारत ने सीनियर और जूनियर दोनों 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। इसके साथ ही शिमकेंट, कजाकिस्तान में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत का स्वर्ण पदक आंकड़ा 22 हो गया।

एला (316-3) और अर्जुन बाबूता (317-7) ने मिलकर क्वालिफिकेशन में 634-0 स्कोर किया और ओलंपिक इवेंट में 27 टीमों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317-7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314-9) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 632-6 अंक बनाए और लीडरबोर्ड पर दूसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, मेहुली और रुद्रांक्ष को पदक मुकाबले से बाहर रहना पड़ा क्योंकि एला और अर्जुन ने चीनी जोड़ी पेंग शिनलू और लू डिंगके (632-3) के साथ स्वर्ण पदक मुकाबले की पात्रता हासिल की थी। भारतीयों ने 16 अंकों की दौड़ में जोरदार शुरुआत की, लेकिन चीनी खिलाड़ी भी तुरंत वापसी करते दिखे और 10वीं सीरीज तक स्कोर बराबर रहा। 11वीं सीरीज जीतकर भारतीयों ने 13-9 की बढ़त बनाई, जिसके बाद चीनी टीम ने टाइम आउट लिया और वापसी करते हुए दो बेहतरीन शॉट्स के साथ स्कोर 13-11 कर दिया। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद 10-5 से नीचे कोई स्कोर नहीं किया और अगले दो राउंड जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर स्पर्धा में नारायण प्रणव और शांभवी क्षीरसागर ने क्वालिफिकेशन में 629-5 स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। उनके साथी ईशा टकसाले और हिमांशु ने 628-6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक मुकाबले से चूक गए। फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना एक और चीनी जोड़ी, तांग हुईकी और हान यिनान से हुआ। शुरुआती नौ सीरीज तक मुकाबला 9-9 से बराबरी पर रहा। इसके बाद भारतीयों ने लगातार उच्च स्कोरिंग शॉट्स के साथ छह अंकों की बढ़त बनाई और अंत में 14वीं और अंतिम सीरीज को बराबरी पर समाप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारत ने दिन का अंत 22 स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों के साथ किया और कुल 40 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर बना रहा।

## विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने अंडर-18 व अंडर-21 वर्ग टीमों में जीते स्वर्ण पदक



● **भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप में भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 टीम वर्ग में क्रमश: जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते**

**कनाडा, वार्ता।** भारतीय तीरंदाजी टीमों ने विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते हैं।

विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में शुक्रवार को भारत ने पुरुषों के अंडर-18 और अंडर-21 कंपाउंड टीम वर्ग में क्रमश: जर्मनी और अमेरिका की टीम को हराकर स्वर्ण पदक जीते। कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 तिकड़ी ने फाइनल में जर्मनी की टीम के साथ चार सेटों के अंत में स्कोर 233-233 रहने के बाद हुये एक तनावपूर्ण शूट-ऑफ में हराया। इससे पहले, भारत ने क्वार्टर फाइनल में इजरायल को 235-233 से और सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य को 233-228 से हराया था। वहीं अंडर-18 फाइनल में मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश लसह की टीम ने अमेरिका के खिलाफ हाफ टाइम तक नौ अंकों की बढ़त बना ली और मुकाबला 224-222 से जीत लिया। क्वालीफिकेशन से शीर्ष वरीयता प्राप्त होने के कारण टीम सीधे खिताबी मुकाबले में पहुंच गई थी। इस बीच, भारतीय अंडर-18 महिला कंपाउंड टीम कांस्य पदक के मुकाबले में मैक्सिको से 221-210 से हार गई। अंडर-21 टीम क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। अगले दो दिनों में भारत व्यकितगत तीरंदाजी स्पर्धाओं में मुकाबला करेगा। अंडर-18 पुरुष कंपाउंड सेमीफाइनल में योगेश जोशी का सामना न्यूजीलैंड के हेक्टर मैकनेली से होगा, जबकि महिला अंडर-18 कंपाउंड सेमीफाइनल में पृथिका प्रदीप और सूर्या हमसिनी मदाला के बीच मुकाबला होगा। महिला अंडर-21 कंपाउंड ड्रॉ में, शीर्ष चार में चिकिथा तनिपर्थी का सामना मेक्सिको की पाउला डियाज मोरिलस से होगा। वहीं, अंडर-18 महिला रिकर्व सेमीफाइनल में शारवरी सोमनाथ शेंडे का सामना दक्षिण कोरिया की किम मिनजियोंग से होगा।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारत ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में बांग्लादेश को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए भूटान के थिम्पू स्थित चांगलिमथांग स्टेडियम में बांग्लादेश को 2-0 से हरा दिया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ष्बराबरी के मुकाबले के रूप में देखे जा रहे इस मैच में, भारत की अंडर-17 महिला टीम ने संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की।

#### एशिया कप दल से बाहर हुए बांग्लादेश के मेहदी हसन

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरुल हसन और ऑलराउंडर सैफ हसन की एशिया कप टीम में वापसी हुई है। बांग्लादेश ने यूएई में होने वाले टूर्नामेंट के लिए 16-सदस्यीय दल की घोषणा की, जो 30 अगस्त से नीदरलैंड्स के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगा। हालांकि इस दल में ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराजऔर मोहम्मद नईम को जगह नहीं मिली है, जो पिछले महीने पाकिस्तान को 2-1 से हराने वाली बांग्लादेश टीम का हिस्सा थे। मेहदी निजी कारणों से नीदरलैंड्स के खिलाफ सीरीज का हिस्सा नहीं होने वाले थे, लेकिन इसके कारण उन्हें एशिया कप से भी बाहर कर दिया गया। गौरतलब है कि मेहदी बांग्लादेश के वनडे टीम के कप्तान हैं। उन्होंने हाल ही में टी20 टीम में वापसी की थी, लेकिन कोई असर नहीं डाल पाए थे। हालांकि वह चार स्टैंडबाय खिलाध्यिों में शामिल हैं। वहीं नुरुल ने अपना पिछला टी20, 2022 के टी20 विश्व कप के दौरान खेला था, जब उन्होंने पांच पारियों में सिर्फ 41 रन बना पाए थे।

#### भारतीय महिला टीम ने जीती उपविजेता ट्रॉफी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला कुश्ती टीम ने बुल्गारिया के समोकोव में आयोजित 2025 अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में एक बार फिर इतिहास रचते हुए उपविजेता ट्रॉफी जीती और कुल 7 पदक - 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए। स्वर्ण पदक (57 किग्रा): तपस्या ने नॉर्वे की फेलिसिटास डोमजेवा को 5-2 के स्कोर से हराकर भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक (72 किग्रा): काजल ने चीन की युकी लियू को 8-6 से कड़े मुकाबले में हराकर भारत के लिए दूसरा स्वर्ण पदक जीता। रजत पदक (55 किग्रा): रीना फाइनल में पहुंची, लेकिन अमे. रिका की शीया लेडेकर से 10-2 से हार गईं।

## कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें: शुक्ला

● **कहा: दोनों क्रिकेटर फिट हैं, वनडे क्रिकेट भी खेल रहे हैं, टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके**



**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है।

कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को शुक्रवार को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। फेयरवेल की चिंता करना गलत- राजीव राजीव शुक्ला से जब फेयरवेल मैच को लेकर सवाल किया गया, तब वे बोले उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वन-डे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है। उन्होंने आगे कहा, फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित और 12 मई को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में साथ खेले आखिरी बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां को. हली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्द्धशतक बनाया था। प्ब्ब् के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। अगली वनडे सीरीज अक्टूबर में आस्ट्रेलिया में होनी हैं। दिसम्बर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे। विराट कोहली वनडे में 51 और रोहित शर्मा 32 शतक लगा चुके हैं। दोनों के शतक मिला दिए जाएं तो ये संख्या 83 पहुंच जाती है।

## नॉर्थ जोन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल



● **ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई, 28 सितम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शुभमन गिल 28 सितम्बर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नार्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा। टीम गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितम्बर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितम्बर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाई

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फार्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, नार्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है।

अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वाड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नार्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा। नार्थ जोन स्क्वाड नार्थ जोनरू शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, यु( वीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी। दलीप ट्रॉफी दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फार्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फार्मेट में कराने का फैसला लिया गया है। इस बार फिर दलीप ट्रॉफी के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत हो रही है।

## इस बार यूएस ओपन 15 दिन खेला जाएगा

● **इस साल 70 हजार अतिरिक्त प्रशंसकों के आने की उम्मीद है**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इस बार रविवार से शुरु हो रहा वर्ष का चौथा और आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन 15 दिनों तक खेला जायेगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने कहा कि अतिरिकत दिन से न केवल खिलाड़ियों पर कार्यक्रम संबंधी दबाव में कमी आयेगी और बल्कि प्रशंसकों का अनुभव भी बेहतर होगा। पिछले साल 2024 के संस्करण 832,000 से अधिक रिकार्ड दर्शकों को आकर्षित किया था।

इस बार साल 70 हजार अतिरि. कत प्रशंसकों के आने की उम्मीद है। अमेरिकी सनसनी बेन शेल्टन आर्थर ऐश स्टेडियम में एक क्वालीफायर के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। गत चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का मुकाबला रेबेका मासरोवा से होगा, जबकि रात के सत्र में 19 वर्षीय कैलिफोर्नियाई लर्नर टीएन और चार बार के यूएस ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के बीच मुक. ाबला देखने को मिलेगा। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एम्मा राडुकानू अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालीफायर के खिलाफ करेंगी, जबकि चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज का सामना हमवतन अमेरिकी एमिलियो नवा से होगा। बाद में शाम कोउवर्तमान 13वीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव का सामना फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी से होगा। पहले दिन जेसिका पेगुला, जैस्मीन पाओलिनी और एम्मा नवारो अपने-अपने मुक. ाबलों में स्पर्धा करेंगे। इस आयोजन को और अधिक समावेशी बनाने के लिए इस वर्ष ऑडियो-वर्णित मैच कमेंट्री, दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए अनुकूल सुविधाएं और बहुभाषी कैप्शनिंग भी शुरू किया।

## अर्जेंटीना टीम केरल में खेलेगी एक अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच

● **यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी**

● **कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएनेला के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेला था**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना टीम नवंबर में भारत आएगी और केरल में एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल फ्रेंडली मैच खेलेगी। भारत में अर्जेंटीना की विश्व चैपियन टीम किस टीम के साथ मैच खेलेगी इसकी अभी घोषणा नहीं हुई है।

यह मेसी और अर्जेंटीना पुरुष फुटबॉल टीम की 2011 के बाद भारत में पहली यात्रा होगी। उस समय उन्होंने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ फेंडली मैच खेला था। उस मैच में निक. ोलस ओटामेंडी ने गोल किया और अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और ला अल्बिसेलेस्ते के इस साल होने वाले फेंडली मैचों का शुरुआती प्रोग्राम जारी किया। नवंबर के मैच तीन मुकाबलों का हिस्सा होंगे, जो फीफा इंटरनेशनल लवडो के दौरान खेले जाएंगे।

बाकी दो मैच लुआंडा अंगोला में होंगे। एएफए ने बयान में कहा कि लियोनेल स्कालोनी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना टीम के पास 2025 में दो फीफा फेंडली लवडो होंगी।

पहली अक्टूबर में (दस से 14 तारीख तक) अमेरिका में होगी, जहां प्रतिद्वंदी और शहर तय किए जाएंगे। दूसरी 10 से 18 नवंबर तक होगी, जिसमें लुआंडा (अंगोला) और केरल (भारत) में मैच खेले जाएंगे, प्रतिद्वंदी बाद में तय होंगे। फ्रेंडली मैच के लिए केरल में सटीक जगह और शहर का ऐलान भी बाद में किया जाएगा।

कोच्चि का जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम राज्य का सबसे बड़ा फुटबॉल मैदान है। मेसी दिसंबर में भारत के व्यकितगत दौरे पर भी आएंगे। यह प्रमोशनल इवेंट 'गोट टूर ऑफ इंडिया 2025' नाम से होगा, जिसमें कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और नई दिल्ली शामिल रहेंगे। 38 साल के मेसी बीजिंग 2008 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने 2022 में अर्जेंटीना को फीफा विश्व कप जिताया और पिछले साल दूसरी बार कोपा अमेरिका भी जीता।

● **विमेंस वर्ल्डकप से पहले टीम इंडिया का कैंप विशाखापट्टनम में**

## 25 अगस्त से शुरू होगा महिला विश्व कप

● **साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से इसी मैदान पर होगा भारत से मैच**

साउथ अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से यहीं मैच होगा

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारतीय विमेंस टीम की वनडे वर्ल्ड कप तैयारियों के लिए विशाखापट्टनम में ट्रेनिंग कैंप लगाया जाएगा। भारत इसी मैदान में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लीग मैच भी खेलेगा।



एक रिपोर्ट के मुताबिक कैंप 25 अगस्त से शुरू होगा और खिलाड़ियों को एक दिन पहले रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। 15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम के अलावा इस कैंप में 6 स्टैंडबाय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। इनमें सायली सातघारे भी हैं, जिन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम में चुना गया है, लेकिन वर्ल्ड कप में उनकी जगह आलराउंडर अमनजोत कौर वापसी करेंगी। इस कैंप इंडिया-ए टीम को भी शामिल किया जा सकता हैं। टीम इस समय ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनआफिशियल टेस्ट खेल रही है। इंडिया-ए टीम न्यूजीलैंड से बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में अपना पहला वार्म-अप मैच खेलेगी। वहीं श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका को-होस्ट शहर कोलंबो में रहेंगे और वहीं अपने वार्म-अप मैच खेलेंगे। राधा यादव 24 अगस्त को जुड़ेंगी आलराउंडर राधा यादव 24 अगस्त को मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम से जुड़ेंगी। वे फिलहाल ब्रिसबेन में रेड-बाल मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी कर रही हैं। राधा यादव इंडिया-ए की आस्ट्रेलिया दौरे में कप्तानी कर रही हैं। विशाखापट्टनम में भारत के 2 लीग मैच कैंप का स्थान भी स्ट्रैटजी के तहत चुना गया हैं। भारत अपने दो लीग मैच, 9 अक्टूबर को अफ्रीका और 12 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम स्टेडियम में खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार 2014 में यहां वनडे खेला था। उस समय से अब तक वर्ल्ड कप टीम में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और स्नेह राणा ही शामिल हैं। विशाखापट्टनम के अलावा गुवाहाटी, इंदौर और नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम भी इस आठ टीमों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे।

# मूसलाधार बारिश से शिक्षानगरी में हर तरफ पानी ही पानी

## आजाद नगर, कृष्णानगर, गंगोतरी कुंज, सुभाष नगर, रामपुर चुंगी, सत्ती मोहल्ला, बंदा रोड के घरों में घुसा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**रुड़की।** सोमवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश से शिक्षानगरी में हर तरफ पानी ही पानी हो गया। कुछ गली मौहल्ले तो नदी नालों की तरह बहते हुए दिखाई दिये तो कुछ इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुसने से लाखों का नुकसान हुआ। वहीं दिन निकलने के बाद लोग अपने घरों से पानी निकालने में जुटे रहे लेकिन पानी ज्याद होने की वजह से लोगों के घरों में बडी तादाद में सामान खराब हो गया। रसोई व बेडरूम तक पानी चला गया। हर तरफ



हाहाकार का आलम रहा। आजाद नगर, गणेशपुर, सत्ती मौहल्ला, बंदा रोड, आदर्श नगर, बीएसएम चौक, रामपुर चुंगी, गंगोत्री कुंज, कृष्णानगर में पानी का बुरा हाल रहा। गली मौहल्ले भी एक तरह से नदी की तरह दिखाई दिये। लोगों को सुबह उठते ही पानी की वजह से बडी आफत झेलनी पडी तो नगर निगम के नाला सफाई अभियान की भी बारिश ने पूरी तरह पोल खोल दी। लोगों में प्रशासन व निगम के खिलाफ भारी आक्रोश है।

शुक्रवार की रात में हुई तेज बारिश से पूरे शहर में जलभराव इतना भयंकर हो गया कि लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। मुख्य बाजारों, गलियों और मोहल्लों में पानी भर जाने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।





लोग मजबूर हैं कि वे न तो सुरक्षित अपने काम पर जा पा रहे हैं और न ही वाहन लेकर सड़क पर उतरने की हिम्मत जुटा पा रहे हैं। कई जगह हालात इतने खराब हैं कि पानी का स्तर वाहनों के टायर तक चढ़ गया है। नगर निगम के विकास कार्यों और नालियों की सफाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मेयर अनीता अग्रवाल और उनके अधिकारियों की निष्क्रियता ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। जनता अब सवाल कर रही है कि आखिर नगर निगम टैक्स लेने के बाद भी शहर की जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था क्यों नहीं करता। लोगों का कहना है कि निगम अगर तुरंत नालियों की सफाई और पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं करता, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।





### गंगनहर पुलिस ने फरार वारंटी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर पुलिस ने फरार चल रहे एक वारंटी को न्यायालय के आदेश पर दबोच लिया। न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शतप्रतिशत तामिल करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से अपर उप निरीक्षक मनीष कवि कांस्टेबल 1358 राहुल, कांस्टेबल 570 अर्जुन के रवाना शुदा थाना क्षेत्र में देखरेख शांति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध/ व्यक्ति छठें तामील में रवाना थे। दिनांक 22/08/2025 को अभियुक्त जीशान पुत्र इकबाल निवासी खाता खेड़ी रुड़की जनपद हरिद्वार के मस्कन पर दबिश दी गई अभियुक्त घर पर मौजूद मिला अभियुक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### सगे फूफा ने नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के गांव में सगे फूफा ने अपनी नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म पोकशो में मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली लक्सर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग भतीजी के माता पिता की कुछ साल पहले मृत्यु हो चुकी है। भतीजी कुछ महीने पहले इमलीखेड़ा में अपने सगे फूफा नीटू के घर पर रहने के लिए आई थी। नीटू उस पर गलत निगाह रखता था।उसने नाबालिग के साथ 5-6 माह से दुष्कर्म करता रहा।किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता रहा है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी नीटू निवासी इमलीखेड़ा के खिलाफ दुष्कर्म पोकशो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को हज हाउस के पास पिरान कलियर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर रेलवे अंडर पास के नीचे भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ आगे गुरुकुल मार्ग पर बना रेलवे अंडरपास के नीचे मूसलाधार बारिश होने से अधिक पानी भर जाने से वहां से आने जाने वाले लोगों के लिए सर दर्द बन गया है। शनिवार सुबह वहां से आने जाने वाले लोग अपने-अपने वाहनों को मोड़कर दूसरे वैकल्पिक मार्ग जो लगभग 10 किलोमीटर पड़ता है से होकर अपने गंतव्य तक पहुंचे।

शुक्रवार आधी रात के बाद मूसलाधार बारिश होने से किसानों के खेतों में खड़ी धान की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार आधी रात के बाद कस्बा व क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश जो शनिवार सुबह तक होती रही इससे जहां किसानों के खेतों में खड़ी धान की फसल धरती पर गिर जाने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी ओर कस्बे से कुछ आगे गुरुकुल मार्ग पर बने रेलवे अंडरपास में लगभग तीन फुट बारिश का पानी भर जाने से वहां से आने जाने वाले हजारों लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह वहां से आने जाने वाले हजारों वाहन चालकों को दूसरे वैकल्पिक मार्गों से होकर अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। किसी बाइक सवार द्वारा पानी से होकर निकलने की हिम्मत दिखाई तो उसकी बाइक अंडरपास के नीचे बीच पानी में ही बंद हो गई।जिससे उसे पैदल बाहर निकाल कर सीधे बाइक मिस्त्री के पास ही ले जाना पड़ा। कुछ छात्र-छात्राए जो साइकिल से स्कूल आते जाते हैं उन्हें वापस घर जाना पड़ा। काफी देर बाद लगभग 10:00 बजे रेलवे अंडरपास में भरे पानी को निकालने के लिए ट्रैक्टर लगाकर पानी निकालने की व्यवस्था की गई। कस्बा में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों राजवीर सिंह अरविंद कुमार भोला सिंह यशवीर सिंह आदित्य कुमार विशाल जयवीर पवार आदि किसानों का कहना है कि इस समय किसानों के खेत में धान की फसल लगभग तैयार हो गई है। धान की अधिकतर फसल धरती पर गिर गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है।

### हत्या मामले में फरार 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंग नहर कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 25000 के बदमाश को धर-दबोच कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा मृतक दीपक रावत की हत्या में शामिल फरार अभियुक्त सोनू पुत्र शंकर निवासी ग्राम व थाना विष्णुगढ़ जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश की गिरफ्तारी हेतु 25000 रुपए का इनाम घोषित किया गया था तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण मे क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर को फरार इनामी हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर फरार इनामी हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु विभिन्न राज्यों में रवाना किया गया।

पुलिस टीम में नियुक्त वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय शाह, उप निरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल बबीता, कांस्टेबल अर्जुन तथा कांस्टेबल अमित सोलंकी द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर इनामी अभियुक्त सोनू उपरोक्त को भागीरथी रेगुलेटर फुल थाना मुरादनगर पुलिस कमिश्नर गेट गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया जिसके द्वारा पुलिस पूछताछ में अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि मैं राजा शर्मा उर्फ सुखविंदर, मोहसिन तथा विधि विवादित किशोरी के साथ मिलकर दीपक रावत की हत्या कर गंगनहर (मुराद नगर गाजियाबाद) में फेंक दिया था अभियुक्त को बाद विधिक कार्रवाई के माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ज जा रहा है।

### भाजपा नेता व सभासद पति पर लगया मारपीट का आरोप

**रुड़की।** भाजपा मंडल अध्यक्ष ने भाजपा नेता एवं सभासद पति पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मारपीट में मंडल अध्यक्ष को गंभीर चोटे आई हैं। आरोप है कि मारपीट करने वालो ने पैसे भी लूट लिए। मामले में पुलिस को तहरीर भी दी गई है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी विकास पाल के भतीजे पर मारपीट करने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। ढंढेरा नगर पंचायत से सभासद विकास पाल भाजपा लंढौरा मंडल के अध्यक्ष भी है। विकास पाल ने बताया कि वह ढंढेरा में जलप्रभाव से पीड़ित हुए लोगों को क्षेत्रीय लेखपाल के साथ चेक वितरित करवा रहे थे। तभी वहां पर भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष जसवीर पाल वहां आए उनके साथ उनका पुत्र एवं सभासद पति अभिषेक भी था। विकास के अनुसार उन दोनों के द्वारा गाली गलौज करते हुए उनसे मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट में विकास पाल को गंभीर चोटे आई है जिनका उपचार उन्होंने सिविल अस्पताल में करवाया।

### दरगाह क्षेत्र में चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह साबिर पाक के सालाना उर्स मेले के मद्देनजर दरगाह क्षेत्र में बीडीएस की टीम ने चेकिंग दरगाह क्षेत्र में अभियान चलाया। पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक का सालाना उर्स/मेला में शामिल होने के लिए देश विदेश से जायरीन कलियर पहुंचते हैं।जायरीनो की सुरक्षा के लिए बीडीएस की टीम के प्रभारी एसआई ललित मोहन ने टीम के साथ दरगाह परिसर,साबरी मेहमान खाना समेत अन्य स्थानों पर चेकिंग की।एसआई ललित मोहन ने बताया की उर्स/मेले की सुरक्षा के मद्देनजर दरगाह क्षेत्र और आसपास में बीडीएस की टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस मौके पर बीडीएस टीम में ललित मोहन, मनजीत सिंह, दिवेश कुमार,सर्वेश कुमार आदि शमिल रहे।

### शाह अब्दुल रहीम साबरी के जमाने से चली आ रही

## साबिर पाक सालाना उर्स के मेहंदी डोरी की रस्म की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के सालाना उर्स की मेहंदी डोरी की रस्म की शुरुआत शाह अब्दुल रहीम साबरी कुद्दुसी के जमाने से चली आ रही है। आज भी यह रस्म दरगाह साबिर पाक के मौजूदा सज्जादानशीन अंजाम देते है।

कलियर सज्जादानशीन परिवार के सदस्य साहिबजादा शाह खालिक मियां ने जानकारी देते हुए बताया कि मेहंदी डोरी की रस्म रबीउल अव्वल का चांद दिखाई देने पर ईशा की नमाज के बाद सज्जादानशीन अदा करते हैं।उनके साथ जायरीनों सूफी संतों एव बस्ती के लोगो के साथ नंगे पांव अपने कदीमी(पुराने)घर रवाना होते है।जो आज के दौर



में शाह नन्हे मियां साबरी कुद्दुसी मरहूम के घर के नाम से जाना जाता है।मेहंदी डोरी की रस्म से पहले फातिहा ख्वानी की जाती है।मेहंदी डोरी व अन्य सामग्री का इंतजाम साहिबजादा शाह खालिक मियां साबरी करते है। उन्होंने बताया कि मेहंदी और उप्टन कुंवारी लड़कियां तैयार करती है।मेहंदी डोरी को दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली ऐजाज साबरी कुद्दुसी शाह खालिक मियां के घर से लेकर सूफियाना कलाम पढ़ते हुए दरगाह साबिर पाक के लिए रवाना होते है।उसके बाद सज्जादानशीन दरगाह साबिर पाक में मेहदी डोरी संदल पेश करते है। संदल मेंहदी साबिर पाक के मजार शरीफ में पैश करते हैं।उन्होंने बताया कि मेहंदी डोरी की रस्म रविवार की शाम को चांद दिखाई देने के बाद होने की संभावना है।नही तो सोमवार को मेहंदी डोरी की रस्म अदा की जाएगी।उसके बाद साबिर पाक का 757 वां सालाना उर्स शुरू हो जाएगा।

### शराब न छोड़ने से नाराज पिता ने पुत्र को मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर थाने की इमली खेड़ा चौकी क्षेत्र के गांव निवासी आप ने बेटे की शराब न छोड़ने की आदत से नाराज होकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रांघढ़वाला में एक पिता ने अपने इकलौते पुत्र की किसी नुकीली चीज से मारकर हत्या कर दी। पिता मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार रांघढ़वाला निवासी घसीटा का अपने पुत्र सन्नी (35) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।बताया जा रहा है कि मृतक सन्नी शराब का आदि था।और शराब पीकर घर मे हंगामा करता था।पिता अपने पुत्र को शराब पीने के लिए मना करता था। शुक्रवार को भी सन्नी ने शराब पी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया।बात इतनी बढ़ी कि दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। पिता ने किसी नुकीली चीज से बेटे के सीने में वार कर दिया।जिससे सन्नी की मौके पर ही मौत हो गई।पुत्र की मौत होने पर पिता मौके से फरार हो गया। मौत की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया।

**पब्लिक नोटिस**

श्रृंखला विलेख/खोने/गिरने के संबंध में — दि. 22.08.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति रिहायशी प्लाट रकबई 2475 वर्ग गज अर्थात 230.75 वर्ग मीटर, वाके ख.नं. 79 ग्राम बहादरपुर खादर परगना मंगलौर तह. लक्सर जि. हरिद्वार को उसके मालिक कुर्बान अली पुत्र बुन्दू हसन द्वारा पीरामल फाईनेंस लि. के पक्ष में गिरवी रखते हुए ऋण लेना प्रस्तावित है। इस बाबत कुर्बान अली पुत्र बुन्दू हसन द्वारा यह भी प्रदर्शित किया गया है कि 29.01.2013 इकरारी भोला राम व रामकुमार पुत्रगण महेंद्र सिंह बहक श्रीमती राजदुलारी पत्नी करण पाल जिसकी रजि. दफ्तर सब रजिस्ट्रार लक्सर हरिद्वार में बही नं. 1 जिल्द नं. 1385 पृष्ठ 59-30 दस्तावेज नं. 858 दि. 29.01.2013 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाश के बाद नहीं मिला है।
पीरामल फाईनेंस लि. सभी को इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित करता है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस संपत्ति के संबंध में पूर्णतया या अंशत, बिक्री, गिरवी, दान, पार्टनरशिप, अधिकार पत्र, पट्टे, किरायेदारी द्वारा किसी भी प्रकार का हित रखता हो तो इस पब्लिक नोटिस के जारी होने के सात दिन के अंदर पीरामल फाईनेंस लि. वाके रानीपुर मोड हरिद्वार पर तुरंत संपर्क कर साक्ष्य सहित अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है।

वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट
चै. नं. 95 सिविल कोर्ट सहारनपुर, मो. नं. 9837040508

### बेढ़पुर संघर्ष में 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बेडपुर में बच्चो में हुए विवाद में पुलिस में एक पक्ष की तहरीर पर 15 लोगो के खिलाफ धारदार हथियार, लाठी डंडों से हमला कर घायल करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। अहसान निवासी बेडपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि निकाय चुनाव में वार्ड सभासद पद के चुनाव को लेकर रंजिश चली आ रही है।जिस कारण विपक्षी गण उनसे रंजिश रखते हैं।रविवार की रात 8 बजे के करीब उसका भाई अकरम और मामा का पुत्र अहसान कलियर से बेडपुर आ रहे थे।जैसे ही वह बेडपुर में कब्रिस्तान के पास पहुंचे तो घात लगाकर बैठे लोगों ने उन पर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें उसका भाई और मामा का लड़का घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए रूडकी अस्पताल भिजवाया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की हैं।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया अहसान की तहरीर पर दीन मोहम्मद, अकरम,सलीम, दिलबाग, शहनवाज, इमरान, जुबैर, वसीक,सनव्वर, रिहान, इंतजार, शेरखान, शाहरून, अहमद आजम,तहसीन निवासीगण बेडपुर के खिलाफ मारपीट ,गालीगलौज करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

### मकान से चोरी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली पुलिस ने निर्माण धीन मकान से चोरी करने वाले एक आरोपी को दबोच कर उससे चोरी का माल बड़ा मत कर लिया है जानकारी के अनुसार मुनेश त्यागी (ठेकेदार) पुत्र स्वर्गीय ताराचंद निवासी 792 ए गणेशपुर रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार द्वारा थाना हाजा उपस्थित आकर एक किता प्रार्थना बाबत किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के निर्माणाधीन मकान से टोन्टी जेट, एंगल वॉल, विंडो व अन्य सामान चोरी कर ले जाने के संबंध में दाखिल किया गया, दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर मुखबिर खास की सूचना के आधार पर अभियुक्त मोमीन पुत्र शब्बीर निवासी बंदा रोड माहीग्रान रुड़की कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को मय बरामदा चोरी के मॉल बढ़ोतरी धारा 317(2) बीएनएस के लाठर देवा तिराहा के सामने आम के बाग से गिरफ्तार किया गया हजार रुपए का चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।

## लगातार बारिश से मकान की टीन शेड की छत गिरी, दंपति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** शुक्रवार आधी रात्रि के बाद हुई मूसलाधार बारिश से ग्राम मानकपुर आदमपुर में मकान की छत जो टीन शैड से बनी थी। गिरने से उसके नीचे रह रहे पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों को प्रशासनिक टीम द्वारा इलाज के लिए रुड़की स्थित सिविल अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। दंपति के अलावा गांव के 6 अन्य पीड़ित लोगों को भी प्रशासन की ओर से राहत सामग्री के चेक दिए गए हैं।

नायब तहसीलदार अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार रात्रि मूसलाधार बारिश के चलते ग्राम मानकपुर आदमपुर निवासी राजपाल व उनकी पत्नी केशव देवी जो टीन शैड से बनी छत के मकान में रह रहे थे बारिश के कारण टीन शेड की चद्दर गिरने से उसमें रह रहे उक्त पति-पत्नी घायल हो गए ।घायलों को प्रशासनिक टीम द्वारा रुड़की सिविल अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। घायलों को प्रशासन की ओर से अतिवृष्टि के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि के रूप में राजपाल को 5000 का चेक भी दिया गया है। इनके अलावा गांव के ही 6 अन्य पीड़ित व्यक्तियों नाथीराम शौकत शीला देवी मोनिका सोनू तथा खुशनसीब



को भी अतिवृष्टि के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि के रूप में उक्त सभी को ढाई ढाई हजार रुपए की सहायता राशि के चेक दिए गए हैं। दूसरी ओर इकबालपुर कॉलोनी में भी बरसात का पानी भरने से प्रशासनिक टीम द्वारा जे बी सी लगाकर खुदाई करने के बाद पानी निकासी का रास्ता बनाकर पानी की निकासी कराई गई। प्रशासनिक टीम में नायब तहसीलदार अनिल कुमार गुप्ता लेखपाल बिजेंदर गिरी राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश लेखपाल प्रवीण राठौर शामिल रहे।

### भारी बारिश से रुड़की उपकारागार की दीवार टूटी

## जेल परिसर में भरा पानी, अधिकारी मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की में बीती रात्रि हुई भारी बारिश के कारण रुड़की उप कारागार की एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। दीवार टूटने के बाद जेल परिसर में वर्षा का पानी भर गया, जिससे कैदियों और कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार बीती रात्रि हुई भारी बारिश के कारण रुड़की उप कारागार की एक दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। हालाँकि जेल प्रशासन ने तुरंत स्थिति का जायजा लिया और स्पष्ट किया कि सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार का खतरा नहीं है। संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर टूटी दीवार का निरीक्षण किया और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया।

वहीं दूसरी ओर शुक्रवार की रात में हुई तेज बारिश से पूरे शहर में जलभराव इतना भयंकर हो गया कि लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।



## राष्ट्रपति ट्रम्प की कठोर नीति का दिखने लगा कुप्रभाव

# अमेरिका में घटी अप्रवासी आबादी



■ विशेषज्ञ बोले: अर्थव्यवस्था को होगा नुकसान, गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है
■ अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अप्रवासियों के खिलाफ सख्त रुख रहा है। इसके चलते ट्रम्प प्रशासन में बड़े पैमाने पर अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया गया और सीमा पर सख्ती की गई।

अब उनकी कठोर नीतियों का असर दिखना भी शुरू हो गया है। दरअसल अमेरिका में रहने वाले अप्रवासियों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के एक ताजा अध्ययन के अनुसार, अमेरिका में जनवरी 2025 से लेकर जून 2025 के बीच अप्रवासियों की संख्या में करीब 15 लाख की कमी दर्ज की गई है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार अमेरिका में आप्रवासियों की कुल संख्या इस साल की शुरुआत में 5.33 करोड़ थी, जो अब घटकर लगभग 5.19 करोड़ रह गई है। प्यू रिसर्च सेंटर की यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई। प्यू रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ जनसांख्यिकीविद् जेफरी पासेल ने मीडिया को बताया कि हम जिस डेटा पर गौर कर रहे हैं, वह एक नाटकीय बदलाव दर्शाता है। इस गिरावट का असर श्रम बाजार पर भी पड़ रहा है। प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, आप्रवासियों की संख्या में कमी के कारण कार्यबल ने 750000 से ज्यादा कर्मचारियों को खो दिया है। रिपोर्ट में पासेल के हवाले से बताया गया कि श्अमेरिका में कामकाजी उम्र के लोगों की आबादी नहीं बढ़ रही है। इसका मतलब है कि कार्यबल में वृद्धि का एकमात्र तरीका नए प्रवासियों का आना है। अगर कार्यबल नहीं बढ़ता है, तो अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किलें खड़ी होंगी। पासेल ने कहा कि आप्रवासी आबादी में भारी गिरावट अभूतपूर्व है। दिलचस्प बात ये है कि अमेरिका में अवैध अप्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आनी शुरू हो गई है। साल 2023 में यह आंकड़ा 1.4 करोड़ था। अमेरिका में अप्रवासियों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन अभी भी दुनिया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी अमेरिका की ही है। अमेरिका की कुल आबादी में अप्रवासियों की जनसंख्या का प्रतिशत 15.8 प्रतिशत था, जो अब घटकर 15.4 प्रतिशत रह गया है। टेक्सास और कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा अप्रवासी आबादी रहती है।

## भारत संग बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी की ट्रम्प को लताड़

■ किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है: जॉन केरी

**वाशिंगटन।** भारत पर 50 फीसदी लगाने और बिगड़ते रिश्ते पर एक और पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लताड़ लगाई है। ओबामा प्रशासन में विदेश मंत्री रहे जान केरी ने कहा कि किसी कूटनीतिक प्रयास के बिना अल्टीमेटम देना कोई महानता नहीं है।

भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। केरी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प और पीएम मोदी के बीच टकराव सही नहीं है। हम इससे चिंतित हैं। बड़े राष्ट्र हमेशा लोगों को अल्टीमेटम देकर महानता प्रदर्शित नहीं करते हैं। बल्कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिये काम करते हैं। ताकि आम सहमति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि ओबामा शासन के दौरान बातचीत सहयोग और सम्मान के साथ होती थी। लेकिन अब कुछ ज्यादा ही आदेश, दबाव और धक्का-मुक्की हो रही है। केरी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत और अमेरिका मिलकर व्यापार विवाद सुलझा लेंगे। भारत ने स्पष्ट रूप से बेहतर पेशकश की है। पीएम मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल हमारे मित्र हैं।




झारखंड। रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।

## जेलेंस्की के ऑफिस पर मिसाइल हमले को बेताब थे रूसी अधिकारी

बेलारूस। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने दावा किया है कि रूस के कुछ अधिकारियों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में राष्ट्रपति जेलेंस्की के आफिस पर ओरेशनिक मिसाइल से हमले का प्रस्ताव रखा था। हालांकि, राष्ट्रपति पुतिन ने इसे खारिज कर दिया। लुकाशेंको ने कहा: यह एक सीक्रेट जानकारी है। रूस में कुछ लोगों ने यह विचार रखा था। मैं यह नहीं बताऊंगा कि वे कौन थे। पुतिन ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। अधिकारी हमला करने को तैयार थे। अगर 'ओरेशनिक' मिसाइल से हमला होता, तो कुछ भी नहीं बचता। इससे पहले, लुकाशेंको ने ऐलान किया था कि बेलारूस 2025 के अंत तक 'ओरेशनिक' मिसाइल सिस्टम तैनात करने की योजना बना रहा है। बता दें कि 'ओरेशनिक' एक मिडिल रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी मैक्सिमम रेंज 5500 किलोमीटर है। यह मिसाइल 10 मैक की स्पीड (12,400 किलोमीटर प्रति घंटा) से उड़ती है और 900 किलोग्राम तक का परमाणु हथियार ले जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान व पाक से 1693 अफगान शरणार्थी परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के 1693 शरणार्थी परिवार हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। शरणार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि इन शरणार्थियों में 6202 लोग शामिल हैं। ये शरणार्थी पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार, पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार करके अफगानिस्तान पहुंचे।

### न्यूयार्क में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

**अल्बानी।** न्यूयार्क में शुक्रवार को नायग्रा फाल्स से न्यूयार्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयार्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए।

### जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रुटे के बीच वार्ता

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रुटे से यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के विषय में उनकी बात हुई है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि शुक्रवार को हुई बातचीत का उनका उद्देश्य उत्तरी अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 के समान कोई सुरक्षा गारंटी प्राप्त करना है।

### अफगान में नदी में गिरा ट्रैक्टर, 12 लोगों की मौत

**काबुल।** दक्षिणी अफ़ग़ानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शुक्रवार को एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हाफिज़ अब्दुल बारी राशिद ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह भीषण दुर्घटना गरमसिर जिले में हुई, जिसमें तीन महिलाओं और नौ बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल भी बच्चे हैं। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाकर्मी समय पर घटनास्थल पर पहुंच गए और 14 अन्य लोगों को बचा लिया गया।

## ट्रम्प ने पुतिन को फिर से वार्ता के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय दिया

■ यूक्रेन शांति वार्ता शुरू होने का कोई संकेत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने के लिए 'कुछ हफ्ते' का समय और देंगे, जिससे रूस के खिलाफ संभावित नतीजों तक पहुँचने के लिए उनकी समय सीमा और बढ योजगी।


उल्लेखनीय है कि रूसी शीर्ष नेता से दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने की उम्मीद से जेलेंस्की से मिलने और युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया था। सीएनएन ने ट्रम्प से पूछा था कि यदि पुतिन मुलाकात के लिए तैयार नहीं हुए तो आप क्या करेंगे। इस पर ट्रम्प ने जवाब दिया कि मैं देखूंगा कि इसमें किसकी गलती है। अगर कोई वजह हैं तो मैं उसे समझूंगा। हम देखेंगे कि उनकी मुलाक़ात होती है या नहीं और अगर नहीं होती है तो उन्होंने मुलाक़ात क्यों नहीं की। मैंने उन्हें मुलाक़ात करने के लिए कहा था लेकिन मुझे दो हफ्ते में पता चल जाएगा कि मेरी कोशिश कहां तक पहुंची है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों नेताओं के बीच बैठक की कोई योजना नहीं है। ट्रम्प ने पिछले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मुलाकात की थी और इस सप्ताह व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और अन्य यूरोपीय नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद शांति वार्ता जोर पकड़ती नजर आ रही थी लेकिन अब इस पहल में फिर से गतिरोध नजर आने लगा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन को यूक्रेनी समकक्ष से मिलने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था जिसे ट्रम्प कई बार दोहरा चुके हैं।

## मैक्सिको ने ड्रग कार्टेल में अमेरिका हस्तक्षेप को फिर से किया खारिज

**मेक्सिको।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक बार फिर देश के ड्रग कार्टेल पर कार्रवाई करने में किसी भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को खारिज किया है। सुशीनबाम ने एक कार मैक्सिको की संप्रभुता को दोहराया। ड्रग कार्टेल एक आपराधिक संगठन है जो अलग-अलग ड्रग माफियाओं से मिलकर बनता है, जो लाभ बढ़ाने और अवैध ड्रग व्यापार पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए आपस में गठजोड़ करते हैं। ये कार्टेल अवैध ड्रग्स की आपूर्ति और कीमतों को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखते हैं मेक्सिको सिटी में राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिको स्वतंत्र और संप्रभु है। किसी भी विदेशी सरकार को वह अपनी स्वायत्तता का उल्लंघन नहीं करने देगा। उनकी यह टिप्पणी अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन प्रशासन प्रमुख टेरी कोल की उस टिप्पणी के जवाब में आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी एजेंसी मैक्सिकन ड्रग कार्टेल पर हमला करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले का समर्थन करेगी।

## SCO के इतिहास का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन होगा: चीन

### भारतीय पीएम मोदी समेत 20 विश्व नेता और 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी होंगे शामिल



■ पाक पीएम शहबाज शरीफ, नेपाल पीएम केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू भी भाग लेंगे

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि इस महीने के अंत में होने वाला शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन संगठन के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा। इस बैठक में 20 देशों के नेता भाग लेंगे, जिनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर के बीच चीन के तियानजिन शहर में होगा। पांचवीं बार इस दस सदस्ईय समूह की मेजबानी चीन करेगा।

सहायक विदेश मंत्री लियू बिन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह एससीओ के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। लियू ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी व कई अन्य वैश्विक नेता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबिआंतो, मलयेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह जैसे प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। उपमहाद्वीप से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। लियू ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और एससीओ महासचिव नुरलान यरमेकबायेव सहित 10 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी भी इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस वजह से यह आयोजन एससीओ के इतिहास का सबसे बड़ा बन जाएगा। इस साल चीन एससीओ की अध्यक्षताकर रहा है। एससीओ के 10 सदस्य देश रूस, भारत, ईरान, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, बेलारूस और चीन हैं। इस विस्तारित एससीओ प्लस सम्मेलन को चीन के वैश्विक प्रभाव को दिखाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ज्यादातर नेता इस दो दिवसीय सम्मेलन के बाद भी कुछ समय रुकेंगे, ताकि तीन सितम्बर को बीजिंग में होने वाली चीन की सबसे बड़ी सैन्य परेड को देख सकें। यह परेड जापानी आक्रमण और फासीवाद विरोधी युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होगी। चीन इस परेड में चौथी पीढ़ी के टैंक और लड़ाकू विमान, ड्रोन आधारित खुफिया और सुरक्षा उपकरण और आधुनिक मिसाइलों का प्रदर्शन करेगा, जिनमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी शामिल हैं। यह जानकारी चीन के सरकारी मीडिया ने दी है। लियू ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग एससीओ के सदस्य देशों के प्रमुखों की परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वह एससीओ प्लस बैठक का भी संचालन करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। शी जिनपिंग सम्मेलन में आए नेताओं के लिए स्वागत भोज और द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित करेंगे।

## बांग्लादेश में मीडिया पर कसा गया शिकंजा

### शेख हसीना के बयानों को प्रसारित न करने की चेतावनी



■ उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मीडिया संस्थानों को अवामी लीग की नेता व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के किसी भी बयान का प्रसारण या प्रकाशन न करने की चेतावनी दी है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने कहा, हम हसीना की बातों और बयानों को फैलाने वाले और भविष्य में ऐसा करने की मंशा रखने वाले मीडिया को चेता रहे हैं कि हम उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, टेलीविजन चौनलों, समाचार और ऑनलाइन पोर्टलों पर हसीना के ऑडियो चलाना आतंकवाद विरोधी कानून 2009 का उल्लंघन है। इसमें हसीना को एक दोषी अपराधी व सामूहिक हत्याओं और मानवता के खिलाफ अपराधों का भगोड़ा आरोपी बताया गया है। हसीना को को पांच अगस्त 2024 को सड़क आंदोलनों के बाद सत्ता से हटाया गया था। वे इस समय अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में कई केस का सामना कर रही हैं, हालांकि अभी सजा नहीं हुई है। गौरतलब है कि बीते साल जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंतत: 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को एक स्थानीय अदालत ने 26 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया है। विक्रमसिंघे को सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया था। श्रीलंका की स्थानीय मीडिया के अनुसार शुक्रवार रात कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने यह फैसला तब लिया जब सीआईडी की ओर से देश के अटॉर्नी जनरल विभाग के एक प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि विक्रमसिंघे के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम के तहत सबूत पेश किए जाएंगे। प्रतिनिधि ने अदालत से अनुरोध किया कि जांच पूरी न होने के कारण संदिग्ध को रिमांड पर लिया जाए।

## मस्क-ट्रम्प को लड़वाने वाले सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत बने

**ट्रम्प के चौकीदार कहे जाते हैं गोर, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: मुझे उन पर पूरा भरोसा, ट्रम्प ने 7 महीने बाद चुना भारत का राजदूत**

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

सर्जियो गोर को मस्क और ट्रम्प के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं। पहले उनका काम ट्रम्प से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रम्प से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स जो ट्रम्प तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है। गोर को नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-कि गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है। जबकि ट्रम्प ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रम्प के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रम्प के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कटर समर्थक हैं। गोर व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रम्प की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर को ऐसे समय में भारत में अमेरिका का राजदूत बनाया जा रहा है जब टैरिफ को लेकर अमेरिका से उसका विवाद चल रहा है।

## चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

■ 30 मौजूदा सीएम की कुल संपत्ति में 57 प्रतिशत सिर्फ नायडू के पास

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति है।

देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपये की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ रुपये का कर्ज भी है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। 27 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके यह रिपोर्ट तैयार की है।

## भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से रुपये-युआन में व्यापार होगा

■ पहले सामान के बदले सामान का लेन-देने होता था यहां मनी एक्सचेंज भी खुलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला चीनी विदेश मंत्री वांग ई की भारत यात्रा के दौरान हुआ।

लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया है। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। सबसे अहम यह है कि व्यापार अब भारतीय रुपये और चीनी युआन में होगा। अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित था। तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं। हालांकि, नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। ब्रिटिश काल में भी लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। सदियों से तिब्बत के साथ हमारा व्यापार वस्तु विनिमय पर होता आया है। हम लंबे समय से स्थानीय मुद्रा में व्यापार की मांग कर रहे थे।

## अमेरिका ने फिर बढ़ाई टिकटॉक पर प्रतिबंध की समय सीमा

■ टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह टिकटॉक को उसके चीनी मालिक बाइटडांस से अलग करने की समयसीमा को चौथी बार बढ़ाने के लिए तैयार हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करना पड़ेगा।

एक संघीय कानून के तहत लोकप्रिय शॉर्ट-फॉर्म वीडियो एप को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के लिए अपने मालिकाना हक में बदलाव करना होगा। इसके लिए टिकटॉक को सितम्बर के मध्य तक नया अमेरिकी मालिक ढूंढना है। इससे पहले प्रतिबंध की समयसीमा जनवरी, फिर अप्रैल और बाद में जून में बढ़ाई गई थी। अब इसे एक बार और बढ़ाया गया है। ट्रम्प का कहना है कि टिकटॉक को खरीदने के लिए कई बड़े अमेरिकी खरीदार तैयार हैं, लेकिन यह सौदा अगले महीने तक पूरा नहीं हो पाएगा, क्योंकि इसमें चीन की मंजूरी भी जरूरी है। कांग्रेस पहले ही टिकटॉक पर प्रतिबंध की मंजूरी दे चुकी है, जब तक कि इसकी मूल कंपनी बाइटडांस अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी नहीं बेच देती।



# पिता के खिलाफ जाकर एक्ट्रेस बनी थी वाणी कपूर

**मुंबई।** दिल्ली में पली-बढ़ी वाणी कपूर आज बॉलीवुड की एक मशहूर एक्ट्रेस हैं। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने होटल में काम किया था। उनके परिवार का फिल्म इंडस्ट्री से कोई संबंध नहीं था और उनके पिता फिल्मों में आने के खिलाफ थे। हालांकि, उनकी मां ने सपोर्ट किया और फिर वह मुंबई आ गईं। वाणी ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और इसके बाद सीधे यशराज फिल्म्स की फिल्म साइन कर ली। उन्हें पहली ही फिल्म से पहचान तो मिली, लेकिन 2016 में रिलीज हुई बेफिक्रे में रणवीर सिंह के साथ उनके 23 किसिंग सीन ने उन्हें चर्चा में ला दिया। वाणी ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) से टूरिज्म में ग्रेजुएशन करने के बाद जयपुर के ओबेराय होटल में इंटर्नशिप की। इसके बाद वह ITC के होटल में काम करने लगीं और यही से उन्होंने फिल्मों में काम करने का मन बना लिया। दरअसल, होटल में एक बार किसी फिल्म की शूटिंग हो रही थी, जिसे देखकर वाणी को फिल्मी दुनिया काफी अच्छी लगी और उन्होंने अपना आगे का करियर उसी में बनाने के बारे में सोच लिया। जब एक्ट्रेस ने अपने इस फैसले के बारे में परिवार को बताया तो वो काफी गुस्सा हो गए थे। वे बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वाणी माडलिंग करें या फिल्मों में आएं। वाणी के पिता का हमेशा से यही मानना था कि लड़कियों की जल्दी शादी कर देनी चाहिए। उनकी बड़ी बहन की तो 18 साल की उम्र में ही शादी कर दी गई थी, लेकिन वाणी ने पूरा मन बना लिया था कि वह अपना करियर फिल्मों में ही बनाएंगी। ऐसे में उन्होंने पिता के खिलाफ जाकर माडलिंग की शुरुआत की और नौकरी भी छोड़ दी। इस फैसले में भले ही उनके पिता ने समर्थन नहीं दिया, लेकिन उनकी मां ने उनका पूरा साथ दिया। वाणी ने अपना मॉडलिंग करियर एलीट माडल मैनेजमेंट से शुरू किया था। इस दौरान उन्होंने कई जानी-मानी हस्तियों के साथ रैंप वाक किया। इसके साथ ही वाणी लगातार फिल्मों में काम पाने की कोशिश करती रहीं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। 2009 में वाणी ने टीवी पर डेब्यू किया। वह सोनी टेलीविजन की सीरीज स्पेशल 10 में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आईं। हालांकि, साल 2013 में फिल्म शुद्ध देसी रोमांस से वाणी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म यशराज बैनर के तहत बनी थी। फिल्म में वाणी की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और इसी किरदार के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवार्ड फार बेस्ट फीमेल डेब्यू से नवाजा गया।

# फराह खान का नाम सुनकर नर्वस हो गई थीं हरनाज संधु



**मुंबई।** मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू का कहना है कि जब उन्हें बताया गया कि फराह खान उनका गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो वह शॉक और नर्वस हो गई थी। मिस यूनिवर्स हरनाज़ संधू फिल्म बागी 4 से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म बागी का दूसरा गाना बहली सोनी रिलीज़ हो चुका है। इस गाने को बादशाह ने गाया है और कोरियोग्राफ फराह खान ने किया है। हरनाज़ का लुक भी इस गाने में जबरदस्त चर्चा बटोर रहा है। हरनाज़ ने कहा, जब मुझे बताया गया कि फराह खान मैम मेरा गाना कोरियोग्राफ करेंगी, तो मैं शॉक और नर्वस दोनों हो गई थी। वह एक संस्था हैं, जिनसे इंडस्ट्री के आइकॉनिक पल जुड़े हैं, लेकिन जैसे ही रिहर्सल शुरू हुई, मेरी टेंशन गायब हो गई। फराह मैम का स्टाइल ही अलग है,वो स्ट्रिक्ट भी हैं और इंस्पायरिग भी। वो आपको आपके बेस्ट तक ले जाती हैं बिना दबाव महसूस कराए। हरनाज ने कहा कि यह सिर्फ डांस स्टेप्स की बात नहीं थी, उन्होंने मुझे कॉन्फिडेंट बनाया और फ्रेम को अपना बनाने का हौसला दिया। ए पूरा एक्सपीरियंस, साजिद नाडियाडवाला सर के विज़न और हर्षा सर की गाइडेंस के साथ, मेरी लाइफ का खज़ाना रहेगा। साजिद नाडियाडवाला की नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म बाग़ी 4 का निर्देशन ए-हर्षा ने किया है। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, हरनाज़ संधू और संजय दत्त नज़र आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं करण

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर निर्मित फिल्म धड़क 2 इस साल प्रदर्शित हुई है। धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका है। करण जौहर फिल्म धड़क 2 को लेकर गर्व महसूस करते हैं। करण जौहर इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट में लिखा, मुझे फिल्म धड़क 2 पर बहुत गर्व है। राइटर, डायरेक्टर शाजिया इकबाल पर गर्व है। जिन्होंने एक पावरफुल फिल्म का रीमेक बनाने जैसा बहादुरी भरा काम किया। मैं धर्मा मूवीज, उमेश जी का भी थैंकफुल हूं। फिल्म की स्टार कास्ट, क्रू का भी मैं बहुत ग्रेटफुल हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी, तृप्ति डिमरी ने बहुत ही मुश्किल किरदार निभाए। यह पूरी स्टार मेरे दिल के बहुत करीब है। उन्होंने फिल्म धड़क 2 से जुड़े हर शख्स को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धन्यवाद किया है। करण जौहर ने लिखा, 'जब मैं 2003 में फिल्म कल हो ना हो के साथ प्रोड्यूसर बना, तो मेरा एजेंडा साफ था कंपनी बनाओ और पैसा कमाओ। जिससे हम इन हाउस एंटरटेनर्स और मेनस्ट्रीम ऑडियंस के हिसाब से कहानियों को फंड कर सकें। एक फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर मैं क्लीयर था कि हमेशा लोगों को खुश करना है। इससे ही बॉक्स ऑफिस की सफलता मिलेगी। मेरी प्राथमिकता हमेशा से बॉक्स ऑफिस था। अब मैं इस बिजनेस में तीन दशक से हूं, ऐसे में मेरी सोच भी बदली है। मेरा मानना है कि एंटरटेनमेंट जरूरी है लेकिन अपने छोटे-छोटे तरीकों से सोशल चेंज लाने की कोशिश भी जरूरी है। जिससे दर्शकों की सामूहिक चेतना जागे।

# सुष्मिता ने शीना की दमदार शुरुआत की तारीफ की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने संत तुकाराम में शीना चौहान की दमदार शुरुआत की तारीफ़ की है। सुष्मिता सेन, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दिनों में शीना चौहान को मेंटर किया था, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर उनकी पहली हिन्दी फिल्म संत तुकाराम के लिए उनकी तारीफ़ की। एक भावुक पोस्ट में, सुष्मिता ने शीना के काम की सराहना की और लिखा, शीना एक शानदार अदाकारा और एक असाधारण इंसान हैं, मुझे आप पर बहुत गर्व है। सुष्मिता सेन ने लिखा, आपकी हमेशा कृतज्ञता और शालीनता दिखाने की क्षमता मुझे आपकी मेंटर होने का सौभाग्य पाकर बहुत गर्वित करती है। हमेशा अपने सफ़र को मेरे साथ साझा करने के लिए धन्यवाद, मैंने भले ही कोई प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन मैंने यह सब बड़े गर्व और खुशी के साथ देखा है। मुझे पता है कि आप लगातार आगे बढ़ती रहेंगी। हर सफलता ईमानदारी से अर्जित और पूरी तरह से हक़दार है। ट्रेलर बहुत पसंद आया, आपको और देखना चाहती थी। मैंने अपना गर्व साझा किया है। मैं आपसे प्यार करती हूं। इस संदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, शीना ने कहा कि मुझे याद है जब मैं पहली बार मुंबई आई थी और सुष्मिता सेन से मिली थी। एक सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मैंने उनसे प्रशिक्षण लिया और एक महीने से ज़्डादा समय तक उनके साथ रही।

# यूजर की सर्जरी की सलाह पर मौनी राय का करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस मौनी राय को अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता है। लेकिन शुक्रवार को उन्होंने अपनी शक्ल-सूरत पर किए गए एक कमेंट का यूजर को करारा जवाब दिया और कहा कि जिंदगी में नफरत की जगह प्यार बांटे। दरअसल, मौनी राय ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसे कुछ लोगों ने पसंद किया तो कुछ ने एक्ट्रेस को फिर से ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, सच कड़वा होता है। चाहे आप कोई भी हों, उसे निगलना ही पड़ता है। आपकी सर्जरी ने आपको बहुत खराब स्थिति में ला दिया है। आप एक पब्लिक फिगर हैं, इसलिए जो भी अच्छा-बुरा इसके साथ आता है, उसे स्वीकार करना ही पड़ेगा। आपको कोई बेहतर सर्जन चुनना चाहिए था। मौनी ने भी उस यूजर्स के कमेंट का करारा जवाब देते हुए लिखा, अपनी जिंदगी में कुछ अच्छा और काम का कीजिए। सोशल मीडिया पर प्यार बांटने और अपने काम की बात करने के लिए आइए। वरना इसका कोई फायदा नहीं है। जिसे समझना है, वो खुद समझ जाएगा। वहीं, एक्ट्रेस के जवाब के बाद यूजर ने अपना कमेंट डिलीट कर दिया। हालांकि, तब तक उस कमेंट और मौनी के जवाब का एक स्क्रीनशाट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर रिएक्ट करते हुए फैंस मौनी की तारीफ कर रहे हैं। मौनी राय हाल ही में जियो हाटस्टार के शो सलाकार में नजर आई हैं। इसमें उन्होंने पाकिस्तान में काम करने वाली एक भारतीय जासूस का किरदार निभाया है।

# सान्या मल्होत्रा का मेंस राइट्स ग्रुप को करारा जवाब



**मुंबई।** एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा हाल में फिल्म मिसेज में नजर आई थीं। इस फिल्म में एक घरेलू महिला की कहानी दिखाई गई थी, जो अपने अधिकारों के लिए लड़ती है। मिसेज के रिलीज के बाद इसे लेकर लोग दो ग्रुप में बंटे दिखे थे।

जहां महिलाएं इस फिल्म को पसंद कर रही थीं, वहां कई पुरुष संगठनों ने इसकी आलोचना की थी। मेंस राइट्स आर्गेनाइजेशन सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन ने फिल्म पर एक तरफा फेमिनिन नैरेटिव दिखाने का आरोप लगाता हुए, इसे टाक्सिक बताया था। हाल ही में सान्या ने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। सीएनएन-न्यूज 18 शी शक्ति 2025 के एक सेशन के दौरान सान्या ने कहा कि लोग फिल्म की आलोचना करते रहे, क्योंकि इसमें कुछ घरों में महिलाओं की स्थिति की वास्तविकता को दिखाया गया है, जहां उन्हें काम करने की भी अनुमति नहीं है। सान्या की फिल्म मिसेज मलयालम फिल्म द ग्रेट इंडियन किचेन की रीमेक थी। सान्या ने कहा, समस्या यह नहीं है कि खाना नहीं बनना चाहती है। वो खाना बना रही थी। वो तो थाली में सजा के भी दे रही है, परिवार के जीरो एप्रिसिएशन के बावजूद।

# काजोल की वेबसीरीज द ट्रायल: प्यार, कानून, धोखा सीज़न 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की आने वाली वेब सीरीज़ द ट्रायल: प्यार, क़ानून, धोखा सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है।

शो में नोयोनिका सेनगुप्ता के रूप में काजोल की वापसी पहले से भी ज्यादा दमदार, गहन और भावनाओं से भरी नज़र आ रही है। उमेश बिष्ट के निर्देशन और बनिजय एशिया के निर्माण में बना यह शो 19 सितम्बर 2025 से जियोहॉटस्टार पर विशेष तौर पर स्ट्रीम होगा। काजोल के साथ इस सीरीज़ में कलाकारों की एक मज़बूत टीम भी नज़र आने वाली है जिसमें जिशु सेन गुप्ता, सोनाली कुलकर्णी, शीबा चड्ढा, अली खान, कुब्रा सैत, गौरव पांडे और करणवीर शर्मा शामिल हैं। काजोल ने अपने किरदार नोयोनिका सेनगुप्ता की वापसी को लेकर कहा, ट्रेलर तो उस भावनात्मक तूफ़ान की बस एक झलक है, जिसमें नोयोनिका उतरने वाली है।

# उफ, ये लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे : आशी सिंह

**मुंबई।** अभिनेती आशी सिंह का कहना है कि सोनी सब के शो उफ यह लव है मुश्किल के आने वाले एपिसोड्स बेहद रोचक होंगे। सोनी सब का लोकप्रिय शो उफ ये लव है मुश्किल अपने उतार-चढ़ाव भरे जज्बाती सफ़र, ड्रामा और युग (शब्बीर आहलूवालिया) एवं कैरी के पेचीदा रिश्ते से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल के एपिसोड्स में दर्शकों ने देखा कि कैरी ने भाइयों का झगड़ा सुलझाया, जिसके बाद सभी ने हर साल की तरह युग के साथ राखी का त्योहार मनाया। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक देखेंगे कि युग और कैरी, आन्या की मां शालिनी को शौर्य और आन्या की शादी के लिए राज़ी करने की कोशिश करते हैं।

बिकाऊ है।
एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।
शीघ्र सम्पर्क करें-
9837333111, 9917200010







